आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

बारिश से फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को दिलाएं...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 28 मार्च, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 164

www.janexpresslive.com/epaper



आयात में विविधता और क्षमता विस्तार... 12

# देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा

## सरकार ने कहा एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा, पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने शुक्रवार को साफ किया है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया है। वहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने भी शुक्रवार को बताया कि देश में लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। सभी रिफाइनरी 100 फीसदी कैपेसिटी से काम कर रही हैं। देश में एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा है। इधर, केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर नजर रखने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रियों की कमेटी का गठन किया है।



### पेट्रोलियम मंत्रालय की 4 बड़ी बातें...

- **कीमतें बढ़ीं, सप्लाई प्रभावित:** पश्चिम एशिया के संघर्ष से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम उत्पाद महंगे हुए, सप्लाई चेन पर असर पड़ा।
- **भारत के पास पर्याप्त स्टॉक:** देश में अगले 2 महीनों के लिए कच्चा तेल उपलब्ध है। एलपीजी, एलएनजी और पीएनजी की सप्लाई भी पहले की तरह जारी है।
- **रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गई:** सरकार ने पहले कॉमर्शियल सप्लाई घटाई, फिर धीरे-धीरे बढ़ाकर अब 70% तक कर दी। 14 मार्च से अब तक 30,000 टन एलपीजी सप्लाई की गई। रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गई है।
- **अफवाहों से पंपों पर भीड़:** कुछ जगहों पर लंबी कतारें दिखीं, लेकिन सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल-डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है।

### तेल कंपनियों को सरकार ने दी बड़ी राहत

यह कदम पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों से जूझ रही तेल विपणन कंपनियों, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी, को राहत देने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि सरकार ने इस संकट के बावजूद अभी तक पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखे हैं, जिससे देश में ईंधन विपणन कंपनियां दबाव में थीं।

### क्या पेट्रोल-डीजल सस्ते होंगे?

सरकार की ओर से पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के बाद अब बड़ा सवाल है कि क्या दोनों ईंधन की कीमत भी कम होगी? दरअसल आम उपभोक्ताओं के लिए यह खबर उतनी राहत भरी नहीं हो सकती जितनी दिख रही है। सूत्रों के मुताबिक, पंप पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आने की संभावना कम है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नीचे आना शुरू हुई हैं। पश्चिम एशिया के संघर्ष को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयानों ने बाजार की चिंताएं कम की हैं। शुक्रवार को सुबह 9 बजे ब्रेंट क्रूड 1 फीसदी से ज्यादा गिरकर करीब 107 रुपये प्रति बैरल पर था। वहीं अमेरिकी तेल में भी करीब 1 फीसदी की गिरावट आई है। इस गिरावट के साथ यह 93.60 रुपये प्रति बैरल पर है।

### लॉकडाउन की बात पर राहुल-खड़गे का बयान

- **राहुल गांधी:** मोदी जी ने कह दिया कि कोविड जैसा समय आने वाला है। कोविड में जो किया था वो भूल गए कि कितने लोग मरे थे। कैसी दुखद स्थिति हुई थी।
- **मल्लिकार्जुन खड़गे:** कोविड के दौरान हुई दुखद पीड़ा को नहीं भूला जा सकता। ऐसे में पीएम क्या 140 करोड़ भारतीयों को एक बार फिर खुद ही ऊर्जा संकट के साथ-साथ भोजन, उर्वरक और महंगाई के बढ़ते दबाव जैसे संकट का सामना करने के लिए कह रहे हैं।

### सरकार के 3 मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को नकारा...

लॉकडाउन की अफवाहें प्रधानमंत्री मोदी के 4 दिन पहले संसद में दिए गए बयान के बाद शुरू हुईं। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। शुक्रवार को सरकार के तीन मंत्रियों ने इसे नकारा...

- **संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू:** लॉकडाउन की अफवाह कौन उड़ा रहा है। पीएम ने साफ तौर पर कहा था कि पैनिक नहीं होना है। आम लोगों को तकलीफ न हो इसके लिए टॉप लेवल से लेकर नीचे लेवल तक, यहां तक कि पीएम खुद मॉनीटर कर रहे हैं।
- **पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी:** लॉकडाउन को लेकर फैल रही अफवाहें पूरी तरह गलत हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकार के स्तर पर ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। ऐसे समय में जरूरी है कि हम सभी शांत, जिम्मेदार और एकजुट रहें।
- **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण:** मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोविड के दौरान जैसा लॉकडाउन हमने देखा, वैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा। मुझे हैरानी है कि कुछ नेता कह रहे हैं कि लॉकडाउन होगा और फ्यूल की कमी होगी। ये बेबुनियाद बातें हैं।

### वित्त मंत्री बोलीं, एक्साइज ड्यूटी कटौती उपभोक्ताओं को राहत देने का कदम

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस कदम का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों से उपभोक्ताओं को बचाना है। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बावजूद आम जनता पर इसका बोझ न पड़े।

### इनडायरेक्ट टैक्स है एक्साइज ड्यूटी

यह एक तरह का इनडायरेक्ट टैक्स है, जो देश के भीतर मैन्युफैक्चर होने वाले सामान पर लगाया जाता है। पेट्रोल-डीजल के मामले में, जब कच्चा तेल रिफाइनरी से साफ होकर बाहर निकलता है, तब केंद्र सरकार उस पर प्रति लीटर के हिसाब से फिक्स्ड एक्साइज ड्यूटी वसूलती है। चूंकि एक्साइज ड्यूटी फिक्स होती है, इसलिए सरकार इसमें कटौती करके आम जनता को राहत दे सकती है या इसे बढ़ाकर अपना रेवेन्यू बढ़ाती है। मौजूदा कटौती से सरकार का राजस्व कम होगा, लेकिन तेल कंपनियों को घाटा कम करने में मदद मिलेगी।

### सरकार ने रक्षा मंत्री राजनाथ की अध्यक्षता में बनाई समिति

ईरान-इस्राइल के बीच जंग जारी है। इसी बीच सरकार ने पश्चिम एशिया विवाद से पैदा होने वाले मामलों पर नजर रखने के लिए इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप की अगुवाई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कर रहे हैं। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ दूसरे मंत्री भी सदस्य हैं। इस समिति के गठन से पहले संसद में पश्चिम एशिया संकट पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने एक इंटर मिनिस्ट्रियल ग्रुप भी बनाया है, यह ग्रुप नियमित मिलता है और हमारे इंपोर्ट एक्सपोर्ट में आने वाली हर दिक्कत का आकलन करता है और यह ग्रुप आवश्यक समाधान पर भी निरंतर काम करता रहा है।

### केंद्र ने कॉमर्शियल एलपीजी कोटा 50% से बढ़ाकर 70% किया

केंद्र सरकार ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को एक बार फिर एलपीजी सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। सरकार ने शुक्रवार (27 मार्च) को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के एलोकेशन यानी कोटा को 50% से बढ़ाकर 70% कर दिया है। इस फैसले का सबसे ज्यादा फायदा उन उद्योगों को मिलेगा जो पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर हैं। सरकार ने साफ किया है कि स्टील, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और केमिकल जैसे ज्यादा लेबर वाले सेक्टर को प्राथमिकता दी जाएगी। मिडल ईस्ट में चल रहे संघर्ष की वजह से भारत में एलपीजी की सप्लाई चेन प्रभावित हुई थी। इससे निपटने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए सप्लाई बढ़ाने के लिए यह आदेश जारी किया है। पहले यह कोटा केवल 50% था, जिसे अब बढ़ाकर प्री-क्राइसिस लेवल के 70% तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### ईरान-अमेरिका और इजराइल जंग से गैस की कमी

ईरान पर 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर हमला किया। दोनों देशों ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों, मिसाइल साइटों और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत कई बड़े अधिकारी मारे गए। इस अभियान को अमेरिका ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम दिया। इस युद्ध के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव बढ़ गया और सप्लाई प्रभावित हुई। यही रास्ता भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि देश का करीब 80-85% एलपीजी यहीं से आता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है और 60% से ज्यादा गैस बाहर से मंगाता है। इसी वजह से देश में एलपीजी की कमी जैसी स्थिति बनी।

### भारत के पास कितने दिन का कच्चा तेल?

भारत ने अगले 60 दिन के लिए अन्य स्रोतों से पर्याप्त कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित कर ली है. पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि देश भर के सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त भंडार है और वे सामान्य रूप से काम कर रहे हैं. पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं की जा रही है. बयान के अनुसार, विशेषकर छोटे शहरों में कुछ पेट्रोल पंप को पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा 'कैश-एंड-कैरी' यानी नकद भुगतान प्रणाली लागू किए जाने के बाद ईंधन की आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. देशभर में पेट्रोल और डीजल की मांग में हाल के दिनों में अचानक वृद्धि देखी जा रही है. पिछले दो दिनों में बिक्री में अखिल भारतीय स्तर पर 15% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुछ स्थानों पर यह औसत दैनिक बिक्री की तुलना में 50% से अधिक तक पहुंची है।

# श्रद्धालुओं की भरी पिकप सड़क किनारे खड़े ट्राला से टकराई, आठ की मौत, 17 घायल



**जन एक्सप्रेस । कौशांबी**

कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन बच्चे, तीन महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया।

### हादसे के बाद बाधित हो गया आवागमन

हादसे बाद मौके पर चीख पुकार मची रही। क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया गया। घटना के बाद हाईवे पर आवागमन अवरुद्ध हो गया।

### घटना के बाद जुटी भीड़

हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई थानों की पुलिस और तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

### घटना के बाद मची रही चीख पुकार

घटना के बाद चीख पुकार मची रही। सड़क पर घायल तड़पते रहे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल भेजवाया।

### सड़क पर पड़े रहे घायल

हादसे से बाद बड़ी संख्या में घायल सड़क पर पड़े रहे। इसके चलते काफी देर तक हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।

### मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

हादसे के बाद तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

घटना दोपहर बाद करीब पौने चार बजे हुई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर घायलों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजने के लिए चार एंबुलेंस लगाई गई। घायलों को अस्पताल ले जाते समय सात लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। हादसे के कारण कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रामनवमी पर झूमी अयोध्या: साधु-संतों ने की पुष्पवर्षा, गूंजे बधाई गीत, लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई डुबकी



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को रामनवमी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह 9 बजे तक करीब 10 श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर लिया। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। इस वर्ष पिछले साल से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। प्रशासन ने पहले से ही पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की है। सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी ग्राउंड जीरो पर मौजूद रहे। कमिश्नर राजेश कुमार, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। उधर, रामलला के जन्म के शुभ अवसर पर भए प्रकट कृपाला दीनदयाला की स्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कनक भवन और हनुमानगढ़ी में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते और नाचते नजर आए। रामभक्तों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर मौसम ने भी करवट ली। सुबह तक जहां हल्की बारिश और ठंडक के कारण मौसम सख्त बना रहा। रामभक्तों ने पूरे उत्साह और हर्ष के साथ अपने रामलला का जन्मोत्सव मनाया। इस पावन अवसर पर मौसम ने भी करवट बदली। सुबह तक जहां हल्की बारिश और ठंडक के कारण मौसम सख्त बना रहा।

### साधु-संतों ने की पुष्पवर्षा, गूंजे बधाई गीत

भगवान श्रीराम के जन्म होते ही पूरे अयोध्या में भक्ति और उल्लास का वातावरण छा गया। इस दौरान साधु-संतों ने राम पथ से राम जन्मभूमि पथ होते हुए श्रीराम मंदिर की ओर जा रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। जगह-जगह संतों द्वारा बधाई गीत गाए गए। इससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु जय श्रीराम के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे और इस अद्भुत दृश्य का आनंद लेते नजर आए। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आयोजन भी किए गए।

### राम मंदिर के सूर्य तिलक समारोह में वर्चुअली शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी, हाथ जोड़कर किया नमन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान राम की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर में सूर्य तिलक समारोह में वर्चुअल रूप से भाग लिया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक चला। विशेष बात यह रही कि तिलक ठीक उसी समय हुआ, जो समय भगवान राम के जन्म का क्षण माना जाता है। इस बार रामनवमी पर रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग का विशेष संयोग भी बन रहा है। इससे इस आयोजन का धार्मिक महत्व और बढ़ गया। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का अभिषेक, श्रृंगार और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण भी किया गया। देश-विदेश के श्रद्धालु इस दिव्य क्षण के साक्षी बनें।

#### पीएम मोदी ने किया यह पोस्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें उन्होंने लिखा, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो।

# यूपी सरकार ने पुच एआई का 25 हजार करोड़ का एमओयू किया रद्द, विश्वसनीय नहीं मिले वित्तीय स्रोत

- यह निर्णय विस्तृत समीक्षा और निर्धारित मानकों पर खरा न उतरने के चलते लिया गया है
- कहा गया कि राज्य सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत एमओयू की समीक्षा की गई थी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निवेश के बड़े दावे करने वाली पुच एआई कंपनी के साथ 23 मार्च 2026 को साइन हुए एमओयू को उत्तर प्रदेश सरकार ने रद्द कर दिया है। इन्वेस्ट यूपी द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह निर्णय विस्तृत समीक्षा और निर्धारित मानकों पर खरा न उतरने के चलते लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि एमओयू रद्द होने के साथ ही अब दोनों पक्षों के बीच किसी प्रकार के अधिकार या दायित्व शेष नहीं रहेंगे। बयान में कहा गया कि राज्य सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत एमओयू की समीक्षा की गई थी। इस दौरान निवेशक से आवश्यक दस्तावेज और सूचनाएं मांगी गई, लेकिन कंपनी समय पर इन्हें उपलब्ध नहीं करा सकी। आगे की ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया में यह भी सामने आया कि प्रस्तावित परियोजना के अनुरूप कंपनी की नेटवर्थ पर्याप्त नहीं थी और उसके वित्तीय स्रोत भी विश्वसनीय नहीं पाए गए।



### वित्तीय क्षमताओं से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए

गौरतलब है कि इस मामले को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके थे। विपक्ष ने 25 हजार करोड़ के इस प्रस्तावित निवेश पर गंभीर आपत्तियां जताई थीं। कंपनी की साख को लेकर सरकार को घेरा था। इससे पहले प्रकाशित खबरों में भी यह सामने आया था कि पुच एआई ने अब तक अपने निवेश और वित्तीय क्षमताओं से जुड़े ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे। इसके चलते इन्वेस्ट यूपी ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा था। सरकार के निर्देश पर की गई गहन जांच के बाद यह साफ हो गया कि परियोजना के पैमाने के अनुरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत नहीं है। इसके बाद एमओयू को निरस्त करने का फैसला लिया गया।

### इन्वेस्ट यूपी ने कही ये बात

सरकार ने अपने बयान में कहा कि यह कदम पारदर्शिता और सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। इन्वेस्ट यूपी ने यह भी दोहराया कि राज्य में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा, लेकिन केवल उन्हीं परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा जो सभी मानकों पर खरी उतरें और जिनकी वित्तीय विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। इस पूरे घटनाक्रम को निवेश नीतियों में सख्ती और जवाबदेही के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ताकि, भविष्य में केवल गंभीर और सक्षम निवेशकों को ही प्राथमिकता मिलने की संभावना है।

## अभी खत्म नहीं हुई शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें, हाईकोर्ट के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में दी गई चुनौती


**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उच्च न्यायालय ने स्वामी के खिलाफ आरोपों की गंभीरता पर पर्याप्त विचार नहीं किया। याचिका में यह भी कहा गया है कि सरस्वती मामले के गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को अग्रिम जमानत दी थी। न्यायालय ने जोर दिया था कि जांच बाहरी प्रभाव के बिना आगे बढ़नी चाहिए। 27 फरवरी को, उच्च न्यायालय ने सरस्वती की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

# सरकार ने किए 858 करोड़ के दो बड़े रक्षा सौदे, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का मिसाइल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने अपनी सैन्य शक्ति और समुद्री निगरानी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन दोनों समझौतों की कुल कीमत 858 करोड़ रुपये है। ये सौदे थल सेना और नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए किए गए हैं। इन समझौतों के जरिए भारत न केवल आधुनिक तकनीक हासिल करेगा बल्कि पुरानी प्रणालियों के रख-रखाव को भी बेहतर बनाएगा।



### सेना के लिए रूस से एयर डिफेंस सिस्टम

रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि रूस की सरकारी एजेंसी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये का करार हुआ है। इसके तहत भारतीय सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदा जाएगा। यह आधुनिक सिस्टम दुश्मन के विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराने में सक्षम है। इस समझौते से भारत-रूस के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को भी बल मिलेगा।

### नौसेना के पी-8आई विमानों का होगा रखरखाव

मंत्रालय ने दूसरा समझौता बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया है। यह सौदा 413 करोड़ रुपये का है। इस करार का मुख्य मकसद भारतीय नौसेना के पी8आई (क्8द्ध) लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमानों का मेंटेनेंस यानी रखरखाव करना है। यह समझौता बाई इंडियन श्रेणी के तहत किया गया है। इसके तहत विमानों की मरम्मत का काम स्वदेशी तकनीक और सुविधाओं के जरिए भारत में ही पूरा किया जाएगा। बोइंग पी8आई विमान भारतीय नौसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह एक मल्टी रोल विमान है जिसका इस्तेमाल पनडुब्बी रोधी युद्ध और समुद्री निगरानी के लिए किया जाता है। हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी रखने के लिए यह विमान नौसेना का मुख्य हथियार है। फिलहाल भारतीय नौसेना के पास ऐसे 12 विमान मौजूद हैं। इस समझौते के बाद इन विमानों की कार्यक्षमता और बढ़ जाएगी जिससे समुद्री सीमाओं पर नजर रखना आसान होगा।

# भगवा ध्वजों से पटा रहा पूरा शहर, गली और मोहल्ले

- गाजे-बाजे और धूमधाम के साथ निकली भगवान श्री राम की शोभायात्रा
- जगह-जगह पर शोभयात्रा को रोककर की गई पुष्प वर्षा, गूंजा जय श्री राम का नारा



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

शुक्रवार को रामनवमी पर्व के मौके पर रामभक्तों का जोश देखते ही बना।कई दिनों पहले से रामनवमी पर्व की तैयारियां की गई थीं।जब मौका आया तो रामभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा।जहां तक नजर गई,वहां तक सिर्फ भगवाध्वज और रामभक्त ही नजर आ रहे थे।शहर के साथ ही पूरे जिले में रामभक्तों ने भगवान राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। गाजे-बाजे और धूमधड़ाके के साथ शहर और जिले में शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में युवाओं का जोश देखने लायक था।समूचा शहर भगवा रंग के झंडों से पाट दिया गया और भक्तों की भगवा वेशभूषा माहौल में चार चांद लगा रही थी।कई रामभक्तों ने अपने चेहरे भी भगवा रंग से पेंट करा रखे थे।रामभक्तों की टोली के बीच भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने पगड़ी बांधकर जुलूस में प्रतिभाग किया और नारीशक्ति का प्रदर्शन किया।वहीं युवाशक्ति भगवा पताका व गदा-तलवार लहराकर जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे।डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर रामभक्त देर तक थिरकते रहे।शहर के बाबूलाल चौराहे में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने अपने समर्थकों के साथ राम भक्तों का आगे बढ़कर स्वागत और अभिनंदन कर उनका उत्साह बढ़ाया।श्रीराम नवमी केंद्रीय कमेटी के साथ ही वार्ड स्तर से रामभक्तों ने भव्य झांकियां सजाकर विशाल शोभा यात्रा निकाली।दोपहर 4 बजे के बाद से शुरू हुई शोभायात्रा में एक-एक कर झांकियां महेश्वरी देवी चौक होते हुए रामलीला मैदान में एकत्र हुईं और फिर झांकियों का एक विशाल जुलूस आगे बढ़ा।झांकियों के साथ युवाओं की बाइकें भगवा लहराते हुए ऐसे चल रही थीं,जैसे श्रीराम की वानर सेना रावण की सोने की लंका पर फतेह हासिल करने निकल पड़ी हो। वहीं शोभा यात्रा में नारीशक्ति का भी प्रदर्शन देखने को मिला। अखंड हिंद फौज की सेना में शामिल बालिकाएं नारी शक्ति का नमूना पेश कर रही थी।जबकि हाथों तलवार और फरसा लहराते रामभक्त पूरे जोश में जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे।शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर बाकरगंज,स्टेशन रोड, बाबूलाल चौराहा,जिला परिषद, कैथी बाजार,चौक बाजार होते हुए महेश्वरी देवी चौक से गुजरी। अधिकांश कमेटियों की ओर से भगवान श्रीराम की झांकियां सजाई गई थीं।व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जगह-जगह रोककर झांकियों में पुष्पवर्षा की गई और आरती उतारी गई। साथ ही रामभक्तों के जलपान का भी जगह जगह प्रबंध किया गया था। शोभा यात्रा में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने भी अपनी टोली के साथ शिरकत की और जयश्रीराम का ध्वज लहरा कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र धुरिया शंभू,संयोजक अमित सेठ भोलू,भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत,सुरेश तिवारी सुल्ली महराज समेत रामभक्तों की टोली ने पूरे जुलूस की अगुवाई की।वहीं शहर के अयोध्यावासी वैश्य श्रीरामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां महिलाओं ने मंगलगीत व सोहर गाकर भगवान के जन्म की खुशियां मनाई और प्रसाद का वितरण किया। रामनवमी के दौरान शहर में निकली शोभायात्रा में ज्यादातर झांकियों के साथ चल रहे डीजे में यही गीत बजते नजर आए। गीत ने रामभक्तों के उत्साह को दोगुना करने का काम किया। रामभक्त इस गीत पर खूब थिरकते रहे। वहीं कुछ वर्षो से डीजे मिक्स नया भजन 'श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' रामभक्तों में ऐसा जोश भर रहा था कि रामभक्त अपनी जगह पर खडे खडे उछल जाते थे। साथ ही जयश्रीराम के उद्घोष वाले डीजे मिक्स ने भी खूब धूम मचाई। कुल मिलाकर समूचा शहर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में शामिल हजारों भक्तों का स्वागत करने के लिए सभी वर्गों के लोगों ने जगह-जगह पर तकरीबन एक सैकड़ा पंडाल लगाए। वहीं शोभा यात्रा के स्वागत में मुस्लिम समुदाय के लोग भी पीछे नहीं रहे। कई जगह समाज के लोगों ने पंडाल लगाकर राम भक्तों की टोली का स्वागत किया। कहीं पर पूड़ी और सब्जी का वितरण किया गया तो कहीं पर फल, कहीं पर खीर और कहीं पर हलुवा का वितरण किया गया। ठंडा पेय और शर्बत का वितरण करते हुए शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों के सूखते गले को तर करने की जबरदस्त व्यवस्था रही। रामभक्तों के स्वागत के लिए शहर के रामलीला मैदान में व्यापारियों ने ठंडई व हलुवा और बोड़े हलवाई की ओर से नवीन प्रकाश बोड़े ने पानी का पंडाल लगाया। वहीं स्टेशन रोड और छोटी बाजार में बासू मिष्ठान भंडार की ओर से भक्तों को जलपान की व्यवस्था की गई। ऐसे ही गुरहा कुआं में पंडित जी जूता वाले रमेश त्रिपाठी व समर्थकों की ओर से रामभक्तों पर पुष्पवर्षा की गई और मंच सजाकर सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। पुष्पवर्षा में रामभक्तों पर कुंतलों गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां उड़ाई गईं। व्यापार मंडल व सर्राफा एसोसिएशन ने भी चौक बाजार में पंडाल लगाकर रामभक्तों का स्वागत करने के साथ ही जलपान कराया और राम के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। रामभक्तों को भरपूर जलपान कराया गया।चैत्र नवरात्रि की नवमी के दिन श्रद्धालु भक्त मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान के साथ जगत जननी मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चन किया। नवरात्रि के अंतिम दिन घरों से लेकर मंदिरों में कन्या भोज अनुष्ठान हवन पूजन जोरो के साथ चलता रहा। साथ ही अंतिम दिन माता के भक्तों द्वारा बोए गए जवारे गाजे-बाजे के साथ गांव की गलियारों में निकाले गए। जगह जगह भक्तों ने पूजा अर्चन किया। चौत्र नवरात्रि पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा भक्ति के बीच मनाई गई। बुधवार को नवमी के दिन भोर पहर से श्रद्धालु भक्त मंदिरों में पहुंचकर मां सिद्धिदात्री की विधिवत तरीके से हवन पूजन किया अंतिम दिन जवारे गाजे-बाजे के साथ गांव की गलियारों निकाले गए जगह जगह श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अर्चन किया इसी प्रकार घरों से लेकर मंदिरों में कन्या भोज कराने का सिलसिला जोरो के साथ चलता रहा फकीरबाबा स्थिति हनुमान मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टमी के दिन संत जहाज सिंह द्वारा कन्या भोज कराया गया जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं से लेकर श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।इसी प्रकार भक्तों ने नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया चौत्र नवरात्र के अंतिम दिन गाजे-बाजे के साथ जवारे निकालकर तालाबों में विसर्जन किया गया।

# भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीन का बकेट सर में टकराने से मोरम लोडिंग कर्मी की दर्दनाक मौत

- चिकासी के मोरम खण्ड- 24/15- रकदंतिका कन्सट्रकशन में कर्मियों की सुरक्षा के नहीं थे पुख्ता इंतजाम, सुरक्षा चूक से हुआ दर्दनाक हादसा



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

चिकासी थाना क्षेत्र स्थित मोरम खण्ड-- 24/15, पट्टाधारक मां रकदंतिका कंस्ट्रक्शन में ट्रकों में मोरम की लोडिंग करने वाले युवक की उस वक्त मौत हो गई, जब वो बेतवा नदी के मोरम खण्ड 24/15 में मोरम लेने आये ट्रक में भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीन से मोरम की लोडिंग करवाने का काम कर रहा था। इसी बीच पोकलैण्ड मशीन का भारी भरकम बकेट मशीन चालक की लापरवाही और पट्टाधारक के खण्ड में सुरक्षा के पुख्ता उपाय न किये जाने के चलते युवक के सर से टकरा गया, जिसके बाद कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरसेंडा निवासी 30 वर्षीय भारत सिंह पुत्र स्व0 हाकिम सिंह बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिये उरई मैडिकल कालेज ले जाया गया, जहाँ डाक्टरों ने युवक को देखने के बाद बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। वही चिकासी पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि 27 मार्च को जानकारी मिली थी कि, खण्ड संख्या 24/15 में ट्रकों में लोडिंग का काम करने वाला भारत सिंह रात में काम करने के बाद वही पर सो गया था, जबकि लोडिंग के दौरान पोकलैण्ड मशीन की बकेट उसके सर से टकरा गई,जिसके बाद युवक बुरी तरह जख्मी हो गया, खण्ड में मौजूद लोग उसे फौरन इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज उरई ले गये, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक के परिवार वालों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# प्रशासन की गाइड लाईन के अनुसार बांटे गये गैस सिलेण्डर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आराधना गैस सर्विस के संचालक आराधना शर्मा और रामेंद्र शर्मा ने जिला प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार गैस वितरण के समय मौके पर पुलिस बल की मौजूदगी में शुक्रवार को 720 सिलेंडरों का वितरण किया। जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई।बताते चलें कि ईरान-अमेरिक-इजराइल युद्ध के चलते पूरे विश्व में गैस और तेल का संकट गहरा गया है।वहीं आयुक्त के द्वारा एजेंसी संचालकों को गाइड लाईन के अनुसार गैस सिलेण्डरों के वितरण के निर्देश दिए गये थे। जिससे उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।इसी कड़ी में एजेंसी संचालक के द्वारा शुक्रवार को गाइड लाईन के अनुसार अपनी मौजूदगी में गैस सिलेण्डरों का वितरण किया गया।

# गैस की किल्लत, ऑनलाइन बुकिंग ठप, उपभोक्ता परेशान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस की किल्लत बनी हुई है। उपभोक्ताओं को 10 दिन से गैस नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग में भी समस्या आ रही है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पश्चिमी एशिया में छिड़ी जंग से देश में गैस आपूर्ति प्रभावित है। जिस कारण एलपीजी उपभोक्ताओं को सिलिंडर मिल नहीं पा रहे हैं। व्यावसायिक सिलिंडरों की डिलीवरी पूरी बंद है। इनकी कमी से छोटे और बड़े होटल, रेस्टोरेंट बंदी की कगार पर पहुंच गए हैं। घरेलू गैस सिलिंडरों की आपूर्ति हो रही है। मगर इन्हें यह सिलिंडर बुकिंग पर मिल रहे हैं, वो भी ऑनलाइन बुकिंग के आठ से 10 दिन बाद। सोनेपुर के राजकरन और खोह गांव के अमित कुमार ने बताया कि ऑनलाइन गैस बुकिंग नहीं हो रही है। शहर बाजार निवासी राजन सोनी को केवाईसी कराने के बाद बुकिंग करने को कहा गया था, लेकिन समस्या बनी हुई है।

उधर, इंडियन गैस एजेंसी के प्रबंधक रविकुमार ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग में अब कोई समस्या नहीं है। उन्होंने उन उपभोक्ताओं को एजेंसी में संपर्क करने को कहा, जिन्हें अभी भी परेशानी हो रही है। प्रबंधक ने लोगों को केवाईसी कराने की सलाह दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैस की किल्लत धीरे-धीरे कम हो रही है और आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

## 10 दिन पहले बुक किया था

शंकर बाजार अजय सिंह ने बताया कि उन्होंने 10 दिन पहले घरेलू गैस की बुकिंग कराया था। आज तक गैस घर तक नहीं पहुंची। एजेंसी में पता करने पर आश्वासन दिया जा रहा है कि एक दो से तीन में गैस मिल जाएगी।

# अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है,अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम महोखर के रहने वाले एक विपिन नामक एक युवक का अवैध तमंचे से साथ एक वीडियो वायरल हुआ था,जिसको थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा संज्ञान में लेते हुए अभियुक्त को उसके घर के गिरफ्तार किया गया तथा कड़ाई से पूछताछ करते हुए उसकी निशादेही पर उसके अर्धनिर्मित मकान से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया।बता दें कि अभियुक्त ने वर्ष 2023 में अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या की थी।जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और वर्तमान में वह जमानत पर बाहर था।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विपिन पुत्र शत्रुघन निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात।



# खदान संचालक से रंगदारी मांगने पर सात नाम सहित व चार अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पैलानी थाना क्षेत्र के सांड़ी खण्ड एक खदान के संचालक ने सात लोगों व चार अज्ञात के खिलाफ 25 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। खदान संचालक ने थाना पैलानी में दी गयी तहरीर में बताया कि अंकित सिंह निवासी गाजियाबाद ने बताया कि मैं सांड़ी खदान संख्या एक में सरकार द्वारा स्वीकृत पट्टे के आधार पर उक्त खदान का संचालन कर रहा हूं।15 मार्च को शाम 06-30 बजे मोहित शुक्ला उर्फ छोटा शुक्ला, राहुल सिंह,मधुराज वर्मा,रूद्रप्रताप सिंह उर्फ सोनू तथा चार अन्य नाम, पता अज्ञात लोग योजनाबद्ध तरीके से शोभित सिंह,महेश द्विवेदी निवासीगण खप्टिहाकलां व जवाहरलाल तिवारी निवासी पलरा से सलाह मशविरा करके खदान के रास्ते में गौशाला के पास अवैध असलहों के साथ पहुंचे और असलहा तानते हुये मौत का भय अंग भंग करने की धमकी देकर 25 लाख रूपये की रंगदारी मांगी और छह ट्रक बालू प्रतिदिन अवैध तरीके से जब तक खदान चलेगी तब देने के लिए रंगदारी मांगी है।मैंने अपनी जान बचाने के लिए दो लाख रूपये उक्त लोगों को दे दिया।इससे संतुष्ट होकर विपक्षियों द्वारा जल्द ही पूरा पैसा अदा करने को कहा है।मैं किसी तरह से पैसा देकर निकल पाया। इसमें मोहित शुक्ला व राहुल सिंह क्रिमिनल हैं।इनके खिलाफ कई मुकदमें दर्ज हैं जो अभी जमानत पर हैं।ये सभी लोग महेश द्विवेदी के साथ गैंग बनाकर अलग-अलग समय पर अलग-अलग तरीके से रंगदारी की मांग करते रहे हैं।वहीं महेश प्रसाद द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में बताया कि मुझे बदनाम एवं प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से मनगढ़ंत कूटरचित एवं गांवदारी के चलते मेरे गांव के ही पंकज चतुर्वेदी व अन्य अज्ञात लोगों ने गाजियाबाद निवासी अंकित सिंह द्वारा खदान संचालित करने के लिए रंगदारी का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि मैं अंकित सिंह को न जानता हूं और न पहचानता हूं। झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाले अंकित और खप्टिहाकलां निवासी पंकज चतुर्वेदी व अन्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाये। पत्रकार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# योगी सरकार ने जनपद को दी सौगात

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

- जिले में बिछाया 91 नए पंचायत भवनों और 187 आंगनवाड़ी केंद्रों का जाल
- 187 नए आंगनवाड़ी केंद्रों से अब सुधरेगा बच्चों का भविष्य, 29 नए केंद्रों को मिली मंजूरी

प्रदेश की योगी सरकार गावों के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जिले को विकास का रोल मॉडल बनाने की दिशा में प्रशासन ने अब कमर कस ली है। सरकार ने जिले में 91 नए पंचायत घरों और 187 आंगनबाड़ी केंद्रो को बनवाया है। जिससे न केवल गांवों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। बल्कि सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी।

पहले जहां पंचायत घरों (सचिवालय) में सामान्य व्यवस्थाएं होती थी। तो वहीं जिले में 91 नए पंचायत घरों के निर्माण से ग्रामीण सचिवालयों के प्रति जो अवधारणा है वह बदलेगी। इन भवनों के माध्यम से ग्रामीणों को आय,जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसी जरूरी डिजिटल सेवाओं के लिए अब शहर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और गांव के विकास की कार्ययोजनाएं स्थानीय स्तर पर ही तेजी से क्रियान्वित की जा सकेंगी। जिसको लेकर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।मासूम बच्चों के बेहतर पोषण और उनकी प्राथमिक शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए जिले भर में 187 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का जाल बिछाया जा रहा है। जरूरी बात यह है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी 29 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को शासन से हरी झंडी मिल गई है।जिनके बन जाने के बाद कुपोषण के खिलाफ लड़ाई और भी बेहतर तरह से लदी जा सकेगी।वहीं यहां पर बच्चों को खेल के साथ उनको अच्छे माहौल में प्रारंभिक शिक्षा भी दी जाएगी। निर्माण कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शासन ने क्षेत्र पंचायतों को कार्यदायी संस्था नामित किया है।वहीं विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से निर्धारित धनराशि सीधे कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कर दी गई है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चल रहे इन प्रोजेक्ट्स का मुख्य उद्देश्य समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित करना है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप की क्लीनिक में मारा छापा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




मुख्य चिकित्सा अधिकारी ब्रिजेंद्र सिंह ने पैलानी तहसील क्षेत्र के खप्टिहाकला में झोलाछाप डॉक्टरों की नकेल कसने के लिए दो सदस्यीय टीम भेजी थी जैसे ही टीम खप्टिहाकला में पहुंची वहां करीब आधा दर्जन निजी अस्पतालों में काम कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया आनन फानन में डॉक्टरों की टीम देखकर झोलाछाप डॉक्टरों ने अस्पताल की शटर गिरा कर भाग खड़े हुए वहीं दो सदस्यीय स्वास्थ्य विभाग की टीम रपरा गंज मोहल्ले पहुंची जहां पर पंकज चतुर्वेदी नही मिले वहीं घर में चला रहे अस्पताल पर छापा मारा और छापे के दौरान मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पंजीकरण न पाया जाना,बिना किसी चिकित्सीय योग्यता के चिकित्सीय व्यवसाय किया जाना,निरीक्षण के समय क्लीनिक चिकित्सा संस्थान पैथोलॉजी लैब पर कोई भी योग्य चिकित्सक उपलब्ध ना पाया जाना,एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा व्यवसाय किया जाना,मानक विहीन अस्पताल संचालित करना,अग्निशमन प्रमाण पत्र एवं बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का प्रमाण पत्र उपलब्ध न करा पाना, मानक के अनुरूप चिकित्सीय पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ का न पाया जाना आदि शर्तों के उल्लंघन पर दरवाजे पर नोटिस चश्पा कर तीन दिन के अंदर चिकित्सा व्यवसाय से संबंधित शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र,भारतीय चिकित्सा परिषद लखनऊ का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र,मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त पंजीकरण प्रमाण पत्र कार्यालय में उपस्थित कराया जाने को लेकर संबंधित नोटिस में निर्देश दिए गए हैं वही ऐसा ना पाए जाने पर इंडियन मेडिकल कॉउंसिल एक्ट की 1956 की धारा 15( 3) भारतीय दंड संहिता की धारा 319(2) एवं 318 ( 3) पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सीएमओ ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि पैलानी तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी और शर्तों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आर्म्स एक्ट के दोषी को छह माह की सजा, 2000 रुपये जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिशा भूषण ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी मनीष त्रिपाठी को छह माह की सजा दी। साथ ही उस पर 2000 रुपये जुर्माना भी लगाया। राजापुर थाना क्षेत्र के खटवारा निवासी मनीष त्रिपाठी के खिलाफ वर्ष 2005 में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले की विवेचना कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने पक्ष व विपक्ष दोनों की दलीलें सुनीं। बयान व साक्ष्य के आधार पर उन्होंने आरोपी को दोषी ठहराया। बृहस्पतिवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिशा भूषण ने दोषी मनीष को सजा सुनाई।

# भाग रहे चोर को,चोरी के माल के साथ पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने माल के साथ एक चोर को पकड़ा है।वहीं उसके सहयोगी की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। नरैनी सीओ कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि थाना कालिंजर क्षेत्र के ग्राम रेहुँची के रहने वाले पवन कुमार राजपूत के घर में 25 मार्च की रात उसके घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा घर में रखे सोने/चांदी के आभूषण चोरी कर ली गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विजय उर्फ धमकू पुत्र देशराज निवासी ग्राम रेहुंची थाना कालिंजर को खोरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद हुए है। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार किया। कहा कि अन्य अभियुक्त के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। जल्द ही उसे भी पकड़ा जायेगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार,आरक्षी यादवेंद्र सिंह,अंकित मलिक शामिल रहे।

# भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में आयोजित हुआ अंक पत्र वितरण कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

द्वि-दिवसीय अंकपत्र वितरण एवं पुरस्कार समारोह के अंतर्गत आज भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्व. भागवत प्रसाद कुशवाहा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं माँ शारदे की आराधना तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारना,उन्हें प्रोत्साहित करना तथा उनके हुनर को पहचान दिलाना रहा।इस अवसर पर समारोह का शीर्षक ÷इल्यूमिनेशन रिकग्नाइजिंग ग्रोथ, शेपिंग टुमारो÷ रखा गया,जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा प्रदान करना है।

समारोह में पधारे विशिष्ट अतिथियों विनोद केशवानी यूपी ग्रामीण बैंक,रामलखन कुशवाहा (रिटायर्ड सीनियर मैनेजर- यूपी ग्रामीण बैंक, फाउंडर मेम्बर-भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी),रविन्द्र कुमार डीआरएम,अवधेश कुमार,संध्या कुशवाहा डायरेक्टर बीपीएमए का बैच अलंकरण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज प्रिंसिपल कविता वर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत भाषण के साथ हार्दिक स्वागत किया।तत्पश्चात विद्यालय की ओर से स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रगति एवं विकास से संबंधित जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की गई। इसके उपरांत कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं को अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए। शैक्षिक उत्कृष्टता के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए। जिसमें कक्षा 1 में आराध्या दुबे प्रथम, अलौकिक अवस्थी द्वितीय एवं दीक्षा कुशवाहा तृतीय रहे। विशेष रूप से, कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए ग्रजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चे एजूकेशन गाउन पहनकर शामिल हुए और उन्हें उनके प्राथमिक शिक्षा कार्यकाल की पूर्णता का प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस मौके पर अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय में उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निर्देशिका संध्या कुशवाहा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचन दिए।



# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 28 मार्च, 2026






**बालेंद्र शाह बने नेपाल के प्रधानमंत्री...**

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में आज से नए युग की शुरुआत हो गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेंद्र शाह को आज नेपाल का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। जिसके बाद बालेंद्र शाह को पीएम पद की शपथ दिलाई गई। बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री बन गए हैं... पढ़ें पेज 12 पर...

# बारिश से फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को दिलाएं मुआवजा, डीएम फील्ड पर उतरें : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुई असमय बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में बारिश के कारण फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल कराएं। संयुक्त सर्वे कराकर फसल नुकसान की स्थिति से शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों का तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। प्रदेश सरकार किसानों के साथ है। आपदा में उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा ताकि किसी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो।

## नुकसान का वास्तविक आकलन कराने का निर्देश


उन्होंने सभी जिलों के डीएम से फील्ड में रहकर स्थिति का जायजा लेने और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराने का निर्देश भी दिया, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। वहीं प्रमुख सचिव कृषि और राहत आयुक्त को निर्देश दिया कि फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क और समन्वय बनाए रखें। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में देरी न हो। फसलों को हुई क्षति का आकलन प्राप्त होते ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। भुगतान व्यवस्था समयबद्ध ढंग से हो, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

### एससी छात्रों के लिए बनेंगे छह आधुनिक छात्रावास, शासन ने निर्माण के लिए मंजूर किए 12.30 करोड़ रुपये

प्रदेश सरकार प्रदेश अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से समाज कल्याण विभाग प्रदेश में 6 छात्रावासों के निर्माण और मरम्मत का काम जल्द करेगा। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत बनने वाले ये छात्रावास आधुनिक कैंपस के रूप में विकसित होंगे। वित्त वर्ष 2025-26 में छात्रावासों के लिए कुल 12.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 6.15 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि हमारा प्रयास है कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले होनहार छात्रों को रहने की कोई असुविधा न हो। इन छात्रावासों को केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक आधुनिक लर्निंग हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। योजना के तहत जौनपुर, सुल्तानपुर और हाथरस जिलों में एक-एक और फिरोजाबाद में तीन बालक और बालिका छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। इन भवनों में छात्रों के लिए अच्छे कक्ष, एक आधुनिक मेस, मनोरंजन कक्ष, एक समृद्ध पुस्तकालय और सुरक्षा के लिए गार्ड रूम के साथ-साथ छात्रावास अधीक्षक का आवास भी परिसर में ही होगा।

# यूपी में मौसम का यू टर्न, लखनऊ में सुबह से छाई बदली, 38 जिलों में गरज-चमक व बारिश की चेतावनी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश में नए विक्षोभ के सक्रिय होने से शुक्रवार को मौसम में बदलाव की आहट है। राजधानी लखनऊ समेत अवध क्षेत्र में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को पश्चिमी इलाकों समेत प्रदेश के 38 जिलों में गरज चमक और कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। बादलों की सक्रियता का असर पूर्वी यूपी में भी देखने को मिलेगा। इस दौरान तराई और पूर्वी यूपी के 21 जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाओं के चलने की आशंका है। मौसम के इस बदलाव से शुक्रवार को प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट के आसार हैं।

## बांदा में रही सबसे गर्म रात

बृहस्पतिवार को बांदा 40.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि प्रयागराज और हमीरपुर में 38.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार 29 मार्च को एक और मजबूत विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश और तापमान में गिरावट की संभावना है।

### यहां है मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना

अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बागपत, बलिया, बांदा, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, फतेहपुर, गाजीपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जोनपुर, झांसी, कौशांबी, कुशीनगर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, भदोही, शामली, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, वाराणसी व आसपास के इलाकों में।

### यहां है झोंकेदार हवा (गति 30 से 40 किमी/घंटा) की संभावना

अंबेडकर नगर, आजमगढ़, बलिया, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संत कबीर नगर, भदोही, सोनभद्र, सुल्तानपुर, वाराणसी व आसपास के इलाकों में।

# पुलिस भर्ती दौड़ के कारण दो दिन बदला रहेगा यातायात, शनिवार को 10 और रविवार को 42 किलोमीटर का होगा मैराथन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पुलिस व पीएसी में दरोगा के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अभिलेखों की जांच और खेल कौशल परीक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसके क्रम में शनिवार को क्रासकंट्री (10 किमी) और रविवार को मैराथन (42 किमी) की दौड़ होगी। इसके मद्दनेजर यातायात में बदलाव किया गया है। पीएसी हेड तिराहा से कोई भी वाहन पीएसी गेट नंबर दो व सर्वोदयनगर वन-वे की तरफ नहीं जा सकेगा। यह पीएसी हेड तिराहा से दाएं मुड़कर अयोध्या रोड होकर जा सकेगा। रहीम नगर चौराहा से सामान्य यातायात सर्वोदय नगर पुल चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह वायरलेस चौराहा होकर जाएगा। कल्याण अपार्टमेंट तिराहा से यातायात सर्वोदयनगर चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह खुर्रमनगर चौराहा, सेक्टर 25 चौराहा होकर जाएगा। सेंट्रल एकेडमी तिराहा से कोई भी वाहन आरआर बंधा, शक्तिनगर ढ़ाल की तरफ नहीं जाएगा। यह ग्रीन कारीडोर का इस्तेमाल करते हुए जा सकेगा। आरआर बंधा चौराहा से सामान्य यातायात शक्तिनगर ढ़ाल की तरफ नहीं जा सकेगा। यह ग्रीन कारीडोर का इस्तेमाल करते हुए जाएगा। शक्तिनगर ढ़ाल से कोई भी यातायात कुकरैल ओवरब्रिज, आरआर बंधा, सर्वोदनगर की तरफ नहीं जा सकेगा। यह निशातगंज, पॉलीटेक्निक चौराहा होकर जाएगा।

### रविवार को मैराथन सुबह छह बजे से

- जी 20 तिराहा (शहीदपथ) से सामान्य यातायात पिपराघाट तिराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह यातायात एसएसबी रैंप, हुसड़िया अंडरपास चौराहा उतरकर जा सकेगा।
- जनेश्वर मिश्र पार्क गोल चक्कर चौराहा से सामान्य यातायात पिपराघाट तिराहा की तरफ नहीं जा सकेगा। यह ताज अंडरपास होकर जाएगा।
- पिपराघाट तिराहा से सामान्य यातायात जी 20 तिराहा, शहीदपथ की ओर नहीं जा सकेगा। यह जनेश्वर मिश्र पार्क गोल चक्कर चौराहा होकर जाएगा।

# एनपीएस के विरोध में एक अप्रैल को काला दिवस मनाएंगे शिक्षक-कर्मचारी, बैठक में बनाई रणनीति

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

शिक्षकों और कर्मचारियों ने नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के विरोध में 1 अप्रैल को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में पारा स्थित डॉ. रामाशीष स्मृति भवन में आयोजित बैठक में इसकी रणनीति बनाई गई। उन्होंने एनपीएस को कर्मचारियों के साथ धोखा बताते हुए कहा कि यह पेंशन नहीं, बल्कि शेयर बाजार पर आधारित असुरक्षित व्यवस्था है। वैश्विक परिस्थितियों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव से कर्मचारियों का भारी नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बहुत कम पेंशन मिल रही है, जिससे महंगाई में जीवनयापन कठिन है। इसलिए शिक्षक-कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे और पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। बैठक में प्रदेश महामंत्री नीरज पति त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य मौर्य, विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, सुनील कुमार वर्मा, रजत प्रकाश, राकेश कुमार, अशोक कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शहरों को जाम से मुक्ति दिलाने को खरीदे जाएंगे इंटरसेप्टर वाहन, रूट मार्शल भी किए गए तैनात

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के प्रमुख शहरों को जाम से मुक्त कराने के लिए इंटरसेप्टर वाहन खरीदे जाएंगे। शासन ने 15 चार पहिया और 62 दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन खरीदने के लिए पुलिस मुख्यालय को 9.76 करोड़ रुपये की धनराशि दी है। बीते दिनों यातायात निदेशालय ने शहरों में जाम की समस्या से निपटने के लिए इंटरसेप्टर वाहनों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था। यह कवायद डीजीपी की 10 प्राथमिकताओं के तहत की जा रही है, जिसमें सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या को 50 फीसद तक कम करने के साथ शहरों का ट्रैफिक प्रबंधन बेहतर करना भी शामिल है। यातायात निदेशालय द्वारा शहरों को जाम मुक्त करने के लिए रूट मार्शल भी तैनात किए गए हैं। वहीं, जाम लगने पर इंटरसेप्टर वाहनों को भेजकर यातायात दुरुस्त करने की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा इंटरसेप्टर वाहन खरीदने के बाद उन्हें यातायात निदेशालय को दिया जाएगा। ताकि उन्हें प्रमुख शहरों के जाम प्रभावित इलाकों के आसपास तैनात किया जा सके।

# पुलिस भर्ती बोर्ड ने स्पष्ट किया, सरनेम या टाइटिल के आधार पर तय नहीं होती जाति, प्रक्रिया की जानकारी दी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थी के सरनेम व टाइटिल को लेकर फैल रही भ्रामक खबरों पर स्पष्टीकरण दिया है और चयन की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी है। इस संबंध में बयान जारी करते हुए पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा कि सोशल मीडिया में कतिपय अभ्यर्थियों के सरनेम या टाइटल के आधार पर उनकी जाति/श्रेणी के संबंध में भ्रामक टिप्पणियां की जा रही हैं।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इस संबंध में यह स्पष्ट करता है कि सरनेम या टाइटल के आधार पर किसी अभ्यर्थी की जाति निर्धारित नहीं की जाती है। अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्रों की संवीक्षा (वेरिफिकेशन) की कार्यवाही की जाती है। अभिलेखों की संवीक्षा हेतु गठित डीवी बोर्ड द्वारा (जिसमें उपजिलाधिकारी स्तर एवं पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी होते हैं) समुचित रूप से मूल जाति प्रमाण पत्र का परीक्षण किया जाता है। उक्त परीक्षण से पूर्णतया संतुष्ट होने के उपरांत ही अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी में सफल घोषित किया जाता है। नियुक्ति पत्र देने से पूर्व नियुक्ति जनपद के पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का पुनः सत्यापन कराया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को किसी विशिष्ट अभ्यर्थी की जाति के संदर्भ में कोई पुष्ट एवं प्रामाणिक जानकारी प्रदान करनी है तो कृपया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के ई मेल पर सूचित करें। बोर्ड द्वारा इस सम्बंध में समुचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। भर्ती में आरक्षण संबंधित सभी शासनादेश व इस संबंध में माननीय उच्चतम व उच्च न्यायालय के संबंधित निर्णयों के अनुरूप पूर्ण शुचिता के साथ सभी कार्यवाही की गई है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि कृपया ऐसी भ्रामक एवं अपुष्ट टिप्पणियां न लिखें,न आगे प्रसारित करने में सहयोगी बनें। यह कानूनी रूप से अपराध है। ऐसा करने वालो के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें चल रही हैं जिनमें सरनेम या टाइटिल को लेकर भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं।

# नव निर्माण के 9 वर्ष : यूपी 96 लाख इकाइयों के साथ एमएसएमई में देश में नंबर वन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग एमएसएमई के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। प्रदेश 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों के साथ देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बन चुका है। यह केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में आए आर्थिक बदलाव और आत्मनिर्भरता की कहानी है।उत्तर प्रदेश ने एमएसएमई सेक्टर को अपनी आर्थिक रीढ़ के रूप में विकसित किया है। 96 लाख से अधिक इकाइयों के माध्यम से प्रदेश न केवल देश में प्रथम स्थान पर है बल्कि यह क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का आधार भी बन चुका है। छोटे उद्योगों को आसान वित्त, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने के लिए नीतिगत सुधारों ने इस सेक्टर को मजबूती दी है।युवाओं को रोजगार देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अब तक 1,47,312 युवाओं को लाभान्वित किया गया है, जिससे 4,51,775 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। सरकार का लक्ष्य हर वर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म इकाइयां स्थापित करना है, जिससे रोजगार का दायरा और बढ़ेगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 37,280 लाभार्थियों को 94,086 लाख की मार्जिन मनी प्रदान की गई है, 2,98,240 लोगों को रोजगार मिला है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के तहत 32,936 लाभार्थियों को 1,10,550 लाख की सहायता दी गई, जिससे 2,63,488 रोजगार सृजित हुए हैं।वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ओडीओपी योजना ने उत्तर प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। इस योजना के तहत 20,396 लोगों को 90,364 लाख की मार्जिन मनी प्रदान की गई, जिससे 3,26,473 रोजगार सृजित हुए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों बढ़ई, दर्जी, लोहार, कुम्हार, बुनकर, सुनार, नाई आदि को सशक्त बनाया गया है। 2019 से संचालित इस योजना के तहत अब तक 4,20,540 लोगों को प्रशिक्षण और आधुनिक टूलकिट प्रदान की गई है, जिससे उनकी आय और उत्पादकता में वृद्धि हुई है।सरकार अब ओडीओपी से प्रेरित 'एक जनपद एक व्यंजन ओडीओसी' पहल के जरिए हर जिले को उसके पारंपरिक व्यंजन के आधार पर नई पहचान देने की दिशा में काम कर रही है, जिससे स्थानीय रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा।औद्योगिक आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए वर्ष 2023 में प्लेज स्कीम उत्तर प्रदेश लागू की गई, जिसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करना है। प्रत्येक जनपद में सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। प्रदेश सरकार का फोकस अब एमएसएमई को ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने और तकनीकी उन्नयन पर है। आने वाले वर्षों में यह सेक्टर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा, उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**नई औद्योगिक योजनाएं बन रहीं भविष्य का विजन**

# 'हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है मोदी सरकार'

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि हर परिस्थिति में मोदी सरकार जनता के साथ खड़ी है।समस्या कितनी भी जटिल हो, समाधान अवश्य होगा।जनता के हितों के लिए सदैव सरकार प्रयत्नशील रहती है।श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हमेशा से ही राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के प्रति अटूट समर्थन रहा है।

# सड़क दुर्घटना पर डिप्टी सीएम ने जताया शोक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी में हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी में कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि अत्यंत हृदयविदारक है।मेरी गहन संवेदनाये शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मां शीतला से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों मे स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# अखिलेश यादव बोले, डीजल, पेट्रोल और गैस सिलिंडर को लेकर हालात खराब, भाजपा पर जमाखोरी का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा संविधान से नहीं, मनविधान से चलती है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलिंडर को लेकर स्थितियां खराब हैं। अखिलेश ने शुक्रवार को एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह से मजबूत है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लोगों ने वोट कटवाने के लिए फर्जी हस्ताक्षर करके फार्म-7 भरवाए। चुनाव आयोग का काम वोट बढ़वाना है, वोट कटवाना नहीं। हमने पीडीए के तहत पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, अगड़े, आदिवासी और आधी आबादी, सबको जोड़ा है। उत्तर प्रदेश विकास करेगा तो देश विकास करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने डिजिटल डिवाइड खत्म किया था। हर गांव में इंटरनेट पहुंचाने के लिए कैबिनेट के फैसले से ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का निर्णय लिया। सरकार बनने पर हम नियमों से परे जाकर किसी उद्योगपति को सपोर्ट नहीं करेंगे।

### सिलिंडर की जमाखोरी भाजपा के लोगों पर करने का आरोप लगाया

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के डिप्टी सीएम के बयान से यह साबित हो गया है कि सिलिंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपाई ही कर रहे हैं। डिप्टी सीएम का दावा है कि जिसके यहां सिलेंडर न हो, वो हमारे यहां सूचना भेज दे, हम सिलेंडर भिजवा देंगे'। डिप्टी अपना फोन नंबर सोशल मीडिया पर डाल दें या अपने घर, कार्यालय या फिर सीधे अपने जमाखोरीवाले अंडरग्राउंड गोदाम का पता ही दे दें। अखिलेश ने कहा कि डिप्टी सीएम स्टूल लगाकर गैस एजेंसी और पेट्रोल पंपों के आगे क्यों नहीं बैठ जाते।

# 'खेलों से सशक्त होती हैं बेटियाँ'

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज गोमतीनगर, लखनऊ स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचकर प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जी ने टूर्नामेंट का अवलोकन करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि आज बेटियाँ खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में उप मुख्यमंत्री जी ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने टूनामेन्ट के आयोजक हर्ष वर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर मा. विधायक श्रीमती आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# आस्था और पर्यावरण का संगम : यूपी का पुरा महादेव बना जीरो वेस्ट तीर्थ पर्यटन का मॉडल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारत का बेस्ट हेरिटेज टूरिस्ट विलेज 2024 के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करते हुए बागपत का पुरा महादेव अब जिम्मेदार और सतत तीर्थ पर्यटन का एक प्रभावशाली मॉडल बनकर उभर रहा है। उत्तर प्रदेश की 'टेंपल इकोनॉमी' पहल के अंतर्गत परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर जीरो वेस्ट व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू की गई, जिसने आस्था और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन की एक नई मिसाल पेश की। इस पहल से मंदिर में चढ़ाई जाने व ली भेंट और उत्सव के दौरान उत्पन्न कचरे के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, वह भी धार्मिक परंपराओं की पवित्रता को बिना प्रभावित किए। फूलों की भेंट, दूध, जैविक अवशेष, प्लास्टिक बोतलें, पूजा के धागे और यहां तक कि छोड़ी गई चप्पलों को भी व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर प्रोसेस किया गया और पुनः उपयोग में लाया गया। इससे श्रद्धा से जुड़े पदार्थों का सम्मान बनाए रखते हुए उनका सार्थक उपयोग सुनिश्चित किया गया। 'कचरा नहीं, संसाधन, सफलता की पूरी कहानी' इस पहल का प्रभाव इसके परिणामों में स्पष्ट दिखा। 450 किलोग्राम से अधिक फूलों की भेंट को प्रोसेस किया गया, लगभग एक टन जैविक सामग्री से खाद बनाई गई और करीब 700 किलोग्राम प्लास्टिक बोतलों को फाइबर फिल में बदला गया। 3,000 से अधिक पूजा धागों का पुनः उपयोग हुआ, लगभग 2,500 चप्पलों को मैट और इंस्टॉलेशन में बदला गया, वहीं भगवान के अभिषेक' में उपयोग हुए 4,563 लीटर दूध को पशु देखभाल के लिए उपयोग में लाया गया। यह सब एक भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थल में संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला प्रशासन के अनुसार यह मॉडल दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- भेंट सामग्री की रिकवरी और पुनर्वितरण, तथा समुदाय आधारित सर्कुलर पुनः उपयोग। दूध और खाद्य सामग्री को गौशालाओं और जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया, जबकि अन्य अपशिष्ट को उपयोगी उत्पादों में बदला गया। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा मिला। इस पहल ने सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया, खासकर महिलाओं की भागीदारी को, जो छंटाई और प्रोसेसिंग गतिविधियों में सक्रिय रहीं। स्थानीय लोगों की भागीदारी और सरल संचालन प्रणाली के माध्यम से यह मॉडल यह दर्शाता है कि धार्मिक स्थल सांस्कृतिक के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों के केंद्र भी बन सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस सुव्यवस्थित प्रणाली से स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं के अनुभव में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मंदिर परिसर में कचरे के प्रबंधन की स्पष्ट व्यवस्था ने श्रद्धालुओं के व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव लाया और यह संदेश दिया कि परंपराओं के साथ जिम्मेदारी को सहज रूप से जोड़ा जा सकता है। जमीनी स्तर पर भी इस पहल का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने इसे सेवा, जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का एक सार्थक प्रयास बताया, वहीं श्रद्धालुओं ने स्वच्छ वातावरण और भेंट सामग्री के सम्मानजनक पुनः उपयोग की सराहना की।

# यौन शोषण व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला जनसेवा केंद्र संचालक गिरफ्तार, पिता को भेजा था वीडियो

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



शादी का झांसा देकर यौन शोषण और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के मामले के आरोपी जनसेवा केंद्र संचालक महिगवां निवासी मो. फराज को जानकीपुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि बक्शी का तालाब की रहने वाली युवती का फराज से स्कूल के समय से परिचय था। फराज महिगवां में जनसेवा केंद्र का संचालन करता है। पीड़िता के मुताबिक मो फराज ने उससे मेल जोल बढ़ाकर अपने प्यार का इजहार किया। 15 अक्तूबर 2025 को आरोपी उसे जानकीपुरम 60 फिट रोड स्थित एक होटल ले गया, जहां आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसका यौन शोषण किया। इस दौरान आरोपी ने उसका वीडियो भी बना लिया। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता पर अपने दोस्तों व भाई से भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। आरोपी ने धर्म परिवर्तन करने पर ही शादी करने की बात कही। आरोपी ने पीड़िता की फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण करता रहा। आरोपी ने 22 मार्च को युवती के पिता और परिचितों को उसका विडियो भेज दिया, फिर स्क्रीन शॉट लेकर डिलीट कर दिया। आरोपी ने पीड़िता को स्क्रीन शॉट भेजकर पुलिस से शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर जानकीपुरम ने बताया कि बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज की गई और शुक्रवार को सलीम तिराहे के पास से फराज को गिरफ्तार कर लिया गया।

# देवीपाटन मंदिर पर पूर्णाहुति के बाद किया गया कन्या पूजन

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में महा अष्टमी तिथि पर मंदिर पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने मंदिर पुरोहित मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी एवं अयोध्या धाम से पधारे विशेष पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रो की विशेष पूजन कर हवन के साथ पूर्णाहुति कर लोगों के स्वास्थ्य समृद्धि कि कामना की। नवमी तिथि के अवसर पर भव्य कन्या पूजन कर नवों कन्याओं सहित 101 उपस्थित कन्या को प्रसाद कराया। पीठाधीश्वर मिथिलेश नाथ योगी के सानिध्य में आयोजित इस अनुष्ठान की शुरुआत नौ दिवसीय दुर्गा सप्तशती पाठ और अष्टमी की महानिशा पूजा की पूर्णाहुति के बाद हुई। मंदिर में विशेष कन्या पूजन में पीठाधीश्वर ने सर्वप्रथम नव कन्याओं के पांव पखारकर और उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। शास्त्रोक्त विधि से पूजन के उपरांत सभी कन्याओं को चुनरी ओढ़ाई गई और दान-दक्षिणा प्रदान की गई। मुख्य नौ कन्याओं के अतिरिक्त परिसर में उपस्थित लगभग 101 अन्य कन्याओं का भी विधिवत पूजन कर उन्हें हलवा, पूरी और चने का प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर बलरामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह धीरू सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पीठाधीश्वर ने संदेश दिया कि कन्याएं साक्षात जगतजननी का स्वरूप हैं और उनकी सेवा ही वास्तविक भगवती आराधना है।

## बरारा बुजुर्ग में दबंगों ने अधेड़ को पीटा-पुरानी रंजिश में बेटी के घर आए पिता पर हमला, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिले के गदागंज थाना क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग ग्राम सभा में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक अधेड़ को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने गदागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।घायल अधेड़ की पहचान छिवलहा गांव निवासी रामकिशुन के रूप में हुई है। रामकिशन अपनी बेटी सैनाती के घर बरारा बुजुर्ग आए हुए थे, जहां उनकी बेटी की जन्मदिन पार्टी थी। सैनाती का पड़ोस के कुछ लोगों से काफी समय से विवाद चल रहा है।बताया जा रहा है कि पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर सैनाती और पड़ोसियों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई। जब सैनाती के पिता रामकिशन ने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उन्हें लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया और मौके से फरार हो गए।

इस संबंध में गदागंज थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला प्रशासन गैस एजेंसियों का कर रहा औचक निरीक्षण: सभी SDM अपने क्षेत्र की एजेंसी में पहुंचे, अनियमितता रोकने पर जोर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के सख्त निर्देश पर जनपद की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाना है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।ष्ठरूके निर्देश के बाद सभी उप जिलाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों की जांच की। निरीक्षण के दौरान एलपीजी वितरण व्यवस्था, स्टॉक की स्थिति और उपभोक्ताओं को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने गैस वितरण में किसी भी अनियमितता को रोकने पर जोर दिया। अधिकारियों ने गैस वितरण में किसी भी अनियमितता को रोकने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले बुकिंग की है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाए। ÷प्रथम आवक-प्रथम पावक÷ (पहले आओ-पहले पाओ) के सिद्धांत को सख्ती से लागू करने के आदेश दिए गए हैं, जिससे पक्षपात या कालाबाजारी की कोई गुंजाइश न रहे।गैस एजेंसियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान करें और शिकायतों को लंबित न रखें। यदि किसी भी एजेंसी द्वारा एलपीजी वितरण में गड़बड़ी पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन की इस सख्ती से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि उपभोक्ताओं के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पहल का जमीनी स्तर पर कितना प्रभाव पड़ता है और आम जनता को इसका कितना लाभ मिलता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

# रामनवमी के अवसर पर ठाकुरद्वारा में भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के भगवती गंजस्थित श्री राम जानकी मंदिर ठाकुरद्वारा में रामनवमी के अवसर पर शुक्रवारको भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलरामपुर स्टेट के महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी महारानी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि को रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक ने रामचंद्र जी का बड़ा सा चित्र व अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

जानकारी के अनुसार 27 मार्च को धर्मादा कमेटी भगवतीगंज व श्री राम जानकी ठाकुर मंदिर कमेटी के लोगों ने भी बलरामपुर स्टेट के महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह व राज माता, को भी अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया । चैत्र नवरात्रि में रामनवमी के उपलक्ष में श्री राम जानकी ठाकुरद्वारा मंदिर भगवतीगंज में भजन कीर्तन व प्रसाद बांटा गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बलरामपुर स्टेज के राजा महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह व उनकी पत्नी राज माता को रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक ने श्री रामचंद्र जी का बड़ा सा चित्र देकर अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया । साथ ही धर्मादा कमेटी भगवतीगंज व श्री राम जानकी ठाकुर मंदिर कमेटी के लोगों ने भी मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत करते मंदिर के पुजारी पंडित जय नारायण शर्मा,विजय अग्रवाल, प्रमोद चौधरी, आनंद शर्मा, मूलचंद अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, हरिओम महेश्वरी, ओम प्रकाश गुप्ता रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी, मनोज अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, हरि अग्रवाल, बद्री जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, सुनील गुप्ता, मनीष केसरवानी, राज कुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता सहित अन्य कई लोगो ने स्वागत किया । भगवान रामचंद्र जी के आरती में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को अमेठी कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई,जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।शोभायात्रा हनुमान गढ़ी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए देवीपाटन मंदिर पर संपन्न हुई।शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम,लक्ष्मण,माता सीता एवं बजरंगबली की आकर्षक झांकियां रथ पर सुसज्जित थीं।यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। डीजे और बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति गीतों में झूमते नजर आए,जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी,पूर्व विधायक गरिमा सिंह के पुत्र अनंत विक्रम सिंह व उनकी पत्नी शांभवी सिंह,आरएसएस के जिला प्रचारक तथा सपा की महिला जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।प्रशासन द्वारा पूरे मार्ग पर सतर्क निगरानी रखी गई।शोभा यात्रा में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। भक्ति गीतों पर उनका उत्साह और ऊर्जा आयोजन की प्रमुख आकर्षण रही।समापन स्थल देवीपाटन मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### दुखदुरिया कार्यक्रम, 10 हजार महिलाओं की सहभागिता

रामनवमी के पावन अवसर पर बाबूगंज सगरा स्थित मोनी महाराज के आश्रम में विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में लगभग 10 हजार महिलाओं ने भाग लेकर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन मोनी महाराज के नेतृत्व में विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ।पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा, जहां महिलाओं ने एक साथ धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई।इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से नारी शक्ति पूजन का आयोजन किया गया,जिसमें महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया।आयोजन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर महिला शक्ति का स्वागत किया।तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।यह दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा,जिसने समाज में नारी सम्मान और शक्ति के संदेश को और मजबूत किया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे यादगार बना दिया।

# कथा के आठवें दिन कथा व्यास ने दिया संस्कार, संस्कृति एवं आचरण शिक्षा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के विकास खंड बलरामपुर सदर क्षेत्र के ग्राम भीखपुर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के आठवें दिन आयोजित कथा में कथा व्यास आचार्य संतोष व्यास ने भारतीय संस्कृति तथा धर्म को संरक्षित रखने की विषय पर प्रकाश डाला । उन्होंने ही महिलाओं तथा पुरुषों को अपने आचरण को शुद्ध तथा पवित्र रखने पर भी जोर दिया गया।

जानकारी के अनुसार 27 मार्च को विकासखंड बलरामपुर सदर के ग्राम भीखपुर में विगत 19 मार्च से चल रहे श्री सत्य चंडी महायज्ञ के आठवें दिवस में आज प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य संतोष व्यास के द्वारा बहुत ही दिव्यतम भव्यतम कथा की शुरुआत करते हुए भारतीय संस्कृति तथा धर्म को संरक्षित रखने की विषय पर प्रकाश डाला गया । साथ ही महिलाओं तथा पुरुषों को अपने आचरण को शुद्ध तथा पवित्र रखने पर भी जोर दिया गया। साथ ही मां जानकी द्वारा श्री गौरी पूजन तथा भगवान श्री राम जानकी के विवाह का वर्णन बहुत ही भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया साथ ही झांकी के माध्यम से भगवान श्री सीताराम जी के विवाह का निरूपण किया गया इस अवसर पर सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा कथा श्रवण कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। तथा कथा पंडाल में झूम कर श्री राम सीता के विवाह का आनंद सभी श्रोताओं ने झूमकर मंत्रमुग्ध होकर आनंद लिया। यज्ञ अध्यक्ष बालकानंद जी महाराज अपने सभी को आशीर्वचन प्रदान किया, कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध वैदिक आचार्य राजकुमार शास्त्री ने किया। इस रस में ही कथा तथा एक लिखे दौरान, श्री अभिषेक पांडे, नीलमणि शुक्ला, श्री राजन पांडे, राकेश मिश्रा, भगवान दत्त पांडेय, राजेश पांडे, छोटू पांडे, यशोदा नंदन पांडे, अजय पांडे, धर्मेंद्र मिश्रा, अवनीश उपाध्याय, त्रिपुरारी तिवारी, राम धीरज पांडे, अनूप कुमार पांडे सहित भारी मात्रा में श्रद्धालु व श्रोता उपस्थित रहे।

## जर्जर बिजली की लाइनें बनी खतरा: रायबरेली में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली के खीरों क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है। कलुवा खेड़ा पावर हाउस से जुड़ी 11000 वोल्ट की जर्जर और लटकती बिजली लाइनें ग्रामीणों के लिए खतरा बनी हुई हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार विभाग से शिकायत की है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना है कि संबंधित जूनियर इंजीनियर (छ्ठ्ठ) और बिजली विभाग के कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। जिससे विभागीय उदासीनता साफ दिखती है।हाल ही में इलाके में एक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय पर एक्शन न लिया होता तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था।इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने विभाग से जर्जर बिजली लाइनों को तुरंत ठीक करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# नवरात्रि पर मां काली की भव्य शोभायात्रा, भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

नवरात्रि के पावन अवसर पर पाली रोड स्थित सुंदरिया मैया चामुंडा मंदिर से मां काली की भव्य शोभायात्रा धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में मां काली का आकर्षक और सजीव स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। दूर-दूर से आए भक्तों ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ हुआ। इसके बाद यात्रा पाली रोड होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में भक्तों ने ह्लजय मां कालीह्व के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष यह शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने सभी भक्तों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी तैनात रहा। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में मां काली की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी तैनात रहा। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में मां काली की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

नवरात्रि के इस आयोजन ने क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### पूर्व विधायक की हत्या में साजिशकर्ता पूर्व चेयरमैन दोषी करार

**अलीगढ़।** पूर्व विधायक प्रमोद गौड़ और उनके बेटे दिवाकर गौड़ की हत्या की साजिश रचने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। एडीजे-11 अदालत ने खैर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन संजीव अग्रवाल उर्फ बिंटू सहित 7 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इस मामले में 28 मार्च को सजा की तारीख नियत की गई है।पूर्व चेयरमैन संजीव अग्रवाल ने सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा कर रास्ता निकाला था।पूर्व विधायक प्रमोद गौड़ की शिकायत पर प्रशासन ने यह कब्जा हटवा दिया।इसी का बदला लेने के लिए संजीव ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रमोद गौड़ और उनके पूर्व ब्लॉक प्रमुख बेटे दिवाकर गौड़ की हत्या का प्लान बनाया।पुलिस जांच और सर्विलांस साक्ष्यों में खुलासा हुआ कि संजीव अग्रवाल और विकास शर्मा ने राजकुमार जाट के जरिए बुलंदशहर के हिस्ट्रीशीटर शूटर गैंग को हत्या की सुपारी दी थी। पहले भी एक बार हमला हुआ था, लेकिन तब शूटरों ने गलती से प्रमोद गौड़ के करीबी विजय गंगल की हत्या कर दी थी।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीके जयंत ने संजीव अग्रवाल,विकास उर्फ बॉबी, राजकुमार, ओम नगर, सागर, तरुण त्यागी और रिंकू को दोषी माना है।

# गैस आपूर्ति पूरी तरह सुचारु, जिले में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध: डीएम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

जिले में गैस आपूर्ति को लेकर भ्रामक खबरों के संबंध में मुख्यमंत्री मीडिया सेल द्वारा संज्ञान लिए जाने के उपरांत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा है कि एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है।

जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 26 मार्च को जिले के 64 एलपीजी वितरकों के माध्यम से 16,809 गैस बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि उपलब्ध स्टॉक 22,154 सिलेंडरों का रहा और 18,007 सिलेंडरों का वितरण किया गया। इसी प्रकार 27 मार्च को 19,069 बुकिंग के सापेक्ष 20,223 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहा और 17,374 सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं को किया गया। उन्होंने बताया कि कंपनीवार समीक्षा में भी स्थिति संतोषजनक पाई गई है। इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम के माध्यम से नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है और सभी एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। यह भी उल्लेखित है कि आयल कंपनियों द्वारा बुकिंग की समयावधि में किए गए आंशिक परिवर्तन के कारण कुछ स्थानों पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, किन्तु आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित एवं नियंत्रित है। जिले में कहीं भी गैस सिलेंडरों का संकट नहीं है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गैस वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी बनाए रखें और उपभोक्ताओं को समयबद्ध रूप से गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। सभी उपभोक्ताओं को क्रमवार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें।

### लकवे से पीड़ित साधु का शव आश्रम में मिला, हड़कंप

**अलीगढ़।** थाना इगलास कोतवाली क्षेत्र स्थित कैमावली गांव के माधवानंद आश्रम में शुक्रवार सुबह हड़कंप मच गया।आश्रम की कुटिया के भीतर एक वृद्ध साधु का जला हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों के अनुसार, मृतक साधु की पहचान 75 वर्षीय स्वामी अदेतानंद के रूप में हुई है, जो पिछले 15 वर्षों से इसी आश्रम में रह रहे थे।शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण रोज की तरह आश्रम पहुंचे,तो उन्होंने स्वामी अदेतानंद का शरीर ज्वलनशील पदार्थ से बुरी तरह झुलसा हुआ और उन्हें मृत अवस्था में पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाबा पिछले कुछ समय से लकवे से पीड़ित थे,जिसके कारण वे चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ थे।गांव के लोग ही प्रतिदिन उनके लिए भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाते थे। बाबा का स्वभाव बेहद शांत था और पिछले 15 वर्षों में उनका किसी से कोई विवाद या द्वेष नहीं रहा था।ग्रामीणों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जो बाबा खुद चल-फिर नहीं सकते थे।

# रायबरेली में UP-112 में 10 नई स्कॉर्पियो शामिल: एसपी रवि कुमार ने कानून व्यवस्था मजबूत करने को दिखाई हरी झंडी




जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। 27 मार्च 2026 को पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार ने 10 नई पीआरवी (क्क 112) चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।ये सभी आधुनिक स्कॉर्पियो वाहन अत्याधुनिक ह्यह्यह्यह्यह्यसुविधाओं से लैस हैं और इन्हें जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन वाहनों से आपातकालीन स्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया अधिक तेज और प्रभावी होगी। साथ ही, संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों पर इनकी तैनाती से आमजन को त्वरित सहायता मिल सकेगी।आगे कहा कि पीआरवी वाहनों की संख्या बढ़ने से पुलिस की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों तक सशक्त होगी। इससे अपराधों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी और जनता में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत होगा।इस कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, पीआरवी प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, ट्रैक्टर हिरासत में

**अलीगढ़।** धूमसिंह जिरौली में भीषण सड़क हादसा- गणेशपुर जा रहे लड़के को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, लड़के की मौत। अलीगढ़ जिले के थाना अतरौली क्षेत्र के धूमसिंह जिरौली पर शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। डीजल लेने गणेशपुर की तरफ पेट्रोल पंप पर जा रहे 18 वर्षीय विशाल पुत्र तेजवीर सिंह (निवासी धूमसिंह जिरौली थाना अतरौली जनपद अलीगढ़) अपनी निजी गन्ने के जूस की दुकान चलाता था, मृतक विशाल अपनी साइकिल से गणेशपुर की तरफ पेट्रोल पंप पर डीजल लेने जा रहा था तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने विशाल पुत्र तेजवीर सिंह (निवासी धूमसिंह जिरौली थाना अतरौली को तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में विशाल के सर में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची थाना अतरौली पुलिस ने टैक्टर को तत्काल कब्जे में ले लिया मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो चुका था।



क्या 'किंग मेकर' प्रिंस के दम पर जीते शिव?

# निक्की तंबोली

## के आरोपों पर दिया करारा जवाब




कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार के सबसे धमाकेदार रियलिटी शो 'द 50' को अपना पहला 'सुल्तान' मिल गया है. 'मराठी बिग बॉस' की ट्रॉफी उठाने के बाद अब शिव ठाकरे ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए 'द 50' की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है. लेकिन इस जीत के साथ ही सोशल मीडिया पर जंग छिड़ गई है. क्या शिव की जीत में प्रिंस नरूला का 'दिमाग' ज्यादा था? क्या मिस्टर फैसू (Faisu) के साथ फिनाले में सरेआम नाइंसाफी हुई? इन तमाम तीखे और कड़वे सवालों का जवाब खुद शिव ठाकरे ने टीवी9 हिंदी डिजिटल को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में दिया है.

**शिव, सबसे पहले तो जीत की बहुत-बहुत बधाई! जब 'द लायन' ने आपका नाम पुकारा, तो उस वक्त दिमाग में क्या चल रहा था ?**

शिव ठाकरे का जवाब- (लंबी सांस लेते हुए) सच कहूं तो उस वक्त मेरा पूरा सफर एक फ्लैशबैक की तरह आंखों के सामने घूम गया. जब मराठी बिग बॉस जीता था, तो वो खुशी अलग थी. लेकिन उसके बाद दो-तीन शोज में मैं बिल्कुल जीत के करीब पहुंचकर हार गया था. 2026 की शुरुआत में ही ये ट्रॉफी हाथ में आना- ऐसा लगा जैसे 4 साल का सूखा खत्म हो गया. जब नाम अनाउंस हुआ, तब मुझे वो पल याद आया जब मैं 'खतरों के खिलाड़ी' नहीं जीत पाया था और 'बिग बॉस 16' में रनर अप रहा था. इस बार मैंने आंखें बंद की थीं और खुद से कहा था, 'शिवा, इस बार ये तेरी है.'

**सवाल:जीत की खबर दुनिया से छुपाना कितना मुश्किल था ? सुना है आपकी 'आजी' ( दादी ) ने तो कमाल ही कर दिया ?**

शिव ठाकरे का जवाब अरे भाई ! मेरे पेट में तो गुड़गुड़ हो रही थी. मैं ज्यादा देर तक बातें छुपा नहीं सकता, चेहरे पर स्माइल आ ही जाती है. हमें फिनाले के दिन चारों विनिंग मोमेंट्स शूट करने को कहा गया था, ताकि लीक न हो. कल सुबह जब मुझे ट्रॉफी और चेक के शूट के लिए बुलाया गया, तब मुझे यकीन हुआ कि 'हां, अब ये मेरी है'.

और आजी की बात मत पूछो ! वो इतनी क्यूट हैं. मैं यहां मुंबई में शूट में बिजी था, लेकिन अमरावती में मेरे घर के सामने बड़ी स्क्रीन लगी थी. हमारी पूरी गली भरी हुई थी. जब मेरा नाम अनाउंस हुआ, तो मेरी 80-90 साल की आजी ने जो डांस किया है, वो किसी प्रोफेशनल डांसर से कम नहीं था. वो वीडियो देखकर मेरी आंखें भर आईं. घर वाले मुझसे ज्यादा खुश हैं, उन्हें गर्व है कि उनके 'शिवा' ने फिर कर दिखाया.

**सवाल: प्रिंस नरूला ने आपको 'टिकट टू फिनाले' दिया, जिसे कई लोग 'खैरात' कह रहे हैं. एक खिलाड़ी के तौर पर आपको कैसा लगा ?**

शिव ठाकरे का जवाब देखिए, सच बोलूं तो एक प्लेयर के तौर पर मुझे भी शुरू में इसे स्वीकार करने में वक्त लगा. हर खिलाड़ी चाहता है कि वो खुद जीतकर, टास्क परफॉर्म करके आगे बढ़े. प्रिंस भाई का फैसला अनएक्सपेक्टेड था. लेकिन उस शो का फॉर्मेट 'अलायंस' (गठबंधन) का था. प्रिंस भाई ने अपनी लेगेसी को दांव पर लगाया और अपना हक मुझे दिया. पहले तो मैं बहुत नाराज था, लेकिन फिर मैंने सोचा कि मैं उनके लिए ये ट्रॉफी जीत सकता हूं और मैंने ट्रॉफी जीत ली.

## शुभमन गिल की बहन की रियलिटी टीवी में एंट्री! मुनव्वर फारूकी और श्वेता तिवारी भी दिखाएंगे दम, जानें कौन-कौन बनेगा 'गद्दार'?




रियलिटी शोज की दुनिया में इन दिनों एक ही नाम का शोर है, 'द ट्रेटर्स सीजन 2'. सस्पेंस, धोखेबाजी और माइंड गेम्स से भरपूर ये शो अपने दूसरे सीजन के साथ वापस आ रहा है. जहां पहले सीजन ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे, वहीं दूसरा सीजन और भी धमाकेदार होने वाला है. इस बार शो में ग्लैमर और खेल जगत का एक ऐसा तड़का लगने जा रहा है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी.सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन, शहनील गिल 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में बतौर कंटेस्टेंट नजर आने वाली हैं. शहनील सोशल मीडिया पर पहले से ही काफी पॉपुलर हैं, लेकिन ये पहली बार होगा जब वह किसी बड़े रियलिटी शो में अपनी रणनीति का लोहा मनवाती दिखेंगी. भाई शुभमन अगर पिच पर चौके-छक्के मारते हैं, तो अब देखना दिलचस्प होगा कि शहनील इस 'धोखे के खेल' में गद्दारों को कैसे आउट करती हैं.

**मुनव्वर और श्वेता तिवारी भी मारेंगे एंट्री ?**

शहनील गिल के अलावा इस सीजन में कुछ और बड़े नाम जुड़ने की चर्चा है. रिपोर्ट के मुताबिक, स्टैंड-अप कॉमेडियन और 'बिग बॉस' विजेता मुनव्वर फारुकी और टीवी की दुनिया की 'क्वीन' श्वेता तिवारी भी इस बार शो का हिस्सा बन सकते हैं. मुनव्वर अपनी शातिर चालों के लिए जाने जाते हैं, तो वहीं श्वेता तिवारी का अनुभव किसी भी खेल को पलट सकता है. हालांकि, फैंस के लिए एक बुरी खबर भी है. पहले चर्चा थी कि रुबीना दिलैक और एल्विश यादव भी शो में दिखेंगे, लेकिन टीवी9 हिंदी डिजिटल से बात करते हुए एक करीबी सूत्र ने ये दावा सिरे से खारिज कर दिया है.

**पहले सीजन में उर्फी ने गाड़े थे झंडे**

ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुआ 'द ट्रेटर्स' का पहला सीजन काफी हिट रहा था. उस सीजन की विनर उर्फी जावेद और निकिता लूथर बनी थीं. उर्फी ने अपनी तीखी जुबान और तेज दिमाग से सबको पछाड़ दिया था. पहले सीजन में जैस्मीन भसीन, सुधांशु पांडे, हर्ष गुजराल और पुरव झा जैसे सितारों ने भी खूब महफिल लूटी थी.

## 'शायद कभी चल न पाऊं...' अस्पताल से अनुराग डोभाल का दर्दनाक व्लॉग, अब भी हालत है नाजुक




मशहूर मोटो व्लॉगर और 'बिग बॉस 17' फेम अनुराग डोभाल उर्फ द यूके07 राइडर इन दिनों जिंदगी की सबसे कठिन जंग लड़ रहे हैं. दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए कार एक्सीडेंट ने ( जो उन्होंने खुद से कराया था) अनुराग की जिंदगी को पूरी तरह बदल कर रख दिया है. फिलहाल अनुराग अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी ताजा हालत देख फैंस की आंखों में आंसू आ गए हैं. अनुराग ने खुद सोशल मीडिया पर व्लॉग के जरिए अपना दर्द बयां किया है और एक ऐसी बात कही है जिसे सुनकर उनके चाहने वाले सन्न रह गए हैं.अनुराग डोभाल ने 24 मार्च की देर रात अस्पताल के बिस्तर से एक दिल दहला देने वाला वीडियो साझा किया. इस वीडियो में अनुराग दर्द से कराहते और चीखते नजर आ रहे हैं. स्ट्रेचर पर लेटे अनुराग को जब उनके दोस्त एक बेड से दूसरे बेड पर शिफ्ट करने की कोशिश करते हैं, तो उनकी चीखें पूरे वार्ड में गूंज उठती हैं.

**फिर से चल नहीं पाएंगे अनुराग ?**

अनुराग ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, जिंदगी में शायद फिर कभी चल पाऊंगा या नहीं, पता नहीं. इस एक लाइन ने उनके करोड़ों फैंस को चिंता में डाल दिया है.

इस वीडियो में वह अपनी सर्जरी के गहरे घाव और टांके भी दिखाते नजर आ रहे हैं. अपनी सेहत का अपडेट देते हुए अनुराग ने बताया कि उनकी एक मेजर सर्जरी हुई है, लेकिन इसके परिणाम काफी डराने वाले हैं. अनुराग के मुताबिक, सर्जरी के बाद उनका दाहिना पैर पूरी तरह सुन्न पड़ चुका है.

अनुराग ने आगे कहा, मैं अपनी इस टांग को बिल्कुल भी हिला नहीं पा रहा हूं. डॉक्टरों ने बताया है कि सर्जरी वाले हिस्से के नीचे का एरिया डैमेज हो गया है और नर्व (नसों) पर गहरा असर पड़ा है. मुझे नहीं पता कि ये कब ठीक होगा और कैसे ठीक होगा. वीडियो में उन्हें तेज खांसी भी आ रही है, जिससे उनके टांकों पर जोर पड़ता हुआ नजर आ रहा है और जोर पड़ने की वजह से वो दोबारा दर्द से तड़पते हुए भी दिख रहे हैं.

**140 की रफ्तार और वो खौफनाक मंजर**

ये हादसा 7 मार्च को हुआ था. अनुराग दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर अपनी लग्जरी कार 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ा रहे थे. दरअसल इंस्टाग्राम लाइव में ये मशहूर यूट्यूबर सुसाइड करने की कोशिश कर रहे थे, हाईवे पर तेजी से दौड़ने वाली उनकी गाड़ी पर से उन्होंने कंट्रोल छोड़ दिया और वो हादसे का शिकार हो गए.

## बिग बॉस फेम अरमान मलिक के घर फिर गूंजी किलकारी, चौथी बार मां बनीं पहली पत्नी

# पायल मलिक



यूट्यूबर और 'बिग बॉस ओटीटी 3' फेम अरमान मलिक के घर एक बार फिर खुशियों ने दस्तक दी है. अरमान की पहली पत्नी पायल मलिक चौथी बार मां बन गई हैं. पायल ने एक नन्हीं परी को जन्म दिया है, जिसके बाद मलिक परिवार में जश्न का माहौल है. खुद अरमान मलिक ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से एक बेहद प्यारी तस्वीर पोस्ट करते हुए फैंस के साथ यह खुशखबरी शेयर की है.मंगलवार को अरमान ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वो अपनी नन्ही बेटी को गोद में लिए नजर आ रहे हैं. फोटो में पायल मलिक अस्पताल के बेड पर लेटी हुई हैं और उनके चेहरे पर चौथी बार मां बनने की खुशी साफ झलक रही है. अरमान ने कैप्शन में लिखा, जच्चा-बच्चा सब ठीक है. हालांकि अरमान ने पोस्ट में जेंडर का खुलासा नहीं किया था, लेकिन सूत्रों के मुताबिक मलिक परिवार में इस बार बेटी का आगमन हुआ है.




**किसी 'चमत्कार' से कम नहीं थी ये प्रेग्नेंसी**

पायल मलिक के लिए ये सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था. पहले से ही तीन बच्चों (चिरायु और जुड़वां बच्चे अयान-तूबा) की मां पायल ने पिछले साल अगस्त में अपने व्लॉग के जरिए प्रेग्नेंसी का एलान किया था. पायल ने खुलासा किया था कि उन्होंने कंसीव करने के लिए कई बार IVF (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) का सहारा लिया, जो कई बार असफल रहा.लगातार नाकाम प्रक्रियाओं ने उन्हें इमोशनल रूप से तोड़ दिया था, इसलिए उन्होंने इस प्रेग्नेंसी को एक 'मिरेकल' यानी चमत्कार बताया. पायल ने अपने संघर्ष को याद करते हुए बताया था कि बड़े बेटे चिरायु के लिए भी उन्हें सालों इंतजार करना पड़ा था.

**विवादों से रहा है गहरा नाता**

अरमान मलिक अपनी दो शादियों को लेकर हमेशा चर्चा और विवादों में रहते हैं. अरमान ने साल 2011 में पायल से शादी की थी. इसके बाद 2018 में उन्होंने पायल की ही बेस्ट फ्रेंड कृतिका से दूसरी शादी कर ली. खास बात ये है कि अरमान ने पायल को तलाक दिए बिना ही ये कदम उठाया था. अरमान और कृतिका का भी एक बेटा है जिसका नाम जैद है.जब यह तिकड़ी (अरमान, पायल और कृतिका) 'बिग बॉस ओटीटी 3' में पहुंची, तो देशभर में हड़कंप मच गया था. लोगों ने उन पर पॉलीगैमी (एक से ज्यादा शादियां) को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा. हालांकि, तमाम विवादों के बावजूद इस परिवार की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है. अब ये देखना दिलचस्प होगा कि अरमान और पायल अपनी लाडली का क्या नाम रखते हैं!



# विचार एक्सप्रेस




**45 करोड़ की जमीन, कागजों पर 75 लाख की...**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएलएमए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। सिद्दीकी तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक और... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...




## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सेवा का सूर्योदय, इतिहास का सूर्यास्त नहीं

**अडिग संकल्प, अपराजेय इच्छाशक्ति और निस्वार्थ सेवा की प्रेरक भावना। 8,931 दिन मतलब 8,931 रातें जागना, 8,931 सुबहें नई उम्मीद, नई चुनौतियाँ और नए संकल्प लेकर उठना। उन्होंने कभी छुट्टी नहीं ली, कभी थकान को स्वीकार नहीं किया। गुजरात से दिल्ली तक की इस अद्वितीय और प्रेरक यात्रा में उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि लोकतंत्र में अगर इरादा मजबूत हो, तो कोई भी रिकॉर्ड असंभव नहीं है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जी-20 की अध्यक्षता कर चुका है, और वैश्विक पटल पर 'विश्वगुरु' बनने की ओर अग्रसर है।**

*जब सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य बन जाए, तब हर कदम इतिहास की सुनहरी धारा में अंकित हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह अद्वितीय और प्रेरक शिखर छू लिया, जो पहले केवल कल्पनाओं और स्वप्नों में ही संभव प्रतीत होता था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रारंभ हुई उनकी दूरदर्शी, संघर्षपूर्ण और प्रेरक यात्रा, और प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद, आज वे भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित, आदरणीय और जनप्रिय सरकार प्रमुख बन चुके हैं। पूर्व सिक्किम मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने यह जीवंत और अभूतपूर्व संदेश दिया कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास कितना अडिग, अपराजेय, अविचलनीय और प्रगाढ़ हो सकता है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 8,931 दिनों की अनवरत निष्ठा, अथक परिश्रम, निस्वार्थ समर्पण, हृदयस्पर्शी जनसंपर्क और हर नागरिक के कल्याण की अपार प्रतिबद्धता का अनमोल प्रतीक है। गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर आज तक मोदी जी की हर सुबह नई चुनौतियों और नए संकल्पों से शुरू हुई। 2001 में जब उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली, तब गुजरात आपदा और अराजकता के बीच जूझ रहा था। मात्र 13 वर्षों में उन्होंने उसे विकास का प्रतीक बना दिया - 'वाइब्रेंट गुजरात' से लेकर द्वीपों के कोनों तक बुनियादी ढाँचा, रोजगार और समृद्धि का ऐसा जाल बुन दिया, जो आज हर नागरिक के जीवन को छूता है। हर घर में बिजली, पानी, सड़क और स्वच्छता जैसी छोटी-छोटी बातें उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाकर 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र साकार किया। 8,931 दिनों में उन्होंने कभी व्यक्तिगत आराम नहीं लिया, कभी परिवार की चिंता नहीं की, सिर्फ राष्ट्र और जनता की भलाई की। यही कारण है कि आज हर गाँव, हर शहर में उनका नाम 'विकास पुरुष' के रूप में गूँजता है। 26 मई 2014 को जब उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब देश एक नए युग की दहलीज पर खड़ा था। 2019 और 2024 में लगातार जनता ने उन्हें चुनकर यह स्पष्ट कर दिया कि नेतृत्व में निरंतरता और दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण है। इन 4,319 दिनों के प्रधानमंत्रित्व में उन्होंने सिर्फ नीतियाँ नहीं बनाई, बल्कि करोड़ों जीवन संवार दिए। उज्ज्वला योजना से लेकर आयुष्मान भारत, जन धन योजना से लेकर डिजिटल इंडिया - हर योजना के पीछे छुपी है किसी गरीब परिवार, किसी किसान या किसी महिला की एक छोटी-सी उम्मीद और कहानी। 8,931 दिनों की इस सेवा में उन्होंने कभी राजनीतिक विरोध को बहाना नहीं बनाया, बल्कि हर चुनौती को अवसर में बदलकर दिखाया। यही उनका अद्वितीय और प्रेरक अंदाज है। आज जब हम 8,931 दिनों की गिनती करते हैं, तो हर दिन अपने आप में एक प्रेरक, साहसिक और उत्थानकारी कहानी बन जाता है। कभी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष, कभी वैश्विक महामारी में टीकाकरण का अद्भुत चमत्कार, कभी आर्थिक संकट के समय आत्मनिर्भर भारत के आदर्श का नारा - हर घटना में नेतृत्व की दृढ़ता और दूरदर्शिता झलकती है। मोदी जी ने यह स्पष्ट कर दिया कि चुना हुआ नेता केवल सत्ता का प्रतीक नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा, जनता के प्रति जिम्मेदारी और देशभक्ति का प्रतीक भी हो सकता है। उन्होंने पद की गरिमा कभी नहीं खोई, सत्ता के लालच में कभी नहीं डूबे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**दरअसल, हिंदी क्षेत्र घनघोर असंतोषी प्रजाति का अभ्यारण सा है। यहां कौन, कब, कहां और क्या कहेगा, तय कर पाना असंभव है। अनेक लोग कितनी घृणित सोच के हैं कि हर पुरस्कार सम्मान में ये लट्ठमलट्ठा शुरू कर देते हैं। हद है...शरम करो शरम। हर जगह जाति का टापू खड़ा करने वालों.. कहीं तो घटिया सोच से बाहर निकलो। क्यों ईर्ष्या में जले भुने जा रहे हो। ऐसा लगता है कि नई पीढ़ी के रचनाकारों का दिल बहुत छोटा है। वह स्वयं के अलावा किसी की प्रशंसा करना नहीं जानते। इनमें वरिष्ठता व कनिष्ठता की मर्यादा भी नहीं झलकती है। कुछ तथाकथित पिछड़े विधवा विलाप की रोटी कमाते हैं। ममता कालिया समर्थ रचनाकार हैं।**

# पुरस्कारों में भी आरक्षण मांग लो, सारा टंटा ही टूट जाए



रतिभान त्रिपाठी

**अब जिसके लिए लॉबिंग कर रहे हो, इसलिए कर रहे हो कि दबाव बनाकर उन्हें भी सम्मान दिला सको। सम्मान दिला दो, किसने रोका है लेकिन बांभनटोली के नाम का रोना धोना बंद करो। वैसे आप तो फिलहाल ऐसा कर सकते हो कि आपको जितने सम्मान पहले मिल चुके हैं, इसी खिसियाहट में विरोध स्वरूप वापस कर दो। आप सबको कसम है आपकी अपनी कलम की..।**

पुरस्कारों पर विवाद कोई नया विषय नहीं है। पहले का दौर ऐसा था कि किसकी रचना अच्छी, किसकी खराब, इस पर बहस होती थी किसी को पुरस्कार मिल जाने पर लेकिन इधर असंतोषी नहीं बल्कि विघ्नसंतोषियों की ऐसी विशाल फौज खड़ी हो गई है कि वह लेखक/रचनाकार हो न हो, विषय पर टिप्पणी करने की अधिकारी हो न हो, बस उसे मिसाइल की तरह फट पड़ना है। उनके इस फट पड़ने से पुरस्कृत लेखक का कितना चरित्रहन हो जाएगा, इसका उस फौज को न अनुमान है और न ही मतलब है। उसे हमला करना है तो बस, करना है। यह फौज विचार और लेखन के आधार पर लेखक/ रचनाकार और उसे सम्मान देने वाली संस्था/ निर्णायक मंडल की योग्यता और उच्चता के आधार पर बात नहीं करती, बल्कि उसकी जाति और वर्ग खोजकर हमला करती है। ख़ासतौर पर यदि पुरस्कृत लेखक और निर्णायक मंडल के सदस्य सवर्ण समुदाय का है तो। इस फौज या प्रजाति ने एक शब्द पकड़ रखा है ब्राह्मणवाद या बांभन। बस अगर पुरस्कार पाने वाला सवर्ण वर्ग से हैं तो उसकी बखिया उधेड़ने और लानत मलानत करने से ये जरा भी नहीं चूकते और उसके लिए खोज लाते हैं एक ऐसा गुर्गा जो गैर सवर्ण हो। चाहें वह दलित समुदाय से हो या राजनीतिक रूप से गढ़े गए शब्द पिछड़े समुदाय से। यदि गैर सवर्ण समुदाय को कोई पुरस्कार मिल जाए तो विवाद कतई नहीं खड़ा किया जाता है लेकिन सवर्ण समुदाय का होने पर विवाद खड़ा कर देना ऐसी फौज का परम धर्म बन जाता है। वह शब्दों का फरसा, बल्लम, कटारी, तलवार, गोली,बम, मिसाइल सब लेकर टूट पड़ते हैं और वैचारिक व्यभिचार करके अपने को ज्ञानी चतुर साबित करने से बाज नहीं आते हैं। हाल में ही 86 साल की प्रख्यात साहित्यकार ममता कालिया को उनकी बहुचर्चित कृति 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। उन्हें बधाई स्वीकारने मौका दिए बगैर ही इन विघ्नसंतोषियों ने जाति को बीच सड़क ला खड़ा किया। उनके लेखन की कसौटी पर कोई समुचित चर्चा या बहस होती तो भी समझ में आता लेकिन निर्णायक मंडल को ही बांभनटोली बताते हुए कठघरे में खड़ा कर डाला। माध्यम बनाया 75 पार के लेखक शिवमूर्ति को। उनके अनुसार शिवमूर्ति दलित समुदाय के हैं इसलिए बांभनटोली उन्हें कैसे यह पुरस्कार देती। जबकि जानकारी यह है कि शिवमूर्ति गड़रिया जाति के हैं और यह जाति सरकारी सूची के हिसाब से पिछड़े समुदाय में आती है। वैसे शिवमूर्ति सेल्स टैक्स विभाग में बढ़े अफसर रहे हैं। वह कितने पिछड़े होंगे, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। गांव में रहकर पारंपरिक काम करते हुए, खेती किसानी करते हुए यदि उन्होंने लेखन किया होता तो उनके पिछड़ेपन का हवाला दिया जा सकता था लेकिन तिल का ताड़ बनाने वालों को भला कौन रोक सकता है। उनके शब्द हैं और उनकी कलम.. जहां चाहें, हमला कर दें। इसी बीच शिवमूर्ति ने भी लगभग सफाई देने के




**ममता कालिया कौन सी जन्मजात बांभन हैं जो तुम्हारे अनुसार 'बांभनटोली' ने उन्हें उपकृत कर दिया। किसी दलित या गड़रिया के बजाय किसी बांभन को पुरस्कार दे दिया। देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षा मंत्री सब पिछड़े समुदाय से हैं। राष्ट्रपति दलित आदिवासी हैं। परिस्थिति और योग्यता उनके पक्ष में है, इसलिए वे सब अपनी जगह हैं।**

अंदाज में अपना दुख जाहिर किया। अपने चौथेपन का हवाला दिया और कहा कि अब उन्हें पुरस्कार का कोई लोभ-लालच, एषणा नहीं है। उनकी यह उद्घोषणा गोलबंद लोगों के लिए खाद-पानी भी हो सकती है या भीतर से छलका दर्द भी। वह पुरस्कार की रेस में थे भी या नहीं, पता नहीं चला लेकिन उनकी चर्चित कृति 'अगम बहै दरियाव' के बहाने विघ्नसंतोषी प्रजाति ने अच्छा खासा बखेड़ा तो खड़ा ही कर दिया। वैसे शिवमूर्ति को भी धैर्य रखना चाहिए। संभव है अगले वर्षों में उन्हें भी यह सम्मान मिल जाए। उन्होंने जो टिप्पणी की है, उससे बेहतर होता कि वह मौन रह जाते। जातीय गोलबंदी की नदी में बूड़ने-उतराने वालों से कोई पूछे कि निर्णायक मंडल की योग्यता के आगे इन सबकी की क्या क्षमता है, तो घिग्घी बंध जाएगी लेकिन इन्हें आखिर अपनी डफ़ली बजानी ही है। 'बांभनटोले' के नाम पर विधवा विलाप करने वाले जले मरे जा रहे हैं। अरे भाई अपने भीतर पहले लिखने की तमीज तो पैदा करो। ममता कालिया कौन सी जन्मजात बांभन हैं जो तुम्हारे अनुसार 'बांभनटोली' ने उन्हें उपकृत कर दिया। किसी दलित या गड़रिया के बजाय किसी बांभन को पुरस्कार दे दिया। देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षा मंत्री सब पिछड़े समुदाय से हैं। राष्ट्रपति दलित आदिवासी हैं। परिस्थिति और योग्यता उनके पक्ष में है, इसलिए वे सब अपनी जगह हैं। किसी दलित या पिछड़े समुदाय के व्यक्ति को उसकी योग्यता पर कोई पद प्रतिष्ठा या सम्मान मिले तो इसमें हर्ज क्या है। लेकिन लेखन जैसे अनारक्षित क्षेत्र में इस तरह का वितंडावाद फैलाने वालों! क्या बांभन, ठाकुर, बनिया, लाला इस देश के नागरिक नहीं हैं। उन्हें कोई पद, पुरस्कार पाने का अधिकार ही नहीं बचा है? तो ठीक है। उनके लिए अब समुद्र ही बचा है... फ़ेंक दो उसी में, फिर सारे पुरस्कारों की बंदरबांट कर लो भाइयों! अरे, इतना ही ईर्ष्या है तो कलम में दम पैदा करो। दरअसल, हिंदी क्षेत्र घनघोर असंतोषी प्रजाति का अभ्यारण सा है। यहां कौन, कब, कहां और क्या कहेगा, तय कर पाना असंभव है। अनेक लोग कितनी घृणित सोच के हैं कि हर पुरस्कार सम्मान में ये लट्ठमलट्ठा शुरू कर देते हैं। हद है...शरम करो शरम। हर जगह जाति का टापू खड़ा करने वालों.. कहीं तो घटिया सोच से बाहर निकलो। क्यों ईर्ष्या में जले भुने जा रहे हो। ऐसा लगता है कि नई पीढ़ी के रचनाकारों का दिल बहुत छोटा है। वह स्वयं के अलावा किसी की प्रशंसा करना नहीं जानते। इनमें वरिष्ठता व कनिष्ठता की मर्यादा भी नहीं झलकती है। कुछ तथाकथित पिछड़े विधवा विलाप की रोटी कमाते हैं। ममता कालिया समर्थ रचनाकार हैं। वह वरिष्ठ व मंजी हुई लेखिका हैं। उन्होंने विषय में मौन रहना उचित लगा और यह उनकी परिपक्वता की निशानी है। उन्हें सम्मान मिल गया है। अब जिसके लिए लॉबिंग कर रहे हो, इसलिए कर रहे हो कि दबाव बनाकर उन्हें भी सम्मान दिला सको। सम्मान दिला दो, किसने रोका है लेकिन बांभनटोली के नाम का रोना धोना बंद करो। वैसे आप तो फिलहाल ऐसा कर सकते हो कि आपको जितने सम्मान पहले मिल चुके हैं, इसी खिसियाहट में विरोध स्वरूप वापस कर दो। आप सबको कसम है आपकी अपनी कलम की..। ऐसा भी कर सकते हो कि पुरस्कारों में भी आरक्षण मांग लो। सारा टंटा ही टूट जाए।



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 08:46 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 14:49 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सुकर्मा, 20:05 |
| सूर्योदयः | 06:17 |
| सूर्यास्तः | 18:35 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 09:26-10:57 |
| विक्रमी संवत्ः | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### हुआ पाक संग खेल !

*बन रहा था चौधरी ।*
*नशा दिया उतार ।।*
*लगा पाक को झटका ।*
*इज्जत तार तार ।।*
*लेकर के मध्यस्थता को ।*
*भड़क उठा ईरान ।।*
*कंटेनर को खाली खाली ।*
*भेजा पाकिस्तान ।।*
*हुई है भारी बेइज्जती ।*
*गैस मिली ना तेल ।।*
*अमरीका के चक्कर में ।*
*हुआ पाक संग खेल ।।*
*बना हंसी का पात्र पाक ।*
*पल पल नया धमाका ।।*
*आई ऐसी नौबत उसका ।*
*खतरे में इलाका ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या लिवर को 'साफ' करने के लिए स्पेशल डिटॉक्स डाइट जरूरी है?

**आजकल** लिवर डिटॉक्स शब्द हेल्थ ट्रेंड बन चुका है, सोशल मीडिया पर तरह-तरह के जूस, हर्बल ड्रिंक्स और डिटॉक्स प्लान्स वायरल होते रहते हैं। दावा किया जाता है कि ये उपाय शरीर से टॉक्सिन्स निकालकर लिवर को नया जैसा बना देते हैं। कई लोग थकान, पेट फूलना, अपच, मुंह का कड़वापन या स्किन समस्याओं को सीधे लिवर में टॉक्सिन से जोड़ देते हैं और बिना डॉक्टर से सलाह लिए डिटॉक्स डाइट शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या वाकई हमारा लिवर इतना कमजोर है कि उसे बार-बार किसी स्पेशल डाइट से डिटॉक्स करने की जरूरत होती है?

**क्या लिवर को 'साफ' करने के लिए स्पेशल डिटॉक्स डाइट जरूरी है?:** डॉ. डी. चंद्रशेखर रेड्डी बताते हैं कि लिवर का काम खून को फिल्टर करना, दवाओं और अल्कोहल जैसे हानिकारक तत्वों को अलग करना और शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना है। लिवर दो चरणों में डिटॉक्स प्रक्रिया पूरी करता है, सबसे पहले टॉक्सिन्स को तोड़ता है और फिर उन्हें पानी में घुलनशील बनाकर किडनी या पित्त के जरिए बाहर निकाल देता है। यानी अगर आपका लिवर ठीक से काम कर रहा है तो शरीर को डिटॉक्स ड्रिंक




या किसी डिटॉक्स डाइट की जरूरत नहीं होती। डॉ. डी. चंद्रशेखर रेड्डी के अनुसार, बाजार में मिलने वाले कई लिवर डिटॉक्स प्लान वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित नहीं होते। कई बार ये डाइट बहुत कम कैलोरी वाली होती हैं, जिससे कमजोरी, चक्कर आना और मेटाबॉलिज्म धीमा होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कुछ हर्बल सप्लीमेंट्स बिना डॉक्टरी सलाह के लेने पर उल्टा लिवर को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। डॉ. डी. चंद्रशेखर रेड्डी कहते हैं कि लिवर को हेल्दी रखने के लिए क्रैश डाइट की जगहबैलेंस डाइट जरूरी है। डिटॉक्स शब्द का इस्तेमाल अक्सर मार्केटिंग के लिए किया जाता है, जबकि लंबे समय तक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने की असली जरूरत है।

**क्या लिवर के लिए हर्बल उपाय सुरक्षित हैं?:** आजकल कई लोग लिवर डिटॉक्स के नाम पर आयुर्वेदिक काढ़े, जड़ी-बूटियां या सप्लीमेंट लेने लगते हैं। हालांकि, आयुर्वेद में कई औषधियां लिवर के लिए लाभकारी मानी जाती हैं, लेकिन डॉ. डी. चंद्रशेखर रेड्डी सलाह देते हैं कि बिना एक्सपर्ट की सलाह के कुछ भी लेना खतरनाक हो सकता है। कुछ हर्बल प्रोडक्ट्स में भारी धातुएं या ऐसे तत्व हो सकते हैं जो लिवर पर अतिरिक्त दबाव डालें। इसलिए जरूरी है कि कोई भी उपाय अपनाने से पहले गैस्ट्रो या लिवर एक्सपर्ट से परामर्श लिया जाए।

**रिपोर्ट क्या कहती है?:** अमेरिकन लिवर फाउंडेशन के अनुसार, लिवर को 'डिटॉक्स' करने के लिए किसी विशेष डाइट या सप्लीमेंट की जरूरत नहीं होती है। लिवर स्वयं एक प्राकृतिक डिटॉक्सिफिकेशन अंग है जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को प्रभावी ढंग से बाहर निकालता है। कथित 'डिटॉक्स' प्रोग्राम का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है और वे हानिकारक भी हो सकते हैं। लिवर के स्वास्थ्य के लिए बैलेंस डाइट, नियमित एक्सरसाइज, वजन कंट्रोल और शराब से परहेज ही सबसे सुरक्षित और प्रभावी तरीके हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# धर्म और जाति को लेकर आए 'सुप्रीम आदेश' के राजनीतिक-सामाजिक मायने



कमलेश पांडेय

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें है और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर उद्देश्य यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए।**

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एक धर्मांतरित ईसाई पादरी से जुड़े मामले में आए इस नवीनतम फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। इससे हिन्दू समुदाय के दलितों और पिछड़ों को निशाना बनाकर धर्मांतरित करवाये जाने का पूरा खेल ही अब हतोत्साहित हो जाएगा। हालांकि, कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। कहने का तातपर्य यह कि ज्यूडिशियल एंटीबायोटिक पॉवर बढ़ाये बिना सम्बन्धित व्यक्ति या समूह का कल्याण नहीं होने वाला है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गत 23-24 मार्च 2026 को एक महत्वपूर्ण फैसला

**उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत के फैसले का आधार संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 है। जिसका क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही एससी श्रेणी में आ सकते है। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू है। एक, जिन धर्मों में जाति व्यवस्था नहीं है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते है।**

सुनाया, जिसमें कहा गया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म (जैसे ईसाई, इस्लाम आदि) में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। इस आदेश से एससी/एसटी आरक्षण लाभ और अत्याचार निवारण अधिनियम का संरक्षण खत्म हो जाता है। दरअसल, यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के आदेश पर आधारित है, जहां एक ईसाई पादरी को एससी/एसटी एक्ट के तहत संरक्षण से वंचित किया गया। क्योंकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 के अनुसार केवल निर्दिष्ट धर्मों के अनुयायी ही एससी लाभ ले सकते हैं। ईसाई या इस्लाम अपनाने पर जातिगत पहचान और लाभ दोनों समाप्त हो जाते हैं। इस फैसले के अहम राजनीतिक मायने हैं। यह फैसला धर्मांतरण पर आधारित आरक्षण दावों को रोक सकता है, जो दक्षिणपंथी दलों के लिए समर्थन बढ़ाएगा। वहीं, अल्पसंख्यक आरक्षण बहस (जैसे दलित ईसाई/मुस्लिम) को प्रभावित कर चुनावी राजनीति में हिंदू एकता पर जोर देगा। राज्य सरकारें ओबीसी/एससी सूचियों की समीक्षा के दबाव में आ सकती हैं। वहीं, इस फैसले के बाद धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़ी बहस जोर पकड़ सकती है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आलोक में फैसला दिया है, लेकिन कुछ मसले ऐसे होते है जहां कानून और जमीनी हकीकत आमने-सामने आ जाते हैं। भारत में जाति एक सच्चाई है, जिसे नहीं बदला जा सकता, लेकिन इससे जुड़ी बुराइयों को खत्म करने की तमाम कोशिश होनी चाहिए। जो राजनीतिक और न्यायिक अदूरदर्शिता वश नहीं हो पा रही है और तरह तरह के संवैधानिक विवाद जन्म ले रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय हितों को लगातार धक्का लग रहा है। जहां तक इस फैसले के सामाजिक प्रभाव की बात है तो धर्म परिवर्तन के बाद एससी/ओबीसी का लाभ न मिलने से सामाजिक न्याय की नीति मजबूत होगी, लेकिन धार्मिक रूपांतरण रोकने या जातिगत अस्मिता पर बहस तेज हो सकती है। चूंकि दलित समुदायों में हिंदू/सिख/बौद्ध रहने का दबाव बढ़ेगा, जबकि ईसाई/मुस्लिम समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। फिर भी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आरक्षण को ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस पर मौजूदा मोदी सरकार के वैचारिक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह सरकार दलित/ओबीसी हिंदुओं की एकजुटता व समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा और जटिल है। क्योंकि सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? गाहे बगाहे ऐसे मामले सामने आते रहे है, जिनमें दलित या ओबीसी समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# स्मार्ट बन रहा गन्ना किसान, तकनीक और प्रशिक्षण से बढ़ेगा उत्पादनः राज्यमंत्री

- पीलीभीत में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत गन्ना किसान गोष्ठी
- विशेषज्ञों ने बताए आधुनिक खेती के गुर किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने का प्रयास

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार







**कार्यक्रम के अंत में जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने सभी अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामभद्र द्विवेदी, मनोज साहू, राजेश कुमार, संजय श्रीवास्तव, प्रदीप अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।**

पीलीभीत। सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय गन्ना किसान गोष्ठी में किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, उन्नत बीजों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिले भर से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान भी जाना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्ना एवं चीनी मिलें विभाग के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गन्ना विकास परिषद के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने की अपील की।

### मोबाइल तकनीक से बदल रही खेती की तस्वीर

अपने संबोधन में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रदेश का किसान अब पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर तकनीकी रूप से सशक्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज किसान मोबाइल के माध्यम से एक क्लिक पर गन्ना पर्ची, मौसम की जानकारी, फसल सलाह और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है। सरकार का उद्देश्य किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही समय से गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली चीनी मिलों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्नत बीज और समय पर पर्ची वितरण से राहत उप गन्ना आयुक्त बरेली राजेश मिश्रा ने बताया कि पूरे मंडल में गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को समय पर गन्ना पर्चियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे खेती की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गन्ना समितियों से नियमित संपर्क बनाए रखें और विभागीय योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।

### वैज्ञानिक तरीके अपनाने से बढ़ेगी उपजः डॉ. एस.एस. ढाका

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. ढाका ने किसानों को गन्ना बुवाई से पूर्व बीज उपचार के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कवकनाशी से उपचारित बीज न केवल रोगों से सुरक्षित रहता है, बल्कि अंकुरण दर में भी वृद्धि करता है, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन बेहतर होता है। प्रभारी उद्यान अधिकारी आर.डी. गंगवार ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली को आधुनिक खेती की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि इस तकनीक से 80 से 85 प्रतिशत तक पानी की बचत संभव है। साथ ही इससे फसल की वृद्धि संतुलित होती है और उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलता है।

### अनुभव और संवाद से मिली नई दिशाः दिग्विजय सिंह

सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गोष्ठियां किसानों को नई जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें जागरूक बनाने का प्रभावी माध्यम बन रही हैं। वहीं प्रगतिशील किसान डॉ. हरमीत सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सही प्रबंधन, समय पर सिंचाई और उचित देखभाल से किसान 5-6 पेड़ी तक गन्ना उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

### राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का उद्बोधन

आज का किसान तेजी से स्मार्ट बन रहा है। मोबाइल तकनीक ने खेती को आसान और पारदर्शी बनाया है। सरकार किसानों को हर स्तर पर सहयोग दे रही है, ताकि वे अधिक उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा सकें। प्रगतिशील किसानों और समय से भुगतान करने वाली मिलों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

### जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव का उद्बोधन

वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद खेती को नई दिशा देता है। इस तरह की गोष्ठियों से किसानों को उन्नत तकनीकों और बेहतर प्रबंधन की जानकारी मिलती है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार होता है। विभाग किसानों की हर संभव मदद के लिए तत्पर है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# नवरात्रि महापर्व पर यशवंतरी देवी मंदिर में विशाल भंडारा, उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

**25 मार्च से लगातार चल रहा सेवा का क्रम, हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन ग्रहण कर रहे प्रसाद भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम**




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के प्रसिद्ध माता यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में इन दिनों आस्था, सेवा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा है। समाजसेवी एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुधीर तिवारी के नेतृत्व में 25 मार्च से शुरू हुआ विशाल भंडारा लगातार जारी है, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। 'जय माता दी' के जयकारों, भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। हर आने वाले श्रद्धालु का पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ स्वागत किया जा रहा है।

शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुए भंडारे में पूड़ी, कचौड़ी, गंगाफल सहित विभिन्न प्रकार के प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं के चेहरों पर संतोष और आस्था की झलक साफ नजर आई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोग इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए आयोजकों द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साफ-सफाई, लाइन व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे किसी को असुविधा न हो। आयोजक सुधीर तिवारी ने बताया कि नवरात्रि का यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक माध्यम भी है। उनका उद्देश्य है कि कोई भी श्रद्धालु बिना प्रसाद ग्रहण किए वापस न जाए। भंडारे में समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदीप सोनकर, हरगोविंद गंगवार, नरेंद्र गोस्वामी, राधेश्याम शर्मा, उमेश चंद्र शर्मा, मुकेश कुमार, रमाकांत वर्मा, सुमित कुमार, संजय मौर्य सहित अनेक लोग व्यवस्थाओं में जुटे रहे। भंडारे में सेवा दे रहे स्वयंसेवक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार यह भंडारा नवरात्रि के समापन तक लगातार चलता रहेगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु माता का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त कर रहा है, बल्कि समाज में भाईचारे, सहयोग और सेवा की भावना को भी नई दिशा दे रहा है। वहीं वरिष्ठ सपा नेता एवं समाजसेवी पंडित सुधीर तिवारी एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया नवरात्रि के इस पावन पर्व पर यह भंडारा माता यशवंतरी देवी की कृपा से निरंतर चल रहा है। हमारा प्रयास है कि हर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करे। इस आयोजन के माध्यम से हम सेवा और भाईचारे का संदेश समाज तक पहुंचाना चाहते हैं।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से सेतुओं की मरम्मत को मिली मंजूरी, पीलीभीत को बड़ी राहत

- सदर, बीसलपुर और पूरनपुर क्षेत्रों में जर्जर पुलों का होगा कायाकल्प
- आवागमन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल, लंबे समय से लंबित कार्यों को रफ्तार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



> जनपद पीलीभीत क्षेत्र के विकास के लिए आधारभूत संरचना को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। सेतुओं की मरम्मत और सुरक्षा कार्यों की स्वीकृति क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि किसानों और व्यापारियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है।
>
> **जितिन प्रसाद सांसद एवं केंद्रीय मंत्री।**

लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सदर, बीसलपुर और पूरनपुर विधानसभा क्षेत्रों में जर्जर सेतुओं की मरम्मत और सुरक्षा कार्यों को लेकर बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से इन क्षेत्रों में विशेष मरम्मत कार्ययोजना को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इससे हजारों ग्रामीणों और राहगीरों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।लंबे समय से प्रस्तावित पुलों और मार्गों की मरम्मत अब स्वीकृति मिलने के बाद तेजी से शुरू होने की संभावना है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। योजना के तहत कटैया नवादा, पनघेली नदी क्षेत्र, बनकटी मार्ग, माधोटांडा-कलीनगर मार्ग सहित कई स्थानों पर जर्जर पुलों और संपर्क मार्गों की मरम्मत की जाएगी। साथ ही बॉक्स कल्वर्ट, आरसीसी पुलिया निर्माण, पहुंच मार्गों के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा से जुड़े कार्य भी कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से विशेषकर बरसात के मौसम में आने वाली आवागमन की दिक्कतों से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को होगा लाभ

किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने बताया कि पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र को मॉडल क्षेत्र बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सेतुओं की मरम्मत और सड़क सुरक्षा कार्यों के पूरा होने से किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलेगी।

बेहतर संपर्क मार्ग बनने से गांवों की पहुंच बाजारों तक आसान होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने इस स्वीकृति पर खुशी जताते हुए योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। इस योजना के लागू होने से पीलीभीत जिले के सदर, बीसलपुर और पूरनपुर क्षेत्रों में आवागमन व्यवस्था में सुधार होगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

# भव्यता के साथ मना श्रीराम जन्मोत्सव, शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**परमठ मंदिर से निकली शोभायात्रा का शहरभर में हुआ भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा से गूंजा माहौल**

श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति के तत्वावधान में परमठ मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ मनाया गया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

जन्मोत्सव कार्यक्रम के उपरांत नव संवत्सर व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों और भाजपा पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके बाद परमठ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो जेपी रोड, चौक बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गौरीशंकर मंदिर पहुंची। वहां महंत द्वारा भोग आरती संपन्न कराई गई। आगे बढ़ते हुए शोभायात्रा सत्यनारायण मंदिर, साहूकारा, जमनी चौराहा, स्टेशन रोड, सुनगढ़ी, छतरी चौराहा, रेलवे स्टेशन, नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, जाटों का चौराहा और बड़ा गुरुद्वारा होते हुए पुनः परमठ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और व्यापारियों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। भोग आरती और प्रसाद वितरण के आयोजनों ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में महंत ओमकार नाथ शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को मजबूत करने वाला बताया।

# भाजपा सिख समाज की सबसे बड़ी हितैषीः संजय सिंह गंगवार

**गन्ना राज्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम को किया सम्बोधित**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि सिख समाज का हित भारतीय जनता पार्टी में ही सुरक्षित है। उन्होने कहा की भाजपा ने जनपद में सिख समाज के लोगो को बहुत सम्मान दिया है इसका प्रत्येक्ष उदाहरण जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर और अमरिया ब्लाक प्रमुख के महत्वपूर्ण पदो पर सिख समाज के लोगो को आसीन किया है। गन्ना राज्यमंत्री श्री गंगवार अमरिया क्षेत्र के बड़ेपुरा स्थित गुरूद्वारा के समीप वल एनर्जी स्टेशन का उद्घाटन करने के बाद वहा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के तहत उपस्थित सिख समाज सहित क्षेत्र के अन्य लोगो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा की सिख समाज का तराई के इस क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान है। भाजपा ने सिख समाज को महत्वपूर्ण पदो पर आसीन कर उनका मान बढ़ाया है और सिख समाज के हित भाजपा में पूर्णतया सुरक्षित है उन्होनें सिख समाज से भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने की अपील की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने इस मौके पर क्षेत्र के विकास कार्यो की चर्चा करते हुए कहा की भाजपा शासन काल में क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए है उन्होनें जिला मुख्यालय पर मेडिकल कालेज की स्थापना और अमरिया क्षेत्र में खमीर प्लांट की स्थापना का विशेष तौर उल्लेख किया। कहा कि अभी क्षेत्र में विकास के कई और महत्वपूर्ण कार्य किया जाना वाकी है उन्होनें अमरिया क्षेत्र के भरापचपेड़ा स्थित औधोगिक क्षेत्र में कई अन्य बड़े उधोग लगाये जाने की बात भी कही है। उन्होनें याद दिलाया की क्षेत्र का जो भी विकास हो रहा है वह सब क्षेत्र की जनता की बजह से और उनके द्वारा कमल खिलाये जाने के कारण हो रहा है उन्होनें उपस्थित सभी नागरिकों से भाजपा के साथ बने रहने की अपील की। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बड़ेपुरा गुरूद्वारा के समीप सर्वजीत सिंह छब्बा नये पैट्रोल पम्प का फीता काटकर शुभारम्भ किया इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, पूर्व प्रधान जसविन्दर सिंह, प्रधान केवल सिंह, सुरजीत सिंह बिल्लू, खजान सिंह, जसपाल सिंह, विक्रमजीत सिंह, हरविन्दर सिंह, सत्यपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बी0डी0सी0 आदि मौजूद रहे।

# ननिहाल में भाई-बहन पर हमला, महिला समेत चार पर मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

कोतवाली क्षेत्र में ननिहाल आए भाई-बहन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मामूली विवाद को लेकर महिला सहित चार लोगों ने दोनों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 18 मार्च की बताई जा रही है। क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी राज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बहन पिंकी देवी के साथ घुंघचाई क्षेत्र के गांव अजीतपुर बिल्हा स्थित अपने ननिहाल गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर नानी व अन्य लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीट दिया। शोर सुनकर जब उसकी बहन पिंकी बचाने पहुंची, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। घटना में दोनों भाई-बहन घायल हो गए पुलिस ने मोहब्बतपुर निवासी कलावती, अजीतपुर बिल्हा निवासी विमलेश कुमार, नीरज और भवानीगंज निवासी सत्यपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रमुख सचिव वन ने टाइगर रेस्क्यू सेंटर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। प्रदेश की प्रमुख सचिव (वन) वी. हेकाली झिमोमी ने दो दिवसीय दौरे के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर निर्माणाधीन टाइगर रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बृहस्पतिवार को वह पीलीभीत पहुंचीं और पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ अनुराधा वेमुरी के साथ पूरनपुर रेंज के गोपालपुर जंगल स्थित रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। वन अधिकारियों ने बताया कि टाइगर रेस्क्यू सेंटर का निर्माण चार चरणों में किया जा रहा है। वर्तमान में अंतिम चरण का कार्य चल रहा है, जिसमें शासन से प्राप्त 90.43 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जा रही है।

# पांच गुना मुनाफे का लालच और ठगी का सचः डिजिटल निवेश के नाम पर बिछा जाल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आधुनिक तकनीक और डिजिटल निवेश के बढ़ते चलन के बीच ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। जनपद में हाल ही में सामने आया मामला इस कड़वी सच्चाई को उजागर करता है कि 'जल्दी और ज्यादा मुनाफा' का लालच किस तरह लोगों को जाल में फंसा देता है। कथित 'एनएफटी' निवेश योजना के नाम पर दो लोगों से लाखों रुपये हड़प लिए गए, जिसके बाद थाना जहानाबाद में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी भी है। बरेली निवासी लईक अहमद और उनके पड़ोसी नसीम को आरोपियों ने आधुनिक डिजिटल निवेश का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया। खुद को एनएफटी कंपनी का संचालक बताने वाले शहादत खां और उसके साथियों ने आकर्षक दावे किए–कम समय में पांच गुना तक मुनाफा देने का भरोसा। शुरुआती दौर में विश्वास जीतने के लिए थोड़ी-बहुत रकम लौटाना ठगों की पुरानी चाल रही है, और इस मामले में भी वही हुआ। पीड़ितों ने क्रमशः लाखों रुपये निवेश कर दिए, लेकिन कुछ समय बाद भुगतान बंद कर दिया गया। जब पैसे की मांग की गई, तो टालमटोल और अंततः धमकियों का सहारा लिया गया–यह दर्शाता है कि ठगी अब केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि मानसिक उत्पीड़न का भी रूप ले चुकी है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि डिजिटल और तकनीकी शब्दों का इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। 'एनएफटी' जैसे जटिल शब्द आम व्यक्ति के लिए नए हैं, और ठग इसी अनभिज्ञता का फायदा उठाकर विश्वास पैदा करते हैं। मामले में नताशा गोयल ने स्पष्ट किया है कि प्रथम दृष्टया यह संगठित धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होता है और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस गिरोह ने और कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व का प्रमुख सचिव (वन) ने किया निरीक्षण, संरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर जोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**चूका इको टूरिज्म स्पॉट का लिया जायजा, छात्राओं के जंगल भ्रमण कार्यक्रम को दिखाई हरी झंडी**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचीं प्रमुख सचिव (वन) वी. हैकाली झिमोमी ने रिजर्व की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया। शुक्रवार को लखनऊ रवाना होने से पहले उन्होंने वन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा बैमूरी भी उनके साथ मौजूद रहीं। अपने प्रवास के दूसरे दिन उन्होंने सुबह चूका इको टूरिज्म स्पॉट का निरीक्षण किया और वहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग यहां आकर्षित हो सकें। इसके बाद प्रमुख सचिव मुस्तफाबाद पहुंचीं, जहां उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं के जंगल भ्रमण कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं में वन एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलता है।

उन्होंने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर पी.पी. सिंह और प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से संरक्षण कार्यों को मजबूती मिल रही है। प्रमुख सचिव ने वन एवं वन्यजीव प्रभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए चलाए जा रहे 'बाघ एक्सप्रेस' कार्यक्रम के तहत प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक का भी अवलोकन किया। सेवा समिति के सचिव महेश पाल के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। दोपहर बाद प्रमुख सचिव को मुख्य वन संरक्षक (रोहिलखंड) पी.पी. सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह, प्रभागीय निदेशक (वन एवं वन्यजीव) भारत कुमार डी.के., भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी हिमांशु बेलाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान तथा वन क्षेत्राधिकारी सहेन्द्र यादव ने ससम्मान विदाई दी।

इस दौरे से यह स्पष्ट हुआ कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण, पर्यटन विकास और जनजागरूकता को लेकर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है, जिससे भविष्य में इस क्षेत्र को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# हादसे में मानवता की मिसाल बने जिला गन्ना अधिकारी, घायल महिला को खुद पहुंचाया अस्पताल

## खाग-सराय टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार कार खाई में गिरी

**गन्ना अधिकारी श्री भार्गव की तत्परता से बची जान, हादसे के बीच संवेदनशीलता की मिसाल**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे के बीच इंसानियत की एक प्रेरक तस्वीर सामने आई, जब जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने अपनी संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय से एक घायल महिला की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। खाग-सराय टोल प्लाजा के पास हाइवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की भीड़ तो जुटी, लेकिन तत्काल मदद के अभाव में स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

तत्परता दिखाकर बचाई महिला की जान इसी दौरान वहां से गुजर रहे जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने हालात को भांपते हुए बिना देर किए मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने गंभीर रूप से घायल महिला को उसके परिजनों के साथ अपनी सरकारी गाड़ी में बैठाया और सीधे जिला अस्पताल पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण महिला को तुरंत उपचार मिल सका। चिकित्सकों के अनुसार समय पर सहायता मिलने से उसकी स्थिति में सुधार की संभावना बढ़ गई है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि खुशीराम भार्गव अपने कर्तव्यों के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी प्राथमिकता देते हैं। आपदा के समय उनकी तत्परता और संवेदनशीलता ने न केवल एक जीवन को बचाया, बल्कि समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

किसानों के बीच भी लोकप्रिय हैं जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव

खुशीराम भार्गव केवल एक जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं, बल्कि किसानों के बीच भी बेहद लोकप्रिय और सक्रिय माने जाते हैं। वे अक्सर खुद खेतों पर पहुंचकर किसानों को गन्ना उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी देते हैं और उन्हें बेहतर खेती के लिए प्रोत्साहित करते हैं। किसान उनकी कार्यशैली की सराहना करते नहीं थकते। उनका मानना है कि भार्गव जैसे अधिकारी न केवल प्रशासनिक दायित्व निभाते हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी पूरी संवेदनशीलता के साथ निभाते हैं।

# पोस्टमार्टम के बाद शवों के गांव पहुंचने पर मचा कोहराम, एक ही घर से उठी 3 अर्थियां

## मार्ग दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में मातम


मृतक पिता मोनू | मृतक बेटी लक्ष्मी | मृतक मां नीलम



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**


हरपालपुर।उन्नाव-कटरा राजमार्ग पर गुरुवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले एक ही परिवार के तीनों सदस्यों के शव शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव ईसेपुर पहुंचे। एक साथ घर उठी तीन अर्थियों को देख पूरे गांव में कोहराम मच गया और हर ग्रामीण की आंख नम हो गई। जानकारी के अनुसार,ग्राम ईसेपुर निवासी मोनू (30) अपनी पत्नी नीलम (28) की दवा लेने के लिए उन्हें और अपनी 10 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी को बाइक से सांडी ले जा रहे थे। ककरा गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मोनू जयपुर में प्राइवेट नौकरी करता था और होली की छुट्टियों में घर आया था। इस हादसे ने उसके दो मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता और बहन का साया हमेशा के लिए छीन लिया है। शाम को बेहद गमगीन माहौल में चियासर गंगा घाट पर तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। यहाँ मृतक मोनू और उनकी पत्नी नीलम का शव एक ही चिता पर रखा गया, जिन्हें मोनू के बड़े भाई अनिल राजपूत ने मुखाग्नि दी। वहीं, 10 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी के शव को घाट पर ही दफन किया गया।घटना के बाद से मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिन्हें संभालना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि ÷तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल परिजनों की तरफ से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।÷

# सोलर पावर प्लांट से कॉँपर वायर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरपालपुर।अरवल थाना क्षेत्र के मुरचिया गांव स्थित सोलर पावर प्लांट से अज्ञात चोरों ने कॉपर वायर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था।पुलिस ने डेढ़ में माह बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की हैं।

जानकारी के अनुसार,प्लांट में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात गार्ड इटावा जनपद के थाना जसवंत नगर के कैस्ता गांव निवासी रामअवतार पुत्र भारत सिंह ने दी गई तहरीर में बताया हैं कि मुरचिया गांव स्थित ओ.एम.सी. पावर प्लांट में बीती 9/10 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने प्लांट परिसर से कीमती %कॉपर वायर स्टिंग यूवी केबिल% चोरी कर लिया और बैग में भरकर फरार हो गए घटना की जानकारी तुरंत %डायल 112% को दी गई थी। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फोटो खींचे और बयान भी दर्ज किए थे। पुलिस ने घटना के डेढ़ माह बाद तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

# हरदोई में सपा नेता यदुनंदन लाल ने पार की मर्यादा की सीमाएं, प्रभु राम और शास्त्रों पर ‘अश्लील’ टिप्पणी से भड़का आक्रोश



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई÷ उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव यदुनंदन लाल राजपूत के एक बेहद अमर्यादित और विवादास्पद बयान ने पूरे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश पैदा कर दिया है। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए सपा नेता ने न केवल हिंदू धर्मग्रंथों की गलत व्याख्या की, बल्कि ऐसी ओछी और अश्लील भाषा का प्रयोग किया, जिसे सभ्य समाज में स्वीकार करना नामुमकिन है।

### धर्मग्रंथों का गलत हवाला और प्रभु राम का उपहास

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में सपा नेता यदुनंदन लाल वाल्मीकि रामायण का गलत संदर्भ देते हुए अश्वमेध यज्ञ और प्रभु श्री राम के जन्म को लेकर अत्यंत भद्दे और आपत्तिजनक शब्दों का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। भाषण के दौरान वे हंसते हुए इस 卐बेहूदा卐 प्रसंग को सुना रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वे जानबूझकर सनातनी आस्था का उपहास उड़ा रहे थे।

### भीड़ को उकसाने और समाज में जहर घोलने का प्रयास

सपा नेता ने अपनी बयानबाजी के दौरान प्रभु राम के अस्तित्व और पवित्रता पर सवाल उठाए। इस कृत्य को समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने ‘गंदी राजनीति’ और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश करार दिया है। वीडियो सामने आने के बाद हिंदू संगठनों और आम जनता में भारी उबाल है।

### सपा नेतृत्व पर उठे सवाल, गिरफ्तारी की मांग तेज

यदुनंदन लाल के इस कृत्य ने अब सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी (सपा) के शीर्ष नेतृत्व को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। लोग सोशल मीडिया पर सवाल पूछ रहे हैं कि क्या पार्टी अपने पदाधिकारियों को ऐसी अभद्र और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली बयानबाजी की छूट देती है?

### विधिक कार्रवाई की तैयारी

क्षेत्र के नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने और समाज में विद्वेष फैलाने के आरोप में यदुनंदन लाल के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। फिलहाल, पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो की जांच कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

# विधायक के निर्देश पर भतीजे ने अग्निपीड़ितों के घर पहुंचाई राहत सामग्री

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



क्षेत्र के ग्राम वैठापुर और वेहटा मुड़िया में लगी भीषण आग से दो परिवारों का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया था। साण्डी ब्लॉक के वैठापुर निवासी रतीराम और हरपालपुर ब्लॉक के वेहटा मुड़िया निवासी राजेश के घरों में आग लगने से अनाज, कपड़े और नकदी समेत पूरी गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ÷रानू÷ के निर्देश पर उनके भतीजे व दूरसंचार समिति के सदस्य दीपांशु ने गुरुवार की शाम को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को ढांढस बंधाया। उन्होंने विधायक की ओर से तत्काल राशन सामग्री उपलब्ध कराई और रेडक्रास सोसायटी टीम के माध्यम से घरेलू उपयोग की जरूरी वस्तुएं वितरित कीं। दीपांशु ने प्रशासन से वार्ता कर जल्द सरकारी आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के उपसभापति अखिलेश सिकरवार अनुपम व अन्य लोग मौजूद रहे।

# हिंदू धर्मग्रन्थो पर अभद्र बयान के आरोप सपा नेता पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरपालपुर।थाना क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के नेता यदुनंदन लाल वर्मा के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि एक सार्वजनिक सभा के दौरान उन्होंने हिंदू धर्मग्रंथों और प्रभु श्रीराम के संबंध में आपत्तिजनक और भ्रामक बातें कही थीं। पुलिस के अनुसार, यदुनंदन लाल वर्मा द्वारा वाल्मीकि रामायण, अश्वमेध यज्ञ और भगवान राम के जन्म को लेकर की गई टिप्पणियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका पैदा हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उपनिरीक्षक विजय शंकर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 196 बीएनएस और ढ्ढञ्ज एक्ट की धारा 67 के तहत मामला पंजीकृत किया है। हरपालपुर के क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर। गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है।



### कोतवाली पहुंचे सैकड़ों युवा, कार्रवाई की मांग

घटना के विरोध में क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने लामबंद होकर कोतवाली का पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया हैं ।आक्रोशित युवाओं ने कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा। युवाओं का कहना है कि आराध्य देव और धर्मग्रंथों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने युवाओं को उचित वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया हैं।

# बन्द मकान के अंदर सन्दूकों का ताला तोड़कर लाखो के जेवरात चोरी

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



थाना व कस्बा हरपालपुर निवासी शिवपाल पुत्र विश्राम सिंह के घर को लोगों ने उस समय निशाना बनाया, जब पूरा परिवार तीर्थ दर्शन के लिए गया हुआ था। पीड़ित 25 मार्च की शाम करीब 7 बजे अपने घर के कमरों में ताला लगाकर सपरिवार पूर्णागिरी देवी के दर्शन करने निकले थे। शुक्रवार की सुबह जब परिवार वापस लौटा, तो घर का मंजर देख उनके होश उड़ गए। घर के अंदर रखे दो संदूक के कुंडे टूटे हुए मिले और उनमें रखे सोने के दो हार, दो चेन, दो मंगलसूत्र, आठ अंगूठी, चार चूड़ियां और दो जोड़ी झाले गायब थे। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने कमरे की चाबी अलमारी से ढूंढकर ताला खोला और फिर संदूक तोड़कर लाखों के कीमती जेवरात पार कर दिए। पीड़ित शिवपाल ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही कुछ परिचितों पर संदेह जताया है, जिनका उनके घर पर अक्सर आना-जाना रहता था। आरोप है कि घर की स्थितियों से वाकिफ इन्हीं लोगों ने मौका पाकर इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# अफवाहों पर प्रशासन का सख्त एक्शन, डीएम-एसपी खुद उतरे मैदान में

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिले में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सक्रियता दिखाते हुए उरई, कोंच सहित विभिन्न क्षेत्रों के एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ पेट्रोल पंपों पर डीजल की अस्थायी कमी अवश्य पाई गई, जिसका प्रमुख कारण पिछले दिनों बढ़ी खपत एवं टैंकरों की समय पर आपूर्ति न होना रहा। वहीं एक स्थान पर पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद बिक्री बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।उरई एवं कोंच क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान किसानों ने डीजल की कमी से फसलों की बुवाई एवं कटाई प्रभावित होने की बात रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही भरोसा दिलाया कि उसी दिन आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा पेट्रोलियम कंपनियों से लगातार समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्टॉक उपलब्ध कराया जा रहा है।जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानों पर कृत्रिम संकट उत्पन्न करने की कोशिशें भी सामने आई हैं, जिन्हें सख्ती से चिन्हित कर समाप्त किया जा रहा है। ड्रम में डीजल वितरण पर रोक को समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम बताया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह से रात तक लगातार पेट्रोल पंपों की निगरानी की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न होने पाए। साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भंडारण से बचें। प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है तथा स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है।

# पिता की डांट से क्षुब्द पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के कुठौंदा में पिता की डांट से क्षुब्द पुत्र ने घर के कमरे में फांसी लगाकर ली। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी 24 वर्षीय बृजेंद्र पुत्र उमाशंकर शराब पीने के आदी थी। आए दिन वह शराब पीकर घर में झगड़ा करता रहता था।गुरुवार की शाम वह शराब पीकर घर पहुंचा, तो घर में कहासुनी होने पर पिता ने उसे डांट दिया था और इसके बाद सभी खाना खाने के बाद सोने चले गए। शुक्रवार की सुबह जब बृजेंद्र कमरे से बाहर न निकलने पर पिता ने जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चंद ने बताया कि मुहल्ले के लोगों ने शराब पीने की जानकारी दी है। फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मामला खुद व खुद साफ हो जाएगा।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ को साइबर फाड से वचाव व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा देने उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण में शुक्रवार को अरवल थाना क्षेत्र के बारामऊ मेले में चौपाल लगाकर मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ,व किशोरियों को साइबर फाड से बचाव व सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। महिला सशक्तीकरण के तहत अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के बारामऊ गांव में मिशन शक्ति अभियान के तहत उपनिरीक्षक कमलेश सेंगर व महिला आरक्षी मधुबाला ने महिला सुरक्षा व साइबर अपराध से बचने के लिए महिलाओ व किशोरियों तथा बच्चों को जागरूक करते हुए उन्हें पत्रक वितरित किये ।जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों व किशोरियों तथा आमजनों को साइबर ठगी,शोसल मीडिया पर फेंक एकाउंट,ऑनलाइन छेड़छाड़,हैकिंग,ओटीपी फाड,और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने बाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।मिशन शक्ति अभियान टीम में शामिल उपनिरीक्षक कमलेश सेंगर व महिला आरक्षी मधुबाला ने छात्राओं व बच्चों तथा महिलाओ को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके भी बताए तथा आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**उरई।** एट थाना क्षेत्र के जखौली गांव अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। एट थाना क्षेत्र के जखौली गांव निवासी अशोक कुमार की बेटी शशि कला उर्फ रिंकी 26 वर्ष का शव बृहस्पतिवार को घर के कमरे में लगे हुक से दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला। बताया गया कि घटना के समय परिवार के सभी लोग खेत पर काम करने गए थे। देर शाम जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने शशि कला को कमरे में फंदे पर लटका देखा। इसके बाद परिजनों ने आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतका के चाचा विजय ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। शशि कला के परिवार में पिता अशोक कुमार, मां भगवती देवी, तीन बहनें और दो भाई हैं। मामले में थाना प्रभारी पंकज पांडेय का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है।

# पोकलेड मशीन में दबकर युवक की मौत, घाट संचालक मौके से फरार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

खनन माफियाओं द्वारा खेले जा रहे लाल सोने के खेल में गुरुवार रात को घाट पर पोकलेड मशीन से कुचलकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद घाट संचालक के फरार होने से मामला संदिग्ध हो गया है। वही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घाट संचालकों पर मशीन चढ़ाकर मारने का आरोप लगाया है। बताया गया कि चिकासी घाट संख्या 24/15 शुरुआत से ही विवादों से घिरा रहने के कारण चर्चाओं में शुमार रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात को यहां पोकलैंड मशीन से दबकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान भारत राजपूत पुत्र स्वर्गीय हाकिम राजपूत उर्फ कल्लू राजपूत 25 वर्ष निवासी ग्राम बरसार थाना कोटरा के रूप में हुई है। भारत अपने परिवार का इकलौता सहारा था और घाट पर देखरेख का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक गुरुवार रात भारत घाट पर ही सो रहा था। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और देर रात उसके ऊपर पोकलैंड मशीन चढ़ा दी गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के बाद शव को छिपाने और दफनाने का प्रयास भी किया गया। उन्होंने इस घटना को हादसा नहीं बल्कि हत्या करार देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, घटना के बाद घाट संचालक के मौके से फरार होने की बात भी सामने आई है, जिससे मामले में संदेह और गहरा गया है। सूचना मिलने पर चिकासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध है और सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीजल-पेट्रोल की निर्बाध उपलब्धता को लेकर डीएम-एसपी ने सभी पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी वितरण के दिए निर्देश

## अफवाहों पर रोक, प्रत्येक 8 घंटे पर निरीक्षण के निर्देश जनपद में पर्याप्त ईंधन उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिले में डीजल एवं पेट्रोल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, एस्सार तथा जीओबीपी कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ईंधन आपूर्ति, वितरण व्यवस्था, पारदर्शिता तथा जनसामान्य को सुगमता से उपलब्धता कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाई जाए, जिसमें स्पष्ट रूप से अंकित रहे कि पेट्रोल एवं डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा उपभोक्ता आवश्यकता के अनुरूप ही डीजल व पेट्रोल खरीदें। उन्होंने कहा कि किसी भी पेट्रोल पंप पर डीजल या पेट्रोल की अनावश्यक कमी नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी स्थान पर स्टॉक कम होता है तो संबंधित कंपनी एवं पंप संचालक तत्काल अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करें, जिससे जनपदवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त पेट्रोल पंपों पर सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक 8 घंटे के अंतराल पर अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे और डीजल स्टॉक, रिजर्व स्थिति, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को डीजल व पेट्रोल उपलब्धता की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि डीजल वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए तथा किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से वितरण में बाधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कालाबाजारी, कृत्रिम संकट उत्पन्न करने, अनियमित वितरण अथवा उपभोक्ताओं को भ्रमित करने जैसी शिकायतें मिलने पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाहों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए और जनसामान्य तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि जनपद में डीजल एवं पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसलिए किसी भी प्रकार की घबराहट या पैनिक की आवश्यकता नहीं है।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित कंपनियों के पदाधिकारियों से कहा कि वे आपूर्ति श्रृंखला को सक्रिय एवं सुचारु बनाए रखें, ताकि किसी भी परिस्थिति में जनपद में डीजल व पेट्रोल की उपलब्धता प्रभावित न होने पाए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, सीओ, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग, टला हादसा

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पाल मड़ैया के पास जंगल में गुरुवार की शाम को आग लग गई। आग की लपटें उठते देख किसान चिंतित हो गए। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान पान सिंह निषाद ने दमकल टीम व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने तुरंत आग बुझाने का कार्य शुरु किया। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग को बुझा दिया गया। आग के कारण 100 से अधिक बबूल के पेड़ जल गए, इसके अलावा अन्य नुकसान नहीं हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग को बुझा दिया गया और लोगों से कहा कि जंगल की तरफ कोई भी जलती हुई बीड़ी, सिगरेट व चूल्हे की राख न फेंकें।

# डीएम की चेतावनी : जरूरत भर ही लें पेट्रोल-डीजल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारू उपलब्धता और वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने एसडीएम सदर एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ विभिन्न पेट्रोल पंपों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईंधन के स्टॉक, आपूर्ति और बिक्री व्यवस्था का जायजा लिया।

जिलाधिकारी सबसे पहले पकड़ी स्थित एक पेट्रोल पंप पहुंचे, जहां उन्होंने उपलब्ध स्टॉक की जानकारी ली। पंप संचालक के अनुसार पेट्रोल का कुल स्टॉक 34,002 लीटर था, जिसमें से लगभग 5,000 लीटर की बिक्री हो चुकी थी। वहीं डीजल का कुल स्टॉक 43,792 लीटर था, जिसमें 3,523 लीटर की बिक्री हुई। संचालक ने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा नियमित आपूर्ति की जा रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। हालांकि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के कारण लोग आवश्यकता से अधिक ईंधन खरीद रहे हैं, जिससे पंपों पर भीड़ बढ़ रही है। इसके बाद जिलाधिकारी महुअवा ढाला स्थित 'मा बोकड़ा देवी फिलिंग स्टेशन' पहुंचे। यहां भी बिक्री सामान्य रूप से संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल का स्टॉक 23,890 लीटर था, जिसमें 8,161 लीटर की बिक्री हो चुकी थी, जबकि डीजल का स्टॉक 14,419 लीटर था और केवल 91 लीटर की बिक्री दर्ज की गई। पंप संचालक ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में ग्राहकों की संख्या अधिक है, लेकिन आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है।

जिलाधिकारी ने सभी पंप संचालकों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में गैलन या डिब्बों में ईंधन की बिक्री न की जाए। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामान्य खरीद की सूचना तत्काल प्रशासन को देने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन से भी अपील की कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल की खरीद करें, ताकि सभी को समुचित मात्रा में ईंधन उपलब्ध हो सके और व्यवस्था बनी रहे।

जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जनपद में वर्तमान में कुल 134 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिन पर 1,036 किलोलीटर डीजल एवं 842 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है। 26 मार्च को जनपद में 650 किलोलीटर डीजल एवं 376 किलोलीटर पेट्रोल की बिक्री दर्ज की गई।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत, गेंहू कटाई के दौरान हुआ हादसा



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद के कोहड़ौर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरौली गांव में गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। गेंहू की कटाई के दौरान हाईटेंशन बिजली की चपेट में आने से एक 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

?मशीन ठीक करने के दौरान हुआ हादसा प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरौली निवासी मो. शहजाद (25 वर्ष) पुत्र मो. सैफगुरुवार दोपहर करीब दो बजे खेत में हार्वेस्टर मशीन से गेंहू की कटाई करवा रहा था। काम के दौरान उसे महसूस हुआ कि मशीन गेंहू सही ढंग से नहीं फेंक रही है। खराबी को देखने के लिए शहजाद जैसे ही मशीन के ऊपरी हिस्से पर चढ़ा, वहां से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की जद में आ गया। करंट की चपेट में आते ही युवक बुरी तरह झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण और परिजन आनन-फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# विद्यालय की सराहनीय पहल : प्रवेश शुल्क माफ, छात्राओं को मिलेगी विशेष छूट




**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर स्थित श्री जगतपाल रंगनाथ द्विवेदी इण्टर कालेज के प्रबंधक धवल द्विवेदी ने महंगाई के दौर में अभिभावकों को बड़ी राहत देते हुए उनके हित में कई बड़े फैसले किये हैं। धवल द्विवेदी ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि आगामी 1 अप्रैल से कक्षाओं का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जिसके लिए प्रवेश की प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ हो गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से शिक्षण शुल्क में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। छोटे बच्चों के लिए विशेष रियायत देते हुए एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं में प्रवेश शुल्क पूर्णतः माफ कर दिया गया है। वहीं कक्षा 1 से 5 तक के सभी नए और पुराने विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की भारी छूट दी जाएगी। धवल द्विवेदी ने बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं के प्रवेश शुल्क को आधा कर दिया है। अभिभावकों की जेब पर पड़ने वाले किताबों के भारी खर्च को कम करने के लिए विद्यालय प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों के स्थान पर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित राजकीय पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं जो बेहद किफायती हैं। कक्षा एलकेजी से पांचवीं तक की किताबों पर भी अभिभावकों को 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। विद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 25 मार्च से 5 अप्रैल के बीच अपने पाल्यों का प्रवेश सुनिश्चित करा लें ताकि 1 अप्रैल से बच्चे नियमित रूप से शिक्षण कार्य से जुड़ सकें।

# रन फॉर एम्पावरमेंट के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में शुक्रवार को मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रन फॉर एम्पावरमेंट अभियान के तहत पुलिस लाइन से महिला आरक्षियों की दौड़ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय द्वारा सीओ लाइन शिव नारायण वैस के साथ संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। दौड़ के माध्यम से ष्नारी सुरक्षा, नारी सम्मानष् का संदेश आमजन तक पहुँचाया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना, उनके प्रति होने वाले अपराधों के प्रति सजगता बढ़ाना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

## पांच बम के साथ हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की पट्टी कोतवाली पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को पांच जिंदा देशी बमों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है।

एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेद्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में पट्टी कोतवाली पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी इलाके के नारंगपुर के पास से दो अभियुक्तों अमित पांडेय उर्फबबलू एवं लालचन्द्र सरोज उर्फकुन्टल को पांच जिन्दा देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के बाद दोनों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से बरामद मोटर साइकिल को भ एमवी एक्ट में सीज कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त अमित पांडेय उर्फबबलू पट्टी के महदहा गांव का एवं लालचन्द्र सरोज उर्फकुन्टल आसपुर देवसरा थाना इलाके के लखनूडीह गांव का रहने वाला है।

# ज्ञान और संस्कार का मंदिर होता है शिक्षण संस्थान : कामेश्वर सिंह

**जन एक्सप्रेस । जहांगज आजमगढ़**



क्षेत्र के सैयद मोड़ के समीप नवनिर्मित एसकेडी लोटस क्रॉस वैली स्कूल का लोकार्पण गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं विधान परिषद सदस्य विक्रांत सिंह रिशू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के मुख्य द्वार पर लगे शीलापट से पर्दा हटाने के साथ ही साथ फीता काटकर किया ।लोकार्पण के बाद बतौर मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह ने कहा की शिक्षण संस्थान ज्ञान और संस्कार का मंदिर होता है जैसे मंदिरों में लोगों की मन्नतें पूरी होती है उसी प्रकार शिक्षण संस्थानों में नन्हे मुन्ने बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ उनमें बेहतर संस्कार एवं ज्ञान के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मजबूत आत्म बल एवं अटूट विश्वास का उदय होता है ।शिक्षण संस्थानों से ही निकल कर बच्चे राष्ट्र के विकास में अपना बेहतर योगदान करते हैं श्री सिंह ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है की शिक्षा के क्षेत्र में एसकेडी ग्रुप की शिक्षण संस्थानों द्वारा तमाम बेहतर प्रतिभाओं को निखारा गया है जिन्होंने विद्यालय के साथ जनपद का गौरव बढ़ाया है इस नई शाखा में नन्हे मुन्ने बच्चों की बेहतर नर्सरी तैयार की जाएगी जिन्हें आगे चलकर उच्च विद्यालयों में निखारने में सुविधा होगी। एमएलसी विक्रांत सिंह रिशु ने कहा की विद्यालय में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे ही राष्ट्र के भविष्य हैं इनके साथ किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए क्योंकि बच्चे अपने नाता-पिता से अधिक अपने गुरु की बातों का विश्वास रखते हैं और उनका अनुकरण करते हैं इसलिए शिक्षकों को भी आदर्श अनुकरणीय आचरण ही प्रस्तुत करना चाहिए भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य देवेंद्र सिंह ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में एसकेडी ब्रांड की शिक्षण संस्थाएं बेहतर करने का प्रयास करती आ रही है। विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार सिंह ने आगंतुकों के आधार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय में समस्त तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य है ताकी बच्चों को ज्ञान संस्कार के साथ-साथ तकनीकी जानकारी भी दी जा सके। उन्होंने अतिथियों के अलावा भाजपा नेता राम दर्शन यादव,ओमप्रकाश सिंह, शिव गोविंद सिंह, राजेंद्र यादव आनंद पांडेय, विजय ,कुमार सिंह भक्कू,एवं उपस्थित पत्रकारों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रमेश कनौजिया,पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख शमशेर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, दिलीप मिश्रा, आनंद गुप्ता ,पंकज कुमार सिंह झब्बू, राजेश सिंह, भूपेंद्र मिश्रा,श्रीकांत सिंह,प्रधानाचार्य अनामिका गांगुली, सुहीना ,हनी सिंह ,डब्बू सिंह,सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक नेता कमलेश राय ने किया।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के हथसारा गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि एक पक्ष ने राजस्व टीम की मौजूदगी में ही दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। जबकि एसडीएम पट्टी ने बताया कि उनकी मौजूदगी में मारपीट का आरोप निराधार है वो मौके पर गये ही नहीं थे। प्रार्थनापत्र की जांच के लिए राजस्व टीम मौके पर गई थी।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना इलाके के दहिलामऊ निवासी अधिवक्ता अजय कुमार वर्मा पुत्र सूरजपाल की कोहड़ौर थाना इलाके के हथसारा गांव में भूमिधरी जमीन है। पीड़ित अधिवक्ता के अनुसार शुक्रवार को क्षेत्रीय लेखपाल खुर्शीद आलम ने उन्हें फोन कर मौके पर बुलाया था। वहां एसडीएम पट्टी भी मौजूद थे। आरोप है कि जब अजय वर्मा अपनी जमीन के संबंध में अधिकारियों से वार्ता कर रहे थे, तभी गांव के ही रामकरन, हीरालाल, मोतीलाल, मनीष, पूजा, प्रमिला और जमुना प्रसाद ने एक राय होकर हमला बोल दिया। इस दौरान रमेश कुमार वर्मा और राम बहादुर वर्मा बचाने दौड़े तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने अधिवक्ता का मोबाइल छीन लिया और खेत में बोई गई करीब 50 हजार रुपये मूल्य की सरसों की फसल भी जबरन काटकर उठा ले गए। घटना के बाद घायल अधिवक्ता को उनके साथी जिला अस्पताल लेकर गये। मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कोहड़ौर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामकरन, हीरालाल, मोतीलाल, मनीष, पूजा, प्रमिला और जमुना प्रसाद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी धनंजय राय ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी एक पक्ष की तहरीर पर दूसरे पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र की जांच के लिए नायाब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौके पर गये थे। राजस्व टीम के सामने दोनों पक्षों में कोई मारपीट की घटना नहीं हुई थी। वहीं उनकी (एसडीएम) मौजूदगी के बाबत उन्होंने बताया कि हम मौके पर नहीं गये थे बल्कि तहसील में एसआईआर का कार्य देख रहे थे।

## डीएम की अध्यक्षता में नवरात्रि एवं रामनवमी के त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न

**महोबा।** जिलाधिकारी नें रामनवमी पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत के तारों को चेक कर लें तथा जल संस्थान के द्वारा निर्धारित समय में जलापूर्ति एवं पानी की टैंकरों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में साफ-सफाई व मुख्य चौराहे पर सजावट तथा सड़कों पर कूड़ा ना रहे सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि जुलूसों एवं आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा तथा शान्तिपूर्वक व कुशलता से आयोजन किया जाए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी कार्यक्रम प्रेम एवं भाईचारें के साथ शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस/प्रशासन को दें।

# पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के 6 वारंटी किये गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की बाघराय थाने की पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट से संबंधित मामले में शुक्रवार को कुल 6 वारंटी अभियुक्तों को एक साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना इलाके के बंशियारा गांव में 9 जुलाई 2019 को ग्राम प्रधान की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि ग्रामसभा की जमीन को आरोपियों द्वारा अपनी भूमिधरी जमीन बताकर ग्राम प्रधान के साथ गाली गलौज व मारपीट की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर छ आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। ?एसपी दीपक भूकर के निर्देशानुसार जिले में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना बाघराय के उपनिरीक्षक अमित द्विवेदी व उनकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान दिलीप सिंह, भूपेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू, गुलाब सिंह, सुन्दर उर्फ रामसुन्दर सिंह, महेन्द्र सिंह और देशराज सिंह के रूप में हुई है। ये सभी अभियुक्त थाना बाघराय के ग्राम बंशियारा के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार इनके खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था और न्यायालय द्वारा इनके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। बाघराय पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# शादी का झांसा देकर महिला सिपाही से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक महिला सिपाही को शादी का झांसा देकर युवक ने लंबे समय तक शारीरिक शोषण किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी व उसके परिजनों समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

?जानकारी के अनुसार रानीगंज थाने में तैनात एक महिला सिपाही कई वर्ष पहले कस्बा रस्तीपुर निवासी सोनू उर्फ वीर बहादुर के सम्पर्क में आई। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने शादी का वादा कर पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि वह अक्सर आरोपी के घर भी आती-जाती थी और शादी की बातें होती थी। ?जब महिला सिपाही ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता ने न्याय की उम्मीद में आरोपी के परिजनों और करीबियों से संपर्क किया लेकिन आरोप है कि उन्होंने मदद करने के बजाय उसे अपमानित कर भगा दिया। हार मानकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर आरोपी वीर बहादुर उर्फ सोनू, एक अज्ञात व्यक्ति, उसकी मां, बहन, मामा और जीजा सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। ?एसपी दीपक भूकर के निर्देश व एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में रानीगंज पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दांदूपुर रेलवे क्रासिंग पुलिया के पास से आरोपी वीर बहादुर को गिरफ्तार कर लिया।

## वीरभूमि एन एस एस स्वयंसेवी छात्रों ने जागरूकता रैली निकाल दिया यातायात नियमों का संदेश

**महोबा।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन छात्रों ने अपने-अपने शिविर स्थान में जागरूकता रैली निकालकर यातायात का संदेश दिया छात्रों ने सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग का अनुरोध किया बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरविंद कुमार ने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को मौलिक कर्तव्यों के साथ-साथ अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के स्वयंसेवी छात्राएं एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार, डॉ एस एस राजपूत डॉ सोवित गुप्ता,डॉ राम बिहारी पांडे आदि उपस्थित रहे।

# जनजागरूकता कार्यक्रम- मिशन शक्ति अभियान

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**




महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वासन्तिक नवरात्र पर्व के शुभ अवसर पर ÷मिशन शक्ति÷ विशेष अभियान फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 26.03.2026 को जनपद आजमगढ़ के संकल्प फाउंडेशन कार्यालय, गुरु टोला में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया

इस अवसर पर हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रीति उपाध्याय द्वारा घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इनके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में श्रीमती अनु सिंह (जेंडर स्पेशलिस्ट) द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री संजय शाही द्वारा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे÷

?? 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)
?? 181 (वन स्टॉप सेंटर)
?? 1090 (वूमेन हेल्पलाइन)
?? 112 (आपातकालीन सेवा)
?? 108 (एम्बुलेंस सेवा)
?? 102 (स्वास्थ्य सेवा)

के बारे में जानकारी देते हुए उनके उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरित किए गए एवं इस कार्यक्रम का संचालन जिला योजना समिति के सदस्य व सभासद श्री मोहम्मद अफजल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा बहुएं भी उपस्थित रहीं।

?? इस अवसर पर श्री मोहम्मद अफजल ने अपने वक्तव्य में कहा कि ÷महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।÷

इस अवसर पर आशा कार्यकर्ती नीतू सिंह प्रीति श्रीवास्तव, भानमती सोनकर, सुधा शर्मा, डिब्बन, शाहजहां, बेबी, आशा देवी, छाया सेठ, दीपा वर्मा, दुलारी देवी, गीता, लालमुनी देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

अंत में उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें।

# पुरानी पेंशन बहाली, टेट के सवाल पर जारी रहेगा रचनात्मक सहयोग : जगदम्बिका पाल

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बस्ती जनपद के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल को उनके सांगठनिक योगदान और शिक्षक हितों के लिये निरन्तर संघर्ष को देखते हुये नई दिल्ली के जनकपुरी स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

शिक्षक संघ के राष्ट्रीय संरक्षक सांसद जगदम्बिका पाल और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने माला पहनाकर अग वस्त्र देकर उदय शंकर शुक्ला को सम्मानित किया। कहा कि वे संघर्षशील शिक्षक नेता है और पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही टेट के नियमों को वापस कराने के लिये निरन्तर सघर्ष कर रहे हैं। सांसद जगदम्बिका पाल ने सुशील कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि निश्चित रूप से वे शिक्षक हितों के लिये रचनात्मक प्रयास करेंगे और समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली और टेट के सवाल को लेकर वे अपने स्तर से हर संभव पहल करेंगे।

राष्ट्रीय संरक्षक जगदम्बिका पाल ने कहा कि उदयशंकर शुक्ल ने शिक्षकों की समस्याओं के लिये जिस तरह से अपना रचनात्मक संघर्ष जारी रखा है ऐसा काम विरले लोग कर पाते हैं। उन्होने शिक्षक हितों के लिये अपना पूरा जीवन दांव पर लगा दिया है।

सम्मानित होने के बाद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि उनका पूरा जीवन शिक्षक हितों के लिये समर्पित है। जीवन के आखिरी क्षण तक वे शिक्षक हितों के लिये अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

बैठक में अनेक राज्यों के पदाधिकारी शामिल रहे । राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित होने के बाद राष्ट्रीय कार्यालय पर प्रथम बैठक सुशील कुमार द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें राष्ट्रीय संरक्षक सांसद जगदंबिका पाल ,अनुज त्यागी नरेश कौशिक गिरीश शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों ने उदयशंकर शुक्ल को सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

## नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के आरोपित पर केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है।

स्वजनों के द्वारा काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर आखिरकार थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

गायब किशोरी की मां के द्वारा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि गत 17 मार्च वह किसी काम से बाजार गई थी।

इसी बीच मौका पाकर डिहियां गांव निवासी मंगल उर्फ मंगरू मेरी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद आरोपी के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा है।

# जौनपुर में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज, तीन दिन में कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना समन्वय समिति की तृतीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएशन पोर्टल पर डिजिटल माध्यम से मकानसूचीकरण ब्लॉकों का गठन और प्रगणकों व पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारण का कार्य अगले तीन दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 10,000 से अधिक गणनाकर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। इन सभी का प्रशिक्षण अप्रैल माह में चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा, जिससे सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। प्रदेश शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, स्व-गणना प्रक्रिया 07 मई से 21 मई 2026 तक चलेगी, जबकि मकानसूचीकरण कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संपन्न कराया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) परमानंद झा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अरुण यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जौनपुर पुलिस का मिशन शक्ति अभियान

## वन गर्ल विद करेज इज अ रेवोल्यूशन' के साथ सिग्नेचर कैंप, महिलाओं को सुरक्षा का संदेश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



महिला सुरक्षा और जागरूकता को लेकर जौनपुर पुलिस का अभियान लगातार तेज़ी पकड़ रहा है। इसी क्रम में कोतवाली के बाहर मिशन शक्ति के तहत एक सिग्नेचर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि 'नारी ही जगत जननी है, नारी के बिना समाज की कल्पना करना बेईमानी है।' उन्होंने बताया कि 'हठ्ठद्र तद्बह्ण्य ड्ड्बह्ल्द्ध ष्ठश्चह्वह्ड्डद्दद्र द्बह्य- ऋ्न1श्चद्यह्वह्लद्धश्चठ्ठ' जैसे सशक्त नारे के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास और सुरक्षा का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनपद में महिलाओं को सुरक्षित माहौल का अहसास कराना है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक श्रृष्टि जैन, प्रभारी कोतवाली विश्वनाथ प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी शकरमंडी कंचन पांडेय, चौकी प्रभारी राज कॉलेज सुनील यादव सहित थाना व महिला पुलिस बल मौजूद रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्षा मनोरमा रामसूरत मौर्य द्वारा सिग्नेचर कर अभियान का शुभारंभ कर की गई।

सिग्नेचर कैंप में बड़ी संख्या में आम जनता ने भागीदारी निभाई और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे अभियानों के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# बस्ती की बेटी खुशी वर्मा का जूनियर नेशनल खो-खो के लिए चयन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



हरैया। बस्ती जिले की होनहार खिलाड़ी खुशी वर्मा ने खेल जगत में जनपद का नाम रोशन किया है। बालिका वर्ग में उनका चयन जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप (खो-खो इंडिया) के लिए उत्तर प्रदेश टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 30 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक उड़ीसा के कटक शहर में आयोजित की जाएगी।

कप्तानगंज विकास क्षेत्र गोपालापुर गांव निवासी पतिराम वर्मा की पुत्री खुशी ने कक्षा नौ में श्रीमती फुलबास सिंह रॉयल साइंस एकेडमी, कोयलपुरा में प्रवेश लेकर खो-खो की बारीकियां सीखना शुरू किया। लगभग तीन राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के बाद उनका राष्ट्रीय स्तर पर चयन उनकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रमाण है। इस वर्ष खुशी ने कक्षा 10 की परीक्षा दी है। उनके पिता किसान हैं।और माता गृहिणी हैं। बिजनौर में 21 से 23 मार्च को हुई जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में उनका चयन यूपी टीम के लिए हुआ। खुशी शुक्रवार को मनवर संगम ट्रेन से प्रयागराज पहुंचेंगी और वहां से उत्तर प्रदेश टीम के साथ ट्रेन द्वारा कटक के लिए रवाना होंगी। टीम के साथ कोच विनोद पटेल (प्रयागराज), विक्की गुप्ता (बिजनौर), यूपी खो-खो संगठन के संयुक्त सचिव मुकुल कुमार जटलान तथा एक महिला कोच भी रहेंगी। इस उपलब्धि पर जनता इंटर कालेज पोखरा बाजार के शारीरिक शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा के अतिरिक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षकगण, विद्यालय प्रबंधक एवं जिला खो-खो संघ के सचिव राम सिंह, मंडलीय संयोजक रणधीर सिंह, अखिलेश सिंह, जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, मंडलीय क्रीड़ा सचिव अमित यादव सहित सभी खेल प्रेमियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# कनोडिया सीमेंट ने के.के.इंटरप्राइजेज को सौंपी 'कंक्रीट गोल्ड' की डिस्ट्रीब्यूटरशिप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर भवन निर्माण क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके कनोडिया सीमेंट लिमिटेड ने जौनपुर जनपद के लिए अपने प्रतिष्ठित उत्पाद 'कंक्रीट गोल्ड' सीमेंट की डिस्ट्रीब्यूटरशिप की घोषणा कर दी है। कंपनी ने अहमदपुर स्थित के.के. इंटरप्राइजेज को अपना आधिकारिक जिला वितरक नियुक्त किया है।

कनोडिया सीमेंट लिमिटेड की डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए जनपद से सैकड़ों की संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे। कंपनी के उच्च मानकों और चयन प्रक्रिया की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए, के.के. इंटरप्राइजेज के अनुभव और कार्यकुशलता को प्राथमिकता दी गई।

कंपनी प्रबंधन ने भरोसा जताया है कि के.के. इंटरप्राइजेज के माध्यम से जौनपुर के उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण सीमेंट की पहुंच आसान होगी।

के.के. इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर प्रशांत यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 'कंक्रीट गोल्ड' सीमेंट केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता का प्रतीक है। उन्होंने कहाः

कंक्रीट गोल्ड सीमेंट भारतवर्ष में निर्मित होने वाली वह सीमेंट है जिसकी तकनीक और मजबूती वैश्विक मानकों को टक्कर देती है। हमें गर्व है कि कनोडिया सीमेंट लिमिटेड ने सैकड़ों आवेदकों के बीच हमें जौनपुर की जिम्मेदारी सौंपी है।

यह सीमेंट अपनी विशेष फिनिशिंग और लंबे समय तक चलने वाली मजबूती के लिए जानी जाती है। प्रशांत यादव ने आगे बताया कि यह उत्पाद न केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए उपयुक्त है, बल्कि आम नागरिकों के सपनों के घर को भी फौलादी मजबूती प्रदान करने में सक्षम है।

## दुर्घटना में एक की मौत सात लोगो की हालत गम्भीर

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

कल्याणपुर मोड़ के पास दो कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इनमें से एक युवक को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पिसावां के कुतुबनगर गड़ासा निवासी आकाश तिवारी (25) हरगांव के जोशीटोला स्थित अपनी ननिहाल में रहते थे। आकाश के मामा ने उन्हें खेती व मकान दे दिया था। बुधवार रात वह कार से हरगांव जा रहे थे। कल्याणपुर मोड़ के पास सामने से आ रही कार से उनकी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ कार में सवार जोशीटोला निवासी अंकुर (26) बुरी तरह से जख्मी हो गए। दूसरी कार में सवार लखीमपुर के पलिया निवासी रमेश सिंह, सत्यपाल सिंह, रामगोरी, खुशबू, महेंद्र सिंह व धनंजय सिंह जख्मी हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से अंकुर को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष बलवंत शाही ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# एडीएम ने किया कई गैस एजेंसियों का निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह ने आज जनपद में संचालित विभिन्न गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता, स्टॉक स्थिति तथा वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण का उद्देश्य आमजन को समय पर गैस उपलब्ध कराना तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी अथवा कृत्रिम अभाव की स्थिति को रोकना रहा।

निरीक्षण के दौरान पीके गैस सर्विस, गुरसहायगंज में 528 घरेलू भरे सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध पाए गए, जबकि 504 अतिरिक्त सिलेंडर अगले दिन प्रातः तक प्राप्त होने की जानकारी दी गई। कुल मिलाकर स्टॉक की स्थिति संतोषजनक पाई गई।

इसी क्रम में बाला जी भारतीय गैस सर्विस, सफियापुर जलालाबाद पर 39 घरेलू भरे सिलेंडर वितरण हेतु उपलब्ध पाए गए। स्टॉक रजिस्टर एवं भौतिक सत्यापन में स्थिति सही एवं व्यवस्थित पाई गई।

अश्विनी गैस सर्विस, तिर्वा पर निरीक्षण के समय 715 सिलेंडरों का वितरण हो चुका था तथा 31 घरेलू भरे सिलेंडर शेष स्टॉक में उपलब्ध पाए गए सहित अन्य गैस सर्विस केन्द्रों के निरीक्षण में भी घरेलू सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में पाई गई तथा वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित मिली।

अपर जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को निर्धारित समयसीमा में गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन रखे जाएं, पारदर्शिता बनाए रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर श्री सियाराम कुरील सप्लाई इंस्पेक्टर कन्नौज आदि उपस्थित रहे।

## सभी बाल विकास परियोजनाओं में हुआ कन्या पूजन



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जनपद की समस्त 09 बाल विकास परियोजनाओं में आज श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं का विधिवत पूजन कर उन्हें खिलौने, फल एवं अन्य उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कन्या सम्मान, स्नेह एवं सकारात्मक संदेश का प्रसार करना रहा।

बाल विकास परियोजना नगर के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र शेखाना में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार वर्मा स्वयं उपस्थित होकर 9 कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण अंग है, जो नारी सम्मान एवं समाज में समता के भाव को सुदृढ़ करता है।

इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी (नगर) अर्चना वर्मा, मुख्य सेविकाएं सुश्री शिवानी सेजवार एवं सुश्री सोनाक्षी सिंह सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां सुरती देवी, श्रीमती रजिया खातून, किशोरी देवी तथा रेशमा बेगम उपस्थित रही।

# मल्हनी हत्याकांड : पीड़ित परिवार के साथ खड़ी सपा, 2 लाख की आर्थिक सहायता सौंपा प्रतिनिधिमंडल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फूलपुर निवासी ललई यादव की दबंगों द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर गठित प्रतिनिधिमंडल ने ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मुलाकात की और 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधायक मल्हनी लकी यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, सदर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी तथा युवा नेता धीरज बिंद सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य, विधायक लकी यादव एवं पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने संयुक्त रूप से कहा कि 'हर पीड़ित ब्ब समाज का सदस्य है और समाजवादी पार्टी हर पीड़ित के साथ खड़ी है। पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर ज़िला उपाध्यक्ष हीरालाल विश्वकर्मा, ज़िला महासचिव आरिफ हबीब, ज़िला सचिव गुलाब यादव, मनोज कुमार मौर्य, क्षेत्रीय सभासद कृष्णा यादव, अशोक यादव (ज़िलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा), प्रिंस यादव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# रामनवमी पर डीएम का संदेश



मर्यादा, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं भगवान श्रीराम

**जन एक्सप्रेस जौनपुर**

जौनपुर रामनवमी के पावन अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि रामनवमी का पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, तपस्या, मर्यादा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने जीवनभर सत्य और धर्म के मार्ग का अनुसरण किया तथा माता-पिता और गुरुजनों के प्रति अटूट श्रद्धा और आज्ञाकारिता का परिचय दिया।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श समाज में सद्भाव, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने की प्रेरणा देते हैं। उनके जीवन से हर व्यक्ति को कर्तव्यपरायणता और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने की सीख मिलती है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस पावन पर्व को आपसी सौहार्द, शांति और हर्षोल्लास के साथ मनाएं तथा समाज में एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित करें। इसके साथ ही उन्होंने जौनपुर महोत्सव के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 45 मिनट इंतज़ार कर लौट गए मंत्री, भड़क कर लिख डाली पाती

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

राज्य सरकार में मंत्री असीम अरुण ने गुरुवार शाम को कन्नौज डीएम का 45 मिनट तक इंतजार किया लेकिन वह नहीं पहुंचे। इससे नाराज मंत्री कार्यक्रम छोड़कर चले गए। वाकया यूपी सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में हुआ।

थोड़ी देर बाद मंत्री ने डीएम आशुतोष अग्निहोत्री को पत्र लिखकर नाराजगी जताई। समाज कल्याण मंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी से सीख लेनी चाहिए। अनुशासन ही प्रशासन की नींव है। भविष्य में इसका ख्याल रखिएगा।

कुछ ही देर बाद भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भी सोशल मीडिया पर एक पत्र लिख कर अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर कर दी।

इस घटना से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार दोपहर मकरंदनगर तिराहे पर प्रदर्शन किया। डीएम-एसपी के खिलाफ नारेबाजी की। करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर विरोध जताया। सूचना मिलने पर मंत्री असीम अरुण खुद पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझाकर प्रदर्शन खत्म करवाया।

रोमा स्मारक में गुरुवार शाम 5.30 बजे डिस्कवर योर रूट्स (अपनी जड़ों को खोजें) कार्यक्रम होना था। सांस्कृतिक विभाग के कार्यक्रम में मंत्री असीम अरुण शाम 5.15 बजे पत्नी ज्योत्सना के साथ पहुंच गए लेकिन वहां कोई अधिकारी नजर नहीं आया। मंत्री भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया समेत कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर अधिकारियों का इंतजार करने लगे।

मंत्री ने 45 मिनट तक इंतजार किया लेकिन डीएम आशुतोष अग्निहोत्री और एसपी विनोद कुमार नहीं पहुंचे। इससे मंत्री नाराज हो गए। वह गेट से बाहर निकल गए और कार में बैठकर चले गए। उनके साथ भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी रवाना हो गए। हालांकि मंत्री के जाने के 10 मिनट बाद डीएम और एसपी पहुंचे। बताया जा रहा है कि मंत्री के करीबी माने जाने वाले प्रवीण टंडन के जरिए अफसरों ने उन्हें मनाने के प्रयास किए, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद डीएम ने कार्यक्रम करवाया।

मंत्री ने लिखा- अत्यंत खेद के साथ आपका ध्यान रोमा स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। मुझे शाम 5:30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। मैं तय समय पर पहुंच भी गया, लेकिन वहां न तो समय का पालन हुआ और न ही शिष्टाचार दिखा। मुख्य आयोजक एसडीएम वैशाली मेरे पहुंचने के करीब 15 मिनट बाद आईं, उसके बाद एडीएम पहुंचे। मैंने 45 मिनट तक कार्यक्रम शुरू होने का इंतजार किया। इस दौरान मंच से बार-बार कहा जाता रहा कि कार्यक्रम डीएम के आने के बाद शुरू होगा जबकि यह साफ नहीं था कि डीएम कब आएंगे। इससे स्थिति असहज हो गई। मजबूरी में मुझे कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा। एक लोक सेवक के रूप में सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय की पाबंदी और अनुशासन सीखना चाहिए। भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में समय का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। अनुशासन ही प्रशासन की बुनियाद है। मैं अपनी टीम से भी वही समयबद्धता चाहता हूं, जिसका पालन मैं खुद करता हूं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष भी भड़के

भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भी इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट एक चिट्ठी में लिखा है गत दिवस रोमा स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण जी के साथ जो व्यवहार और अव्यवस्था सामने आई, वह अत्यंत चिंताजनक और अनुचित है। एक अनुशासित और कर्मठ जनप्रतिनिधि के रूप में माननीय मंत्री जी निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे, लेकिन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों (एसडीएम, एडीएम एवं अन्य) की भारी देरी और वहां व्याप्त कुप्रबंधन के कारण उन्हें लगभग 45 मिनट तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। एक लोक सेवक और जन-प्रतिनिधि का समय क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित होता है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की कार्यशैली पूरे देश के लिए समयबद्धता और कड़े अनुशासन की मिसाल है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन की यह ढिलाई और गैर-जिम्मेदाराना रवैया शासन की मंशा के बिल्कुल विपरीत है।

मैं भारतीय जनता पार्टी, जिला इकाई कन्नौज की ओर से यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि इस पूरी घटना की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की है। जिला प्रशासन को इस घोर लापरवाही पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और अपनी ओर से आधिकारिक रूप से खेद प्रकट करना चाहिए। किसी भी वरिष्ठ जनसेवक को इस प्रकार उपेक्षित महसूस कराना न केवल व्यक्तिगत अनादर है, बल्कि ये जनपद की प्रशासनिक साख को भी धूमिल करता है। हम जिला प्रशासन से यह अपेक्षा करते हैं कि भविष्य में आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों में समय की गरिमा का पूर्ण ध्यान रखा जाए।

# डीएम ने की योजनाओं की प्रगति समीक्षा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बैंकर्स की जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बैंक लक्ष्य के अनुरूप ऋण जमा अनुपात सुनिश्चित करें।

खराब प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे सी0एम0 युवा उद्यमी योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, एन0आर0एल0एम0 सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभान्वित किया जाये। अस्वीकृत किये गये आवेदनों की पुनः समीक्षा किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त कारण के कोई भी आवेदन अस्वीकृत न किया जाये।

लम्बित आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

समस्त सरकारी विभागों को निर्देशित किया कि निरस्त किए गए आवेदन को पुनः बैंकों को प्रेषित करे।

# सिटी मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज, लखीमपुर खीरी में परीक्षाफल वितरण 'सार' समारोह हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**




लखीमपुर खीरी नगर के कपूरथला स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय सिटी मॉन्टेसरी इण्टर कॉलेज की हिन्दी माध्यम शाखा में गृह परीक्षाफल वितरण 'सार' का आयोजन किया गया। जिसमें प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग के टापर्स विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।समारोह का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धक विशाल सेठ, प्रबन्ध संचालिका लेखनी सेठ तथा प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार व अजय दीक्षित के द्वारा किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। प्री-प्राइमरी वर्ग (नर्सरी) में प्रथम पुरस्कार अबू सहमा, द्वितीय पुरस्कार अक्षत वर्मा एवम् तृतीय पुरस्कार आयुश तथा के0जी0 में प्रथम पुरस्कार अदिषी अवस्थी, द्वितीय पुरस्कार सत्यम एवम् तृतीय पुरस्कार फातिमा ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त नर्सरी के छात्र अरहान खान व के0जी के छात्र हमदान ने डायमंड पुरस्कार प्राप्त किया।

इसी क्रम में प्राइमरी वर्ग में कक्षा-1 से 5 तक क्रमशः अनुष्का वर्मा, नुजरा मिर्जा, अरनव जायसवाल, आर्यन राना व हार्दिक मिश्रा ने प्रथम व आइजा मिर्जा, दैविक गौड़, खुशी गुप्ता, दिव्यांश, अर्पित वर्मा ने द्वितीय तथा कृष्णा वर्मा, जान्हवी चौधरी, अब्दुल वहीद, अगम मिश्रा, दीपिका चौधरी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शिवांश पाठक (नर्सरी), नव्या (के0जी), माही वर्मा(कक्षा-2) आयुशी वर्मा (कक्षा-3) ने सर्वश्रेष्ठ यूनीफार्म पुरस्कार प्राप्त किया। सर्वाधिक प्रतिशत अर्जित करने वाली नर्सरी की छात्रा अदिषी अवस्थी तथा कक्षा-1 की छात्रा अनुष्का वर्मा ने 'प्लेटिनम पुरस्कार' तथा वैष्णवी (के0जी0), जान्हवी चौधरी (कक्षा-2), सर्वजीत (कक्षा-5) ने सर्वाधिक उपस्थिति पुरस्कार

## मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

एवं श्रृद्धा सारस्वत (कक्षा-3), उमैजा अंसारी(कक्षा-5), ने डायमंड पुरस्कार* प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक क्रमशः चाँदनी सिंह, अपूर्व वर्मा, अजरा मिर्जा ने प्रथम, यश वर्मा, अनिका सिंह, अरबाज अली ने द्वितीय तथा शुभी मिश्रा, अरबाज अली, आस्था मौर्या ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त रिया वर्मा (कक्षा-6), शिवम् (कक्षा-7), स्पर्श शुक्ला (कक्षा-8) ने डायमन्ड पुरस्कार प्राप्त किया। सर्वाधिक प्रतिशत अर्जित करने वाले कक्षा-8 की छात्रा अजरा मिर्जा ने 'प्लेटिनम पुरस्कार' वहीं सर्वाधिक उपस्थिति पुरस्कार ओज मिश्रा(कक्षा-6), अरमान अली व फजलुर रहमान(कक्षा-7), प्रज्ञा मौर्य(कक्षा-8) ने प्राप्त किया तथा सर्वश्रेष्ठ यूनीफार्म पुरस्कार लक्ष्य बरनवाल(कक्षा-6), अनुराजदीप (कक्षा-7) सूर्यास्कर सिंह (कक्षा-8) ने प्राप्त किया।

इसी क्रम में सीनियर वर्ग के कक्षा 9 व 11 में क्रमशः अनिकेत कुमार मौर्य, सत्यम शाक्य, शिफाली वर्मा, शौर्य गुप्ता, शीनू नाग, भविन सिंह ने प्रथम, अंश कुमार, मोहित कुमार, आजमी नाज, अक्षत सक्सेना, छवि सक्सेना, वैभव सोनी ने द्वितीय तथा दिव्यांशू मौर्य, पंकज, शिवांकी, इतिश वर्मा, अनुष्का वर्मा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा सर्वाधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले कक्षा-11(विज्ञान वर्ग) के छात्र शौर्य गुप्ता को 'प्लेटिनम अवार्ड' से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त सरफराज, आदर्श वर्मा, गुलनाज, नैतिक, मोहम्मद अनस, जान्हवी वर्मा व नित्यांश मिश्रा ने डायमंड पुरस्कार वहीं अविरल रस्तोगी, अयांश गुप्ता, अम्बिका सिंह, दिव्यांशु मिश्रा, आदित्य कुमार, अनामिका मौर्य व अक्षत गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ यूनीफार्म पुरस्कार प्राप्त किया तथा सर्वाधिक उपस्थिति पुरस्कार अताउर रहमान (कक्षा-9) एवं इतिश वर्मा (कक्षा-11) ने प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त पुरस्कार स्वरूप प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत पुरस्कार तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अन्त में प्रबन्धक विशाल सेठ, प्रबन्ध संचालिका लेखनी सेठ, प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह व प्राइमरी विंग इंचार्ज तनुजा गुप्ता ने आशीष वचन व भेंट स्वरूप पुरस्कार वितरित किए। विद्यालय प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में नवीन सत्र का शुभारम्भ 4 अप्रैल 2026 से प्रातः 7:30 बजे से होगा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं व स्टाफ मौजूद रहा।

# परिषदीय विद्यालय में नवारम्भ उत्सव का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



ब्लॉक कुंभी गोला स्थित परिषदीय संविलियन विद्यालय कन्या भुसौरिया में 'नवारम्भ उत्सव' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गोला देहात राजेश गिरि एडवोकेट और विशिष्ट अतिथि एआरपी विनोद कुमार गौतम उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि राजेश गिरि ने अपने कार्यकाल में विद्यालय में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के प्रति अपने लगाव को व्यक्त करते हुए कहा कि यदि उन्हें भविष्य में दोबारा मौका मिलता है, तो वे पंचायत के सभी विद्यालयों का बेहतरीन कायाकल्प करेंगे।

एआरपी विनोद कुमार गौतम ने अपने संबोधन में बालवाटिका के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की पहचान कर 3 से 4 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन बालवाटिका आंगनबाड़ी में कराया जाए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि निजी स्कूलों की तर्ज पर अब सरकारी स्कूलों में भी प्री-प्राइमरी शिक्षण कार्य के लिए 5-6 आयु वर्ग के बच्चों को पढ़ाने हेतु ईसीसीई एजुकेटर नियुक्त किए गए हैं।कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने पूर्ण रूप से भाग लिया। छोटे बच्चों ने गीत, कविता और कहानियाँ प्रस्तुत कीं, जिसका सभी ने आनंद लिया। अंत में सभी अतिथियों और अभिभावकों ने क्रियाशील बालवाटिका का भ्रमण किया, जहाँ अध्यापकों ने बच्चों की उंगली पकड़कर रेत पर अक्षरारम्भ कराया। बच्चों ने भी इस उत्सव का खूब आनंद लिया।प्रधानाध्यापिका पूनम शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिमानी दीक्षित, कविता सेन, श्रद्धा दीक्षित, रेशू वर्मा, इरम सहित विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह ने प्रशिक्षण पूर्ण होने पर जताया आभार

## गांव हजरतपुर पहुंचकर अपनों संग मनाई खुशीयां

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



जनपद लखीमपुर खीरी का लाल भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त करने एवं प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद जिला लखीमपुर खीरी के तहसील गोला, ब्लॉक बांकेगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत हजरतपुर निवासी लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह अपने गृह क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने सगे-संबंधियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों के सम्मान में एक आभार एवं मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह की प्रारंभिक शिक्षा श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज, पहाड़पुर खीरी में संपन्न हुई। इसके उपरांत उन्होंने रक्षपाल बहादुर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बरेली से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2019 में उन्होंने भारतीय सेना जॉइन कर अपने सैन्य जीवन की शुरुआत की और निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं लगन के बल पर अधिकारी पद तक का सफर तय किया। 11 दिसंबर 2025 को लखनऊ स्थित कमीशनिंग समारोह में भारतीय सेना की आर्मी मेडिकल कोर में उन्हें लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्रदान किया गया। इसके उपरांत उन्होंने ऑफिसर ट्रेनिंग कॉलेज, लखनऊ में अत्यंत कठिन एवं चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह की प्रथम नियुक्ति रांची में हुई है, जहां वे भारतीय सेना के अंतर्गत अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अपने गृह क्षेत्र पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह का वातावरण उत्साह और आत्मीयता से भरपूर रहा।

उपस्थित लोगों ने फूलमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ उनका अभिनंदन किया और उनकी उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर उनके पिता सरदार गुरमुख सिंह एवं माता बलविंदर कौर अपने पुत्र की सफलता से अत्यंत गौरवान्वित नजर आए। परिवारजनों ने इसे मेहनत, अनुशासन और ईश्वर की कृपा का परिणाम बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह ने कहा कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास से नहीं बल्कि परिवार, गुरुओं और मित्रों के सहयोग से संभव होती है।इस अवसर पर गोला कोतवाल संतोष कुमार सहित उनके शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों में प्रधान हरजिंदर सिंह, नवरूप सिंह, हरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, नरविंदर सिंह, सुखजिंदर सिंह, सुखबीर सिंह, हरप्रीत सिंह, नवजोत सिंह, गुरमीत सिंह, सोहन सिंह, जसविंदर सिंह, केवल सिंह, लखविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और उन्होंने लेफ्टिनेंट हरप्रीत सिंह को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# साहब...यहां इलाज नहीं, मौत का कारोबार! मानकों को दरकिनार कर संचालित 'यूनिवर्सल हॉस्पिटल

**आखिर कब तक आला अधिकारियों के रहमों करम पर चलते रहेंगे अवैध व मानक विहीन हॉस्पिटल**
**बगैर पंजीकरण धड़ल्ले से संचालित हो रहा यूनिवर्सल हॉस्पिटल, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली संदिग्ध**




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

चिकित्सा पद्धति आज लोगों के लिए रुपए कमाने का जरिया बन कर रह गया है यही कारण है कि शहर से लेकर देहातों तक झोलाछाप डाक्टर और आर्टिफिशियल अस्पताल कुकुरमुत्तों की तरह उग आए हैं जिनकी भेंट हर साल मासूम जनता चढ़ती हैं लेकिन इसके बाद भी इन स्वास्थ्य माफियाओं पर चिकित्सा विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता बस नोटिस थमा कर रह जाता हैं। कुछ समय के बाद हॉस्पिटलों के संचालकों से सांठ गांठ करके अधिकारियों की जेब का वजन बढ़ाकर फिर पुराने अंदाज में अपने काम पर लग जाते हैं और लोगों की जिंदगी और मौत के सौदागर बन जाते है।

जानकारी मुताबिक,खीरी जिले का स्वास्थ्य महकमा न तो सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज मुहैया करा पा रहा है और न ही अवैध हॉस्पिटलों को आज तक बंद करा पाया है यही कारण है कि लोग झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर हैं यह झोलाछाप जानकारी के अभाव में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं अब तक कई झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान ले चुके हैं।

अभी हाल ही में नवजात बच्चे और मां की मौत मामले में जिला मुख्यालय पर झोले में बच्चे को लेकर परिजनों ने बवाल भी काटा था हालांकि जिलाधिकारी के दखल के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई भी की लेकिन आज फिर वही पुराने अंदाज में कई हॉस्पिटल अपनी जगह क़ायम हो गए और फिर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया। खीरी जिले का स्वास्थ्य महकमा गंभीर नजर नहीं आ रहा है कुल मिलाकर अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सिर्फ नोटिस देने तक ही सीमित है।स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

जानकारी मुताबिक शहर से जुड़े बेहजम रोड, पानी की टंकी छाउछ, लखीमपुर शहर के अंदर स्थिति यूनिवर्सल हॉस्पिटल के नाम से एक आर्टिफिशियल अस्पताल संचालित बताया जा रहा है जिस पर स्वास्थ्य विभाग की असीम अनुकंपा बताई जा रही है।

इन दिनों यूनिवर्सल हॉस्पिटल का धंधा साहब के रहमो-करम से काफी फलता -फूलता बताने वाले यह भी बताते हैं कि मानकों को ठेंगा दिखाते हुए इस हॉस्पिटल में धड़ल्ले से छोटे-बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

हालांकि उक्त मामले में स्वास्थ्य विभाग के आला-अधिकारियों से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु कोई संतोषजनक जवाब नही मिल सका सूत्रों की मानें तो जिला मुख्यालय पर बैठने वाले एक बड़े डाक्टर की दया-दृष्टि यूनिवर्सल हॉस्पिटल पर है जो समय निकाल कर इस अस्पताल की निगरानी करने आते-जाते रहते हैं, जनचर्चा के अनुसार उनकी मोबाईल लोकेशन से उनकी उक्त अस्पताल में मौजूदगी की पुष्टि की जा सकती है।

अब देखना होगा क्षेत्र में गली मोहल्लों में सैलून की तरह खुले अवैध हॉस्पिटलों पर स्वास्थ्य विभाग क्या कार्रवाई करता है? या फिर मुंह में चूरन दबाकर यूं ही तमाशा देखता है।

### गरीबों की मजबूरी, दलालों की कमाई!

बेहजम क्षेत्र का अधिकांश इलाक़ा ग्रामीण है गरीब किसान, दैनिक मजदूरी करने वाले लोग आर्थिक तंगी के कारण शहर के अंदर नही जा पाते और नजदीकी निजी हॉस्पिटल में इलाज कराने को मजबूर होते हैं इसी मजबूरी का फायदा उठाकर कमीशनखोर दलाल मरीजों को अवैध हॉस्पिटलों तक पहुंचाने का काम खुलेआम कर रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि यूनिवर्सल समेत अन्य अवैध अस्पतालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके।

# ककवन पुलिस की कार्रवाई: शांति भंग करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ककवन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 27 मार्च 2026 को थाना ककवन क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा आपस में लड़ाई- झगड़ा, गाली-गलौज कर सार्वजनिक शांति भंग की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सोनू (25 वर्ष) पुत्र सुरेश, निवासी ग्राम छोटी कुरौली, थाना ककवन,

वासुदेव (करीब 23 वर्ष) पुत्र लाखन सिंह, निवासी ग्राम छोटी कुरौली, थाना ककवन,तथा विजय कुमार (20 वर्ष) पुत्र रामचन्द्र चौरसिया, निवासी ग्राम कुरेह, थाना ककवन शामिल हैं।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देशों तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम और सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के निर्देशन में थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यादवेन्द्र यादव एवं उपनिरीक्षक वरुण कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गोला से अयोध्या तक ड्यूटी तक के सफर को जबरदस्त सलाम

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

हनुमानगढी मे दर्शन कर पुलिस क्षेत्राधिकारी को साधुवाद दे रहे श्रद्धालु, नवरात्रि-रामनवमी के पावन मौके अयोध्या मे हनुमानगढ़ी में उमड़ी आस्था की लहर को संभालने पहुंचे लखीमपुर खीरी के गोला के तेज-तर्रार पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, 'मीठीबोली' अंदाज़ और जमीन से जुड़ी कार्यशैली से उन्होंने भारी भीड़ को पंक्तिबद्ध कर शांतिपूर्वक लाखो की संख्या मे पहूच रहे लोगो को दरेशन दर्शन करवाए। वही फोटो में साफ दिख रही उनकी मेहनत-श्रद्धा की जुगलबंदी ने प्रशासन और श्रद्धालुओं दोनों का दिल जीत लिया—अयोध्या की भीड़-व्यवस्था में लखीमपुर का यह पुलिस क्षेत्राधिकारी बना आकर्षण का केंद्र। इतना ही नही वहां के श्रृद्धालु भी सुगमता से करा रहे दर्शनो को लेकर सीओ के प्रति आभार जताई रहे है।



## चीनी मिल पलिया में माँ दुर्गा की चैत्र नवमी का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया में माँ दुर्गा की चैत्र नवमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधवत पूजा अर्चना इकाई प्रमुख ओ पी चौहान पत्नी सावी चौहान द्वारा सम्पन्न की गई, जबकि पंडित रामेंद्र मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन के उपरांत पवित्र हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। नवरात्रि स्थापना से लेकर अंतिम दिवस तक प्रतिदिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सपरिवार विधवत पूजा अर्चना की जाती रही। समापन दिवस पर अंतिम पूजा के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हवन यज्ञ में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन में आसवनी हेड उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दूवे, राजीव तोमर, यु के पांडेय, सहित कर्मचारियों एवं उनके परिवारो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कानपुर बन रहा यूपी का नया 'टूरिज्म हब'

# कुष्माण्डा देवी से खेरेश्वर धाम तक बदल गई मंदिरों की तस्वीर, साल 2025-26 में कानपुर में 66 लाख से ज्यादा सैलानी आए



> सरकार की योजना के मुताबिक, कानपुर के सभी खास मंदिरों और ऐतिहासिक जगहों को बेहतर बनाया जा रहा है। बिठूर और घाटमपुर जैसी जगहों पर सुविधाएं बढ़ने से न सिर्फ पर्यटक बढ़े हैं, बल्कि स्थानीय लोगों को भी फायदा हो रहा है।
>
> **अर्जिता ओझा, जिला पर्यटन अधिकारी**

> कानपुर नगर को पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाना हमारी प्राथमिकता है। शासन के निर्देशानुसार बिठूर से लेकर घाटमपुर और बिल्हौर तक के सभी प्रमुख पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य केवल बुनियादी ढांचा सुधारना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। कानपुर अब औद्योगिक नगरी के साथ-साथ एक प्रमुख 'टूरिज्म हब' के रूप में उभर रहा है।
>
> **जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर**

**जन एक्सप्रेस सनी राव मोघे**

- बिठूर की पावन धरा से घाटमपुर तक, हर तरफ दिख रहा विकास कार्य
- मेस्कर घाट पर निर्मित आकर्षक गजीबो पर्यटकों के लिए सेल्फी पॉइंट और विश्राम का मुख्य केंद्र
- करीब 184 लाख रुपये से होगा पनकी हनुमान मंदिर के बाहरी भाग का सुंदरीकरण

**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के पौराणिक और धार्मिक स्थलों को संवारने के अपने संकल्प को जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में कानपुर के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के दिन बहुरने लगे हैं। कभी उपेक्षा का शिकार रहे बिठूर से लेकर घाटमपुर और बिल्हौर के प्राचीन मंदिरों तक, अब विकास की चमक साफ दिखाई दे रही है। मेस्कर घाट पर निर्मित आकर्षक गजीबो अब पर्यटकों के लिए सेल्फी पॉइंट और विश्राम का मुख्य केंद्र बन रहे हैं।

### बिठूर: शिव मंदिर फसाड लाइटिंग है अद्भुत

क्रांति और अध्यात्म की धरती बिठूर अब एक नए रूप में पर्यटकों का स्वागत कर रही है। करीब 75 लाख रुपये की लागत से यहाँ घाटों की नींव मजबूत करने, आरसीसी रैंप बनाने, फ्लोरिंग और शानदार म्यूरल आर्ट (भित्ति चित्र) उकेरने का काम किया गया है। रात के समय हाईमास्ट लाइटों की रोशनी में गंगा का तट अब और भी भव्य नजर आता है। शिव मंदिर और हनुमान मंदिर में फसाड लाइटिंग आकर्षण का केंद्र है।

### गजीबो है आकर्षण का केंद्र

शहर के मेस्कर घाट की तस्वीर भी अब बदल गई है। मेस्कर घाट पर निर्मित आकर्षक गजीबो अब पर्यटकों के लिए सेल्फी पॉइंट और विश्राम का मुख्य केंद्र बन रहे हैं। इतना ही नहीं, 93.24 लाख रुपये के बजट से यहाँ पर्यटकों के लिए शेल्टर, चेंजिंग रूम, सैंड स्टोन फ्लोरिंग और एक भव्य 'वेलकम गेट' तैयार किया गया है। इससे गंगा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब एक बेहतर अनुभव मिल रहा है।

### पनकी हनुमान मंदिर का होगा सुंदरीकरण

पनकी हनुमान मंदिर के बाहरी भाग का सुंदरीकरण करीब 184 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसके लिए पूरा प्रारूप तैयार का लिया गया है। बजट स्वीकृत हो गया है। वहीं,कल्याणपुर के मझियारी देवी मंदिर में ?115.98 लाख से यात्री विश्राम हॉल, सीसी रोड, शौचालय, बाउंड्री वॉल और हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। अकबरपुर के राम-सीता मंदिर में ?44.49 लाख से सीसी टाइल्स और बाउंड्री बनाई गई है। कुडनी के हनुमान मंदिर में ?95.77 लाख से हॉल, शौचालय, इंटरलॉकिंग, सोलर लाइट और लैंडस्केपिंग का काम किया गया है।

घाटमपुर के कुष्मांड देवी मंदिर में ?90.63 लाख से यात्री हॉल, इंटरलॉकिंग और सोलर लाइट का काम हुआ है, वहीं मां भद्रकाली मंदिर में ?98.65 लाख से विश्राम गृह, शौचालय, सोलर लाइट और साइनेज लगाए गए हैं।

### अन्य प्रमुख विकास कार्य

इसी तरह सोमनाथ मंदिर में ?79.34 लाख से ओपन हॉल, बाउंड्री वॉल, गेट और हरियाली विकसित की गई है। बिल्हौर के खेरेश्वर शिव मंदिर में ?134.69 लाख से यात्री हॉल, आरओ वाटर कूलर, पत्थर के बेंच तैयार किए गए हैं। रावल देवी मंदिर और तालाब पर 104.74 लाख से विश्राम गृह, शौचालय, सोलर लाइट और हॉर्टिकल्चर का काम हुआ है, जबकि बाराही देवी मंदिर में 111.96 लाख से यात्री सुविधाएं, इंटरलॉकिंग और साइनेज लगाए गए हैं।

### 3 साल में पर्यटकों की संख्या दोगुनी बढ़ी

कानपुर में पर्यटन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, जिसका प्रमाण पिछले तीन वर्षों के आंकड़े दे रहे हैं। साल 2023 में कुल 28.19 लाख भारतीय और 3,756 विदेशी पर्यटक आए, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 42.64 लाख भारतीय और 4,334 विदेशी सैलानी हो गई। साल 2025 में विकास कार्यों के दम पर रिकॉर्ड 66.98 लाख भारतीय और 3,931 विदेशी पर्यटकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय से एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है, जिससे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान ख़ान और उनके परिवार को बड़ी कानूनी राहत मिली है। न्यायालय ने उनके विरुद्ध दर्ज एफआईआर (FIR) को पूरी तरह से रद्द (Quash) करने का आदेश जारी किया है। आप को बता दे यह मामला जनपद खीरी के थाना पलिया से संबंधित है, जहाँ रेहान ख़ान एवं अन्य के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 10/2026 विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। इस एफआईआर को चुनौती देते हुए रेहान ख़ान की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटीशन नंबर 412/2026 दाखिल की गई थी। कोर्ट की कार्यवाही और मेडिएशन मामले की सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों पक्षों को मेडिएशन सेंटर (मध्यस्थता केंद्र) भेजने का निर्देश दिया था। मेडिएशन सेंटर में हुई आपसी बातचीत और समझौते के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद पूरी तरह सुलझ गया। माननीय न्यायमूर्ति का आदेश मेडिएशन सेंटर की सकारात्मक रिपोर्ट और दोनों पक्षों की आपसी सहमति को आधार मानते हुए, माननीय न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन और माननीय न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि समझौते के आधार पर उक्त एफआईआर को समाप्त किया जाता है। इस फैसले के बाद रेहान ख़ान और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। कोर्ट के इस निर्णय से उन पर चल रहे सभी कानूनी विवाद अब पूरी तरह खत्म हो गए हैं।

# बालेंद्र शाह बने नेपाल के प्रधानमंत्री

## बालेंद्र शाह ने पीएम पद की शपथ ली, हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू**



भारत के पड़ोसी देश नेपाल में आज से नए युग की शुरुआत हो गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेता बालेंद्र शाह को आज नेपाल का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। जिसके बाद बालेंद्र शाह को पीएम पद की शपथ दिलाई गई। बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। नेपाली मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने बालेंद्र शाह को पीएम नियुक्त किया। जिसके बाद बालेंद्र शाह ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सत्ताधारी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार के लिए 14 मंत्रियों के नाम फाइनल किए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुदन गुरुंग को देश का नया गृह मंत्री बनाया जा सकता है। जेन जी आंदोलन से चर्चा में आए गुरुंग, गोरखा-2 सीट से चुनाव जीतकर सदन पहुंचे हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के पूर्व मेयर शाह बालेंद्र शाह को संविधान के आर्टिकल 76(1) के तहत इस पद पर नियुक्त किया। गुरुवार को आरएसपी ने शाह को अपने संसदीय दल का नेता चुना, जिससे उनके देश के 47वें प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। आरएसपी ने हाल के संसदीय चुनावों में लगभग दो-तिहाई बहुमत से बड़ी जीत हासिल की थी। बालेंद्र शाह ने शुक्रवार दोपहर 12:34 बजे राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पद और गोपनीयता की यह शपथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर सात शंखनादकों ने शंख ध्वनि के साथ मांगलिक शुरुआत की। परंपरा के अनुसार, शुभ कार्यों के आरंभ में शंखनाद को सफलता और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है।

### पूर्व पीएम को रिकॉर्ड वोटों के अंतर से हराया

शाह ने पूर्वी नेपाल के झापा-5 में पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को 49,614 वोटों के बड़े अंतर से हराया, उन्हें 68,348 वोट मिले, जबकि ओली को 18,734 वोट मिले। यह 1991 के बाद से नेपाल के संसदीय चुनावों में किसी भी उम्मीदवार को मिले सबसे ज्यादा वोट हैं। शाह ने 2022 में राजनीति में कदम रखा, जब उन्होंने काठमांडू के मेयर का चुनाव लड़ा और एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीते।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के नवनियुक्ति पीएम बालेंद्र शाह को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर श्री बालेन्द्र शाह को हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में व्यक्त किए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं भारत-नेपाल की मित्रता और सहयोग को, दोनों देशों की जनता के आपसी फायदे के लिए, और भी अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'

### भारत से की इंजीनियरिंग की पढ़ाई

27 अप्रैल, 1990 को काठमांडू में एक मधेसी परिवार में जन्मे शाह ने भारत में विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री करने से पहले काठमांडू में अपनी बैचलर डिग्री पूरी की। इंजीनियरिंग में उनके एकेडमिक बैकग्राउंड ने उन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास और पब्लिक वर्क्स की प्रैक्टिकल समझ दी। इसी तकनीकी विशेषज्ञता ने काठमांडू महानगरपालिका के महापौर (मेयर) के रूप में उनकी कार्यशैली और गवर्नेंस को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा, जयराम रमेश बोले, भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता हुई कमजोर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



देश में तेल और गैस की उपलब्धता को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि बीते एक दशक में भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 84% से बढ़कर 90% हो गई है, जबकि एलपीजी आयात 46% से बढ़कर 62% तक पहुंच गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस गैस का वादा किया गया था, वह अब तक सिर्फ वादा ही बनी हुई है। रमेश ने प्राकृतिक गैस के मुद्दे पर भी सवाल उठाते हुए 2005 में गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा कृष्णा-गोदावरी बेसिन में बड़े गैस भंडार की खोज के दावे का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में 2011 से 2016 के बीच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों में इसे 20,000 करोड़ रुपये का घोटाला बताया गया, जिसे बाद में ओएनजीसी में विलय कर छिपाया गया। इधर, पेट्रोल पंपों और एलपीजी एजेंसियों पर लंबी कतारों की खबरों के बीच सरकार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए किसी भी तरह की कमी से इनकार किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि देश में करीब 60 दिनों का कच्चे तेल का भंडार उपलब्ध है और एक महीने की एलपीजी सप्लाई सुनिश्चित की गई है। मंत्रालय ने इन खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक है और कहीं भी पेट्रोल-डीजल की राशनिंग नहीं हो रही है।




# 45 करोड़ की जमीन, कागजों पर 75 लाख की : ईडी ने अल फलाह के अध्यक्ष पर कसा शिकंजा, किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएलएमए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। सिद्दीकी तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक और प्रमुख शेयरधारक भी हैं।

### भूमि अधिग्रहण का खुलासा

ईडी के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय ने 24 मार्च को यह कार्रवाई की। एजेंसी ने आज शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की। यह गिरफ्तारी अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट और अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़ी जांच का हिस्सा है। जांच में अपराध की आय उत्पन्न करने और उसे सफेद करने का आरोप है। अल-फलाह समूह 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट से जुड़ी जांच के दायरे में भी है। ईडी ने 17 जनवरी को सिद्दीकी के खिलाफ अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दायर की थी। जांच में जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों का उपयोग कर धोखाधड़ी से भूमि अधिग्रहण का खुलासा हुआ है।

### भूमि अधिग्रहण में धोखाधड़ी

एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिद्दीकी ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलीभगत की। उन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार करने और निष्पादित करने की सुनियोजित योजना बनाई। इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर गांव में खसरा संख्या 792 वाली भूमि को अवैध रूप से हासिल करना था। यह भूमि लगभग 1.146 एकड़ है और इसका वर्तमान मूल्य करीब 45 करोड़ रुपये है। दस्तावेजों में बिक्री 75 लाख रुपये दिखाया गया था। हालांकि, वास्तविक लेनदेन मूल्य काफी अधिक होने का संदेह है।

### तीन साल जेल काट चुका जवाद अहमद

अल फलाह यूनिवर्सिटी का मालिक जवाद अहमद सिद्दीकी (61) तीन वर्ष जेल में बंद रह चुका है। वह पहले चिट फंड का काम करता था। उसके बाद उसने लोगों को पैसे नहीं दिए थे। उसके खिलाफ 14 से 15 प्राथमिकी दर्ज हुई थीं। माना जा रहा है कि उसने इन पैसों से यूनिवर्सिटी को खड़ा करने में लगाया। हालांकि बाद में उसने सभी लोगों का पैसा लौटा दिया। वह सभी केसों से बरी हो गया था। साल 2000 दर्ज हुई एफआईआर (संख्या 43/2000) में सिद्दीकी और उनके भाई सऊद अहमद का नाम दर्ज किया गया था, जो नई दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 406 और 409 (आपराधिक न्यास का उल्लंघन), 468 (धोखाधड़ी के लिए जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेजों का उपयोग) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज की गई थी। उन पर 7.5 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप था।

### इंजीनियरिंग की, जामिया में पढ़ाया भी

जवाद अहमद ने इंदौर से बीटेक सिविल इंजीजिनयर में किया हुआ है। इसके बाद उसने वर्ष 1992 में जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी में एसिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर नौकरी करना शुरू किया। यहां इसने जनवरी, 1994 तक नौकरी की। इसकी दोनों बहनें दुबई में रहती हैं। दोनों बेटे भी दुबई में रहते हैं।

### नौ कंपनियों से रहा संबंध

जवाद अहमद सिद्दीकी, अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का अध्यक्ष है, जो फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर चलाता है। फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी का संबंध नौ कंपनियों से है, जिसका मैनेजिंग ट्रस्टी जावेद अहमद सिद्दीकी है। सिद्दीकी इन नौ कंपनियों का डायरेक्टर है, जो कि इनवेस्टमेंट, शिक्षा, सॉफ्टवेयर, ऊर्जा, निर्यात और कंसल्टेंसी से जुड़ा है।

### आगे की जांच और न्यायिक प्रक्रिया

जांचकर्ता अब पूरे धन के स्रोत का पता लगाने में जुटे हैं। वे अन्य लाभार्थियों और अपराध की आय से कथित तौर पर हासिल की गई अतिरिक्त संपत्तियों की पहचान कर रहे हैं। सिद्दीकी को 25 मार्च को साकेत स्थित विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 4 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया है ताकि आगे की पूछताछ की जा सके। एजेंसी ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# लोकसभा : तीन विधेयकों पर जेपीसी की रिपोर्ट के लिए बढ़ी समय सीमा, जेल जाने पर व्यक्ति को पद से हटाने का प्रावधान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा ने शुक्रवार को तीन अहम संविधान संशोधन विधेयकों पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश करने की समय सीमा बढ़ा दी। अब यह रिपोर्ट 2026 के मानसूत्र सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक पेश की जाएगी। इन विधेयकों में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025; जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार, 2025 शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद अपराजिता सारंगी ने सदन में इस समय सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। इन प्रस्तावित संशोधनों में यह प्रावधान भी किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति गिरफ्तारी के बाद जेल जाता है, तो वह प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री पद पर नहीं रह सकेगा। साथ ही किसी आरोपी नेता को गिरफ्तारी के तीस दिनों के भीतर जमानत लेनी होगा। वरना 31वें दिन उसे पद से हटना होगा और ऐसा न होने पर वह अपने पद के लिए स्वतः अयोग्य हो जाएगा। इससे पहले नवंबर में संसद ने इन तीनों विधेयकों की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपराजिता सारंगी को समिति का अध्यक्ष बनाया। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 31 सदस्य शामिल हैं।

# आयात में विविधता और क्षमता विस्तार से ला रहे उर्वरकों की आपूर्ति में स्थिरता : जे.पी. नड्डा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच भारत सरकार कहा है कि देश के किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होगी। उर्वरक विभाग ने शुक्रवार को इस मामले पर आधिकारिक बयान दिया। इसमें कहा गया कि घरेलू उत्पादन के लिए उर्वरकों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने और भू-राजनीतिक जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से संसाधन-समृद्ध देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोकसभा में बताया कि घरेलू प्रतिस्थापन को बढ़ावा देने के लिए सरकार पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी योजना के तहत क्षमता विस्तार को प्रोत्साहित कर रही है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय के बयान में सरकार ने आयात पर निर्भरता और मिट्टी के पोषक तत्वों के असंतुलन से निपटते हुए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### हरित अमोनिया पर सरकार का जोर

वर्तमान में, उर्वरक कंपनियां 59.65 लाख मीट्रिक टन की संयुक्त वार्षिक क्षमता वाले नए डीएपी/एनपीके संयंत्रों के साथ-साथ 44.21 लाख मीट्रिक टन की क्षमता वाले फॉस्फोरिक और सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र स्थापित कर रही हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत, उर्वरक क्षेत्र के लिए 7.24 लाख मीट्रिक टन हरित अमोनिया की खरीद का प्रावधान किया गया है।

### कुशल उर्वरक उपयोग को बढ़ावा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मिट्टी परीक्षण-आधारित संतुलित निषेचन की सिफारिश करता है। यह केवल नाइट्रोजन पर अत्यधिक निर्भर रहने के बजाय एनपीके उर्वरकों के संतुलित अनुप्रयोग की ओर से पूरक है। बयान में कहा गया है कि नाइट्रोजन के विभाजित अनुप्रयोग, उर्वरकों के उचित स्थानन, और पोषक तत्वों के नुकसान को कम करने के लिए धीमे-रिलीज उर्वरकों, नीम-कोटेड यूरिया और नाइट्रीफिकेशन इनहिबिटर के उपयोग जैसी प्रथाओं के माध्यम से कुशल उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। आईसीएआर किसान प्रशिक्षण, प्रदर्शनों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी लगा हुआ है, ताकि अत्यधिक यूरिया की खपत को कम करने, संतुलित पोषक तत्व अनुप्रयोग सुनिश्चित करने और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सके।

# न्यायिक रिक्तियों में देरी बर्दाश्त नहीं : सीजेआई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



देश की न्याय व्यवस्था में तेजी लाने की दिशा में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीजेआई ने देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र लिखा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि जजों के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया में अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पत्र की सबसे खास बात महिला जजों की नियुक्ति को लेकर सीजेआई का सख्त रुख है।

### अपवाद नहीं, नियम के रूप में देखना चाहिए : सीजेआई

सीजेआई सूर्यकांत ने अपने पत्र में जिक्र किया है कि उच्च न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी काफी कम है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट कॉलेजियम को महिला जजों की नियुक्ति को अपवाद के तौर पर नहीं, बल्कि सामान्य नियम के रूप में देखना चाहिए। मेधावी महिला वकीलों को बेंच का हिस्सा बनाना केवल संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता लाने के लिए अनिवार्य है।

### 'अब इच्छाशक्ति की जरूरत'

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने बताया कि जिला अदालतों में महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या लगभग 36.3 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जब निचली अदालतें इतना मजबूत है, तो इसका असर उच्च न्यायपालिका में भी दिखना चाहिए। उन्होंने हाईकोर्ट कॉलेजियम से आग्रह किया कि वे अपना दायरा बढ़ाएं। सीजेआई सूर्यकांत ने सुझाव दिया कि हाईकोर्ट उन महिला वकीलों के नामों पर भी विचार करें जो उनके राज्यों से ताल्लुक रखती हैं लेकिन वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही हैं।

### खाली होने से पहले ही शुरू हो चयन प्रक्रिया

अक्सर देखा गया है कि जज के रिटायर होने के महीनों बाद तक पद खाली रहता है। इस पर भी सीजेआई ने सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि वैकेंसी होने का इंतजार न करें; पद खाली होने से पहले ही नामों की सिफारिश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी जानी चाहिए।